# Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज *Published from Ranchi*

Ranchi ● Tuesday, 27 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 41 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**सुविचार**

जो व्यक्ति अपना पक्ष छोड़कर दूसरे पक्ष से मिल जाता है, वह अपने पक्ष के नष्ट हो जाने पर स्वयं भी दूसरे पक्ष द्वारा नष्ट कर दिया जाता है।

वाल्मीकि



12

सनी की स्प्लिट्सविला फाइव के होस्ट के...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 72,790.13 |
| निफ्टी | : | 22,122.05 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,920 |
| चांदी | : | 76.00 |


(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की वीसी डॉ अंजिला गुप्ता सहित राज्य के 5 विश्वविद्यालयों के कुलपति नियुक्ति को झारखंड हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

## मजदूर नेता अंजनी कुमार पांडेय की ओर से दायर की गई है याचिका, कुलपतियों को भी बनाया गया प्रतिवादी

**EXCLUSIVE**

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता सहित राज्य के पांच विश्वविद्यालयों के कुलपति की नियुक्ति को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। इसमें से एक विश्वविद्यालय के कुलपति से पहले ही इस्तीफा ले लिया गया है.। वर्तमान में चार लोग अपने पद पर सेवा दे रहे हैं। सोमवार को इस मामले में सुनवाई होने वाली थी। बेंच बदलने के कारण इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। आगामी चार मार्च को इस मामले में सुनवाई की नई तिथि निर्धारित की गई है। इस मामले के याचिकाकर्ता अंजनी कुमार पांडेय का आरोप है कि राज्य के पांच विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नियमावली का अनुपालन नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मनोज कुमार चौधरी ने द फोटोन न्यूज को बताया कि आगामी चार मार्च को सुनवाई की नई तिथि निर्धारित की गई है। याचिका में कुलपति के पद पर चुने गये लोगों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। पहले यह मामला न्यायमूर्ति राजेश शंकर की बेंच में लंबित था। अब इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की बेंच में होनी है।




● बेंच बदलने के कारण आज होने वाली सुनवाई टली, चार मार्च की नई तिथि तय

### पहले ही हटाये जा चुके हैं प्रो सुखदेव भोई

धनबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुखदेव भोई को कुलपति के पद से पहले ही हटाया जा चुका है। राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें गत अक्टूबर 2023 में पद मुक्त कर दिया था। भोई पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे।

### याचिकाकर्ता ने इन्हें बनाया प्रतिवादी

- द स्टेट ऑफ झारखंड
- द यूनियन ऑफ इंडिया
- प्रिंसिपल सेक्रेटरी उच्च शिक्षा
- निदेशक, उच्च शिक्षा
- प्रिंसिपल सेक्रेटरी राज्यपाल
- ओएसडीजे, समन्वयक खोज एवं चयन समिति
- शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
- यूजीसी
- कुलसचिव, झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी
- कुलसचिव, रांची विवि
- कुलसचिव, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी
- कुलसचिव, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय
- कुलसचिव, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी
- प्रो डॉ टीएन साहू, वीसी, झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी
- प्रो सुखदेव भोई, वीसी, बिनोद बिहारी महतो, कोयलांचल यूनिवर्सिटी
- प्रो अजीत कुमार सिन्हा, वीसी, रांची विवि
- डॉ तपन कुमार सांडिल्या, वीसी, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि
- डॉ अंजिला गुप्ता, वीसी, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी

**BRIEF NEWS**

### हाईकोर्ट ने दूसरी बार बंगाल सरकार को फटकारा

**KOLKATA :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को ममता बनर्जी सरकार से कहा कि संदेशखाली केस में टीएमसी लीडर शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया जाए। हाईकोर्ट में एक वकील ने याचिका लगाई थी कि कई लोग संदेशखाली जा रहे हैं। कुछ को गिरफ्तार किया जा रहा है, तो कुछ को मालाएं पहनाई जा रही हैं। वकील ने अपील की कि हाईकोर्ट संदेशखाली की जांच के लिए एक स्वतंत्र कमेटी गठित करे। कोर्ट ने कहा– हम ऐसा करेंगे, लेकिन हम चाहते हैं कि राज्य सरकार, पुलिस, सीबीआई और ईडी कोर्ट में मौजूद रहे। साथ ही अब तक फरार चल रहा जिला परिषद अध्यक्ष शेख शाहजहां भी। हमने पढ़ा कि उसने एंटीसिपेटरी बेल के लिए एप्लिकेशन दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया। कोर्ट ने पुलिस को फटकारते हुए कहा– 4 साल पुराना मामला है। एफआईआर को चार्जशीट में तब्दील होने में 4 साल लग गए? कोर्ट की फटकार के कुछ घंटे बाद

### किसान को मेट्रो में यात्रा करने से रोका

**BENGALURU :** बेंगलुरु मेट्रो ने एक किसान को अनुचित कपड़े पहने होने के कारण उसे ट्रेन सेवाओं का उपयोग करने से रोकने के आरोप में सोमवार को एक सुरक्षा पर्यवेक्षक को उसके पद से बर्खास्त कर दिया। एक यात्री ने राजाजीनगर मेट्रो स्टेशन पर 18 फरवरी की घटना का वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, अविश्वसनीय क्या मेट्रो सिर्फ वीआईपी लोगों के लिए है? क्या मेट्रो की सेवा का इस्तेमाल करने के लिए कोई ड्रेस कोड है? मैं कार्तिक सी। ऐरानी की कार्रवाई की सरहाना करता हूं, जिन्होंने राजाजीनगर मेट्रो स्टेशन पर एक किसान के अधिकार के लिए आवाज उठाई। हमें ऐसे और नायकों की हर जगह जरुरत है। बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने कहा: नम्मा (बेंगलुरु) मेट्रो एक समावेशी सार्वजनिक परिवहन है।

### सरकार पर एनजीटी ने 25 हजार का जुर्माना लगाया

**RANCHI :** गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण के मामले को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) राज्य और जिलावार स्तर पर सुन रहा है। हालांकि, संबंधित राज्यों के अधिकारी ट्रिब्यूनल के आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ऐसे में एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने दामोदर नदी में प्रदूषण रोकने में विफल रहने पर झारखंड सरकार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना (टोकन कॉस्ट) लगाया है। एनजीटी ने गंगा नदी की सहायक दामोदर में प्रदूषण रोकने व नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं करने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## पीएम ने सूबे के 18 स्टेशनों के पुनर्विकास की रखी आधारशिला

# 600 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं की सौगात

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोकसभा के आम चुनाव और झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को 600 करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं की सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को विकसित भारत का विकसित रेल 2047 योजना के तहत झारखंड के 18 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। योजना के तहत झारखंड में 44 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास भी बनेंगे। विकसित भारत का विकसित रेल 2047 योजना के तहत रांची रेल मंडल के 14 स्टेशनों का उन्नयन होगा। 9 सड़क ऊपरी पुल/सब-वे/लो हाइट सबवे का शिलान्यास किया गया। 3 सड़क ऊपरी पुल/सब-वे/लो हाइट सबवे का लोकार्पण भी पीएम मोदी ने किया। पीएम मोदी ने झारखंड को भारतीय रेलवे से जुड़ी ये सौगातें विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दी। चक्रधरपुर रेल मंडल के 11 स्टेशनों व 40 परियोजनाओं का पीएम मोदी ने ऑनलाइन शिलान्यास किया। चक्रधरपुर में एडीआरएम की अध्यक्षता में शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर रेलवे के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

**41000 करोड़ की 2000 से अधिक परियोजनाओं की दी सौगात :** बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव से पहले देश को 41,000 करोड़ रुपए की 2,000 से अधिक रेल परियोजनाओं की सौगात दी। इन परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन किया। साथ ही कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित भी किया।



परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व अन्य।

### झारखंड को मिलीं ये सौगातें

- चक्रधरपुर मंडल में 11 स्टेशनों, 40 परियोजनाओं का शिलान्यास
- झारखंड में 27 स्टेशनों का होगा पुनर्विकास
- 41000 करोड़ की 2000 से अधिक परियोजनाओं की दी सौगात
- रांची मंडल के 14 स्टेशनों को अपग्रेड किया जाएगा।
- धनबाद रेल मंडल की 20 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास
- लोहरदगा रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन
- सरायकेला-खरसावां के बुरुडीह आरओबी का ऑनलाइन उद्घाटन
- जमशेदपुर में रेलवे की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास

### लीकेज और घोटालों को रोकने से रेलवे के विस्तार को मिली दोगुनी गति : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करने के बाद कहा कि लीकेज और घोटालों को रोकने को अपनी सरकार की उपलब्धि के तौर पर गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजटीय आवंटन अधिक होने पर भी लीकेज से विकास बाधित होता है। 2014 से पहले की तुलना में नई रेलवे लाइनें बिछाने की गति दोगुनी हो गई है। युवाओं को आधुनिक परियोजनाओं का शीर्ष लाभार्थी मानते हुए उन्होंने कहा कि इससे उनके लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। विकसित भारत युवा आकांक्षाओं का भारत है। वे युवाओं से कहना चाहते हैं, उनकी आकांक्षाएं ही मेरा संकल्प हैं! मेरे संकल्प के साथ आपके



सपने और कड़ी मेहनत ही 'विकसित भारत' की गारंटी है। आधुनिक ढांचागत सुविधाओं को निवेश के लिए जरूरी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में हजारों स्टेशनों के आधुनिक होने पर भारतीय रेल की क्षमता बढ़ेगी और निवेश की एक बहुत बड़ी क्रांति आएगी। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को नये भारत की कार्यशैली का प्रतीक बताया और कहा कि अब भारत अभूतपूर्व स्तर पर अभूतपूर्व गति से काम कर रहा है।

### झारखंड के स्टेशनों का किया जाएगा पुनर्विकास

- टाटानगर
- चक्रधरपुर
- गोड्डा
- डंगवापोसी
- चाईबासा
- गम्हरिया
- सीनी
- दुमका
- देवघर
- जामताड़ा
- विद्यासागर
- बड़ाजामदा जंक्शन
- हैदरनगर
- मोहम्मदगंज
- बालसिरिंग
- बानो
- गंगाघाट
- बासुकिनाथ
- लोहरदगा
- रामगढ़ कैंट
- ओरगा
- गोविंदपुर रोड
- टाटीसिल्वे
- मूरी जंक्शन
- सिल्ली
- शंकरपुर
- नामकुम

### पांच हजार रुपये घूस लेते राजस्व कर्मचारी अरेस्ट

**GIRIDIH :** झारखंड के धनबाद से आई एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने सोमवार को गिरिडीह के तिसरी प्रखंड स्थित अंचल सह प्रखंड कार्यालय में छापेमारी कर राजस्व कर्मचारी रामनरेश चौधरी को पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। वह जमीन का म्यूटेशन कराने के नाम पर रिश्वत ले रहा था। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम उसे अपने साथ धनबाद ले गई और पूछताछ कर रही है। एसीबी की टीम की इस कार्रवाई के बाद अंचल सह प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया। पीड़ित गुमगी निवासी व बीजेपी नेता नरेश यादव ने बताया कि गिरिडीह के गुमगी मौजा अन्तर्गत खाता नंबर 43 के लिए पिछले सितंबर माह में ही अंचल में म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था, लेकिन राजस्व कर्मचारी रामनरेश चौधरी ने कहा कि म्यूटेशन के लिए 15 हजार रुपए देना होगा, तभी काम होगा। इसमें पांच हजार सीआई को और पांच हजार रुपए अंचल अधिकारी को देना होगा, तभी म्यूटेशन हो पायेगा।

## मीटर का ब्योरा खोलेगा कई राज रडार पर आ सकते हैं सफेदपोश

### जेबीवीएनएल ने सीलबंद लिफाफे में भेजा जवाब

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) ने ईडी के नोटिस का जवाब दे दिया है। सीलबंद लिफाफे में वितरण निगम ने ईडी को पूरा ब्योरा सौंप दिया है। ईडी ने वितरण निगम को नेटिस कर पूछा था कि बड़गांई की एक जमीन जिसमें दो मीटर लगे हुए हैं, वो मीटर किसके नाम से एलॉट हैं। वितरण निगम के अफसरों ने अब इस पर चुप्पी साध ली है। सूत्रों के अनुसार वह मीटर काफी हाईप्रोफाइल व्यक्ति के संबंधी के नाम से है। वितरण निगम द्वारा भेजे गए ब्योरा से भी कई राज खुल सकता है। जानकारी के अनुसार वितरण निगम द्वारा सौंपे गए ब्योरे में जमीन से जुड़े दस्तावोजों की फोटोकॉपी भी सौंपी गई है। बताते चलें कि जब भी कोई बिजली का नया कनेक्शन दिया जाता है, तो घर के जमीन के पेपर की फोटो कॉपी, होल्डिंग नंबर भी नया कनेक्शन के आवेदन के साथ संलग्न करना होता है। झारखंड में ईडी के एक्शन के बाद लगातार आईएएस, आईपीएस और राजनेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं

● ईडी ने पूछा था- किसके नाम है बड़गाई की जमीन पर लगा मीटर




### घर में भारत की लगातार 17वीं जीत, सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त

## 12 साल से अपनी जमीन पर नहीं हारी टीम इंडिया, इंग्लैंड पर जीत की हैट्रिक

**PHOTON NEWS RANCHI :** टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी है और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया है। पेज 03 भी देखें




### रोहित-यशस्वी के बीच 84 रन की पार्टनरशिप

रोहित और ओपनर यशस्वी के बीच 84 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। रजत पाटीदार और सरफराज खान खाता भी नहीं खेल सके। रवींद्र जडेजा 4 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। टॉम हार्टले और जो रूट को 1-1 विकेट मिला। बता दें कि रांची में मिली जीत भारत की इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 135 टेस्ट मैचों में 34वीं जीत है। भारत ने इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार इंग्लैंड को ही हराया है। हालांकि भारत को अंग्रेजों के खिलाफ 51 टेस्ट मैचों में हार भी मिली है। यह किसी भी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे ज्यादा हार है। दोनों टीमों के बीच 50 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज्यादा 32 बार हराया है। ये 32 जीत 107 टेस्ट मैचों में मिली है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत हासिल की है। 2012 के बाद भारत ने इंग्लैंड को 2016-17 में 3-0 से, 2020-21 में 3-1 से हराया था और अब इस सीरीज में 3-1 की बढ़त ले ली है।

### झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन भी हंगामा, आज पेश होगा अंतिम फुल बजट

# पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच पर अड़ा रहा विपक्ष

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का दूसरे दिन भी हंगामेदार रहा। दोपहर 2 बजे एक बार फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई है। सदन में वित्त अनुपूरक बजट की मांग पर चर्चा हुई। तृतीय अनुपूरक बजट में भाजपा विधायक अनंद ओझा ने कटौती प्रस्ताव पेश किया। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मंगलवार को वर्तमान सरकार का अंतिम फुल बजट पेश करेंगे। सोमवार को बीजेपी के हंगामे के कारण साढ़े 12 बजे और फिर 2 बजे तक के लिए सदन को स्थगित किया गया। विपक्ष जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग पर अड़ा रहा।




### आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन में किया गया पेश

बीजेपी के विधायकों ने सदन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सुबह विपक्ष के हंगामे के बीच आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन में पेश किया गया। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक का मसला उठाया और पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। विपक्ष के विधायक वेल में आकर विरोध जताने लगे। बोकारो विधायक विरंची नारायण और चंदनकियारी विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। इसका जवाब देते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार मामले की जांच करा रही है। अगर चीजें स्पष्ट नहीं होती हैं तो निश्चित रूप से आगे का कदम उठाया जाएगा।

### कटौती प्रस्ताव का समर्थन और विरोध

अनुपूरक बजट के कटौती प्रस्ताव के समर्थन और विरोध में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने वाद-विवाद में हिस्सा लिया। अनंत ओझा, बिरंची नारायण, सुदिव्य सोनू, जिग्गा सोरोन होरो, उमाशंकर अकेला सहित दूसरे विधायकों ने भी इसमें हिस्सा लिया। अनंत ओझा ने संतालपरगना सहित राज्य के अन्य हिस्सों में बांग्लादेशी घुसपैठ, लव जिहाद, आतंकी घटनाओं सहित बदलते डेमोग्राफी का मसला रखा। 2023-24 के तृतीय अनुपूरक पर चर्चा के क्रम में उन्होंने कहा कि राजमहल में तीन महीने पहले एक आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या हो जाती है। वहां लोग आंदोलनरत हुए। पर इस पर पुलिस अबतक कुछ नहीं कर सकी। सत्ता के संरक्षण में तुष्टिकरण का खेल चल रहा है। देशविरोधी गतिविधियों को रोकने की जिम्मेदारी सरकार की है। बांग्लादेशी गिरोह राजमहल सहित संतालपरगना में घुसपैठियों का वोटर कार्ड वगैरह बना रहा है। इसी सदन में इस मसले को लाया गया पर दो साल हो गये, अब तक ना तो जांच हो सकी है और ना एक्शन लिया गया है। झारखंड में भी पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की तरह माहौल बन रहा है। बेटियों को टुकड़े में काटा जा रहा है पर सरकार का कोई मंत्री उसके परिवार के पास नहीं गया। तुष्टिकरण का खेल चारों ओर जारी है।

### ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा पर रोक से इन्कार

**VARANASHI :** वाराणसी के ज्ञानवापी तहखाने (व्यास तहखाना) में हिंदुओं के पूजा-पाठ पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार 26 फरवरी को इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी की पूजा के खिलाफ लगी याचिका खारिज कर दी है। वाराणसी जिला कोर्ट ने 31 जनवरी को तहखाने में व्यास परिवार को पूजा करने का अधिकार दिया था। इसी दिन (31 जनवरी) रात में तहखाने में पूजा शुरू हुई। हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि तहखाना लंबे समय से हमारे अधिकार क्षेत्र में रहा है। यह ज्ञानवापी का हिस्सा है और उसमें डीएम समेत प्रशासन ने जल्दबाजी में पूजा शुरू करा दी, जबकि इसके लिए समय था। पूजा तुरंत रोकनी चाहिए। राज्य सरकार 1993 से ही व्यास परिवार और श्रद्धालुओं को पूजा करने से रोकती आई है।

## गजल गायक पंकज उधास नहीं रहे, 72 की उम्र में मौत

### अंतिम संस्कार आज, 2006 में मिला था पद्मश्री

**AGENCY NEW DELHI :** मशहूर गजल गायक पंकज उधास का सोमवार को 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर दी है। गजल सिंगर जाजिम शर्मा ने दैनिक भास्कर को बताया कि वे पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें 10 दिन पहले मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जहां सोमवार सुबह 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पंकज उधास का पार्थिव शरीर फिलहाल अस्पताल में ही रखा गया है। उनके भाइयों और परिवार के दूसरे लोगों के पहुंचने पर पार्थिव शरीर घर ले जाया जाएगा। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था।

**जन्म :** 17 मई 1951

**निधन :** 26 फरवरी 2024



## BRIEF NEWS

### लोहरदगा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास

**LOHARDAGA :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास के कार्यों का ऑनलाइन उद्घाटन-शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यहां से अन्य ट्रेनों का भी परिचालन शुरू होगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में रेलवे विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग के शबरी मेले में शामिल हुए विधायक पुत्र

**HAZARIBAGH :** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत मोरांगी के नावाटांड़ मैदान में माता शबरी जयंती सह दो दिवसीय शबरी मेला का आयोजन हुआ। मेला के दूसरे दिन इस आयोजन में विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल और सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने माता शबरी की तस्वीर पर माथा टेककर उन्हें नमन किया। विधायक पुत्र करण जायसवाल का स्थानीय आयोजन समिति ने सम्मानित किया। करण जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि माता शबरी प्रेम और भक्ति की प्रतिमूर्ति थीं।

### धनबाद में सीआईएसएफ जवान ने की खुदकुशी

**DHANBAD :** जिले के कोयला नगर में कार्यरत सीआईएसएफ जवान ने सोमवार को अपने आवास में फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना सरायढेला थाना क्षेत्र का है। मृत जवान डीके सरकार धनबाद के नूतनडीह, कृष्णा नगर में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। बताया जा रहा है कि डीके सरकार पिछले कुछ दिनों से मानसिक अवसाद से ग्रसित थे। घटना की सूचना पाकर सीआईएसएफ के कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज मामले की छानबीन में जुटी है। सरायढेला थाना के एएसआई अर्जुन मांझी ने बताया कि परिवार वालों से पूछताछ में पता चला है कि आज दोपहर जवान की पत्नी अपने बच्चे को स्कूल से लाने गई थी। घर पहुंचने पर अपने पति को कमरे में फंदे से झूलता देखा।

### हजारीबाग में कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

**HAZARIBAGH :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने कार्यालय वेश्म में कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य रूप से समेकित बिरसा विकास ग्राम-सह-कृषक पाठशाला, केसीसी ऋण माफी योजना, मत्स्य सम्पदा योजना, तालाब निर्माण, पशुधन योजना आदि की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी विभागों के व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध एवं किए गए कार्य के आलोक में प्राप्त आवंटन का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए। अपेक्षाकृत कम व्यय करने वाले कार्यालयों को सख्त निर्देश दिया गया और समय रहते शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने को कहा।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण

**KHUNTI :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यों के सफल निष्पादन कों लेकर सोमवार को कर्रा प्रखंड के सुदूर क्षेत्रों के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चांपी, राजकीय मध्य विद्यालय जरियागढ़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लापागारी, मध्य विद्यालय, बकसपुर, प्राथमिक विद्यालय, सिमटिमड़ा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय छाता, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सावडा और प्राथमिक विद्यालय आटा हैं। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। निर्देश दिया गया कि आवश्यक होने पर बूथों के भवन परिसर की मरम्मत कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि कोई भी योग्य मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को कई योजनाओं की दी सौगात

## सरयू मार्ग पर फ्लाईओवर का किया ऑनलाइन शिलान्यास

**PHOTON NEWS LATEHAR :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लातेहार को कई सौगात दी। उन्होंने बहुप्रतिशिक्षत लातेहार-सरयू पथ पर प्लाई ओवर ब्रिज (आरओबी) का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इसके अलावा लातेहार-डेमू रेलवे स्टेशन के बीच रेल फाटक संख्या 32सी/2ई के समीप एवं चेतर-रिचूघुटा रेलवे स्टेशन के बीच रेल फाटक संख्या 29सी/2ई के समीप बने अंडरपास (एलएचएस) का भी ऑनलाइन उदघाटन किया। इस मौके पर लातेहार-सरयू पथ पर रेल फाटक के समीप एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए इस शिलान्यास व उदघाटन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय रेल तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है। रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधायें रेलवे स्टेशनों में मिले इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर शिलापट्ट का अनावरण किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई। ● फोटोन न्यूज

### गिरिडीह में पांच रेल सुविधाओं का शिलान्यास

**GIRIDIH :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गिरिडीह जिले के सरिया स्थित हजारीबाग रोड और जगदीशपुर महेशमुंडा रेलवे स्टेशन के समीप लगभग 75 करोड़ की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज निर्माण के साथ कोडरमा संसदीय क्षेत्र में कुल पांच रेलवे सुविधाओं का भी शिलान्यास किया। इसमें दो रेलवे ओवरब्रिज और तीन अंडरपास का निर्माण शामिल है।

### रामगढ़ में रेलवे ओवरब्रिज और पतरातू में तीन अंडरपास रेलवे पुल का किया ऑनलाइन उद्घाटन

**RAMGARH :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को विकसित भारत का रेल योजना के तहत सोमवार को बड़ी सौगात दी है। इसमें रामगढ़ जिला भी लाभान्वित हुआ है। रामगढ़ शहर के बिजोलिया में रेलवे ओवरब्रिज और जिले के पतरातू प्रखंड में तीन रेलवे अंडरपास का उद्घाटन हुआ है। दोनों स्थानों पर उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर रेलवे के अधिकारियों के द्वारा समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में एलईडी के माध्यम से उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लोगों ने देखा। पतरातू में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जयंत सिन्हा भी शामिल हुए। पतरातू प्रखंड के जयनगर रेलवे डीजल साइड में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस दौरान एडीआरएम अमित कुमार सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे।

### पलामू में रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास

**PALAMU :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इसके अलावा पलामू में 10 स्थानों पर नव निर्मित (एलएचएस) अंडरपास सिगरा खुर्द, सिंगरा कला, गाड़ीगांव, गुरहा, दंगवार, हरिहर चौक जपला, मोहम्मदगंज, हैदरनगर बहेरा एवं काजी विगहा का उद्घाटन किया गया। मुख्य कार्यक्रम हैदरनगर स्टेशन पर हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विष्णु दयाल राम हैदरनगर में उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के बीच विकसित भारत ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसके विजेताओं को सांसद ने पुरस्कृत किया।

## कोडरमा में सहारा इंडिया के एजेंटों व जमाकर्ताओं ने किया आक्रोश प्रदर्शन



आक्रोश प्रदर्शन में शामिल सहारा इंडिया के एजेंट व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KODERMA :** सहारा समूह में जनता की गाढ़ी कमाई के भुगतान की मांग को लेकर संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले एजेंटों, कर्मचारियों व भुक्तभोगी जमाकताओं ने सोमवार को जिला समाहरणालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। धरना के बाद पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व डॉ उर्मिला चौधरी क्लिनिक के पास से विशाल जुलूस निकाला गया जो समाहरणालय पहुंचकर धरना में तब्दील हो गया। रैली में जमकर नारे लगाए गए। धरना स्थल पर संघर्ष न्याय मोर्चा के जिलाध्यक्ष भागीरथ सिंह की अध्यक्षता व अधिवक्ता डीपी वर्णवाल के संचालन में हुई सभा को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, प्रदेश अध्यक्ष गौतम दिवान, नागेन्द्र कुशवाहा, संतोष कुमार, छात्र नेता मनोज यादव, रविशंकर यादव आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया।

मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि सहारा इंडिया की इस चिट फंड कंपनी का करीब 25 हजार करोड़ रुपये भारत सरकार के सेबी के खाते में जमा है, जिससे पड़े पैमाने पर मेहनतकशों का जमा पूंजी का भुगतान किया जा सकता है। जेबीकेएसएस के मनोज यादव ने कहा कि सहारा की योजनाओं में भारत की आधी आबादी ने जमकर पैसा लगाया था, उन्हें अपनी रकम वापस नहीं मिली। इसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यक्रम में जिला सचिव देवेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, उपाध्यक्ष सचिन्द्र शर्मा, नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार, पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा के सुनील प्रसाद, धीरज कुमार, कृष्णकांत दीक्षित, उत्तम कुमार के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# 24 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जामतारा गांव में रेलवे लाइन के समीप शव मिलने के महज 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान बिहार के मंजय शर्मा के रूप में हुई है, जिसकी हत्या डुमरी थाना क्षेत्र के दम्पति खेमलाल महतो और अंजू देवी ने की है।

मामले का उद्भेदन करते हुए सोमवार को एसपी दीपक शर्मा ने बताया कि मंजय शर्मा पिछले कई वर्षों से मधुबन में रहता था। शुक्रवार को डुमरी के जामतारा पंचायत में एक स्कूल के पास झाड़ियों में उसका शव मिला। डुमरी एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना को अंजाम देने वाले दम्पति को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने हत्या की बात स्वीकार भी की है।



घटना की जानकारी देते एसपी दीपक शर्मा। ● फोटोन न्यूज

एसपी ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, लोहे की चेन व लाठी-डंडे और शव को ठिकाने लगाने में इस्तेमाल की गई गाडी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि डुमरी पुलिस को इस पूरे मामले में पर्याप्त सबूत मिले हैं। शुरूआती जांच में लगता है कि इस हत्या के पीछे का कारण अवैध सम्बन्ध हो सकता है। पुलिस वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने में लगी है।

### प्रेमी ही निकला प्रेमिका का हत्यारा, पुलिस ने किया खुलासा

**PALAMU :** पाटन प्रखंड के किसैनी गांव के विनोद भुइया की 18 साल की बेटी रेशमी कुमारी का शव पेड़ से झूलता हुआ मिला था। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस प्रेमी अवरिंद भुइयां को गिरफ्तार कर लिया जबकि हत्याकांड में शामिल अन्य 6 अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रेमी के परिजनों ने मिलकर युवती की हत्या कर दी। पाटन के थाना प्रभारी लाल जी ने मामले को लेकर टीम गठित की थी। पुलिस ने बताया कि हत्याकांड में दुपट्टे का प्रयोग किया गया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। मृतका की मां रूणा देवी ने पाटन थाना में आवेदन देकर बताया था कि उसकी बेटी का अरविंद भुइयां के साथ दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अरविंद भुइया का विवाह दूसरे जगह तय होने लगा तो उसकी बेटी ने विवाह का दबाव बनाया। इसके बाद पेड़ से उसकी बेटी का शव झूलते हुए मिला था।

# अफीम के फल पर चीरा लगाते तीन आरोपी धराए, तैयार अफीम बरामद

**PHOTON NEWS KHUNTI :** पुलिस ने रविवार को अड़की और मुरहू थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर पोस्ते के फल में चीरा लगाते गिरफ्तार कर लिया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने अपने कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एसपी के निर्देश पर अड़की थाना पुलिस ने नौढ़ी पंचायत के देवरीडीह के खेत में फसल पर चीरा लगाते पुरना नगर के बकुला मुंडा और देवरीडीह के सोनाराम मुंडा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 55 ग्राम तैयार अफीम भी बरामद की गई।

मुरहू थाना पुलिस ने भी रविवार को केवड़ा पंचायत के चेंदगुटू गांव में छापामारी कर पोस्ते के फल पर चीरा लगाते आनंद



मीडिया को जानकारी देते अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक। ● फोटोन न्यूज

मसीह बड़ायुद्ध को गिरफ्तार कर लिया। अड़की के थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावा सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार यादव, एएसआई सुनील कुमार सिंह के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे जबकि मुरहू की टीम में थाना प्रभारी नायल गोडविचन केरकेट्टा और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## रामगढ़ डीसी ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**PHOTON NEWS RAMGARH :** सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार ने सोमवार को वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान हालिस करने वाले सरकारी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को ब्लेजर देकर सम्मानित किया गया। डीसी गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

इसके अलावा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित कुल 30 सरकारी विद्यालयों में उप विकास आयुक्त रॉबिन टोपो, अपर समाहर्ता, एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने बच्चों को सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान डीसी ने सभी बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को पहचानते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने का उद्देश्य यह है कि अन्य बच्चे भी उन बच्चों से प्रेरणा लेकर मेहनत करें और जीवन में सफल हो सकें। उपायुक्त ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी।

### यूनिफाइड कमांड की बैठक में निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा

**LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई। बैठक में पिछली बैठक में आरईओ विभाग, लोहरदगा को दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई, जिसमें विभाग के अभियंता ने अनुपालन की जानकारी दी। साथ ही पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य संपादित करने का निर्देश दिया गया। कमाण्डेंट, सीआरपीएफ ने सीआरपीएफ कैंपों में सोलर लाइट लगाए जाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, सीआरपीएफ कमाण्डेंट, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सामान्य शाखा प्रभारी, नगर पर्षद प्रशासक, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, सहायक अभियंता आरईओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# धनबाद में पूरी रात चला इबादत व तिलावतों का दौर

**PHOTON NEWS DHANBAD :** रंग-बिरंगी रोशनी में सजी इबादतगाहें, जगमग करते कब्रिस्तान, सिर पर टोपी, साफ सुथरे लिबास में इबादत को तैयार लोग, तो कहीं घरों से निकलती तिलावतों की आवाजें, तो कहीं मस्जिदों के अंदर सजदे में झुके सिर। यह नजारा रविवार की रात धनबाद कोयलांचल के मुस्लिम बहुल इलाकों में देखा गया। मौका था इबादत, रहमत और माफी की रात शब-ए-बारात का।

इस्लाम के 8वें महीने शाबान के 15वीं तारीख की रात मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष भी पूरे अकीदत के साथ मनाया गया। जिले के वासेपुर, पांडरपाला,



मस्जिद में जुटे मुस्लिम समुदाय के लोग। ● फोटोन न्यूज

भूली, टिकियापाड़ा, नया बाजार, पुराना बाजार, कतरास, बाघमारा, झरिया, गोविंदपुर, सिंदरी, डिगवाडीह, बरारी, जामाडोबा सहित धनबाद के मुस्लिम बहुल इलाकों में पूरी रात मस्जिदें गुलजार रहीं। लोग इबादत में जुटे रहे। सभी ने इबादत के बाद रब से अपनी गुनाहों की माफी मांगी। अहले सुबह फज्र के नमाज के बाद मस्जिदों में सामूहिक रूप से विशेष दुआ कर देश की तरक्की और अमन-चैन की दुआ मांगी गई।

शब-ए-बारात के दौरान पूरी रात कब्रिस्तानों में लोग अपने पूर्वज की कब्र पर पहुंच फातिहा पढ़ते दिखे। इस रात के लिये कब्रिस्तान कमेटियों की ओर से विशेष तैयारी की गई थी। जिले के सभी कब्रिस्तानों में लाइट, पानी, चाय इत्यादि की खास व्यवस्था की गई थी, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन कब्रिस्तानों में कमेटी के लोग पूरी रात सजग दिखे।

## आईसेक्ट विवि को बीसीआई से एलएलबी कोर्स की मिली मान्यता

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विवि प्रतिबद्ध : कुलसचिव

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की ओर से एलएलबी कोर्स के लिए मान्यता दी गई है। ऐसे में सत्र 2024-25 से ही विश्वविद्यालय में एलएलबी (तीन वर्षीय) व एलएलएम (दो वर्षीय) कोर्स की नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरूआती दिनों से ही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध है। एमसीए, एमबीए, डी फार्मा और इंजीनियरिंग की मान्यता मिलने के बाद एलएलबी कोर्स की मान्यता विश्वविद्यालय को मिलने से ना





सिर्फ आसपास के विद्यार्थी ही लाभान्वित होंगे, बल्कि हजारीबाग के साथ साथ चतरा, कोडरमा, गिरीडीह, रामगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी इससे अधिक लाभ होगा।

मान्यता मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने हर्ष व्यक्त की और कहा कि विभिन्न कोर्सों के साथ साथ एलएलबी और एलएलएम के लिए भी अध्ययन अध्यापन के लिए उत्तम व्यवस्था विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

**विश्वविद्यालय में इन विषयों की होती है पढ़ाई :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम, बीलीब, एमलिब के अतिरिक्त मैनेजमेंट के क्षेत्र में बीबीए, पीजीडीआरडी, एमबीए, कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, बीएससी (आईटी) एमएससी (आईटी), कृषि के क्षेत्र में बीएससी (एग्रीकल्चर), एमएससी (एग्रीकल्चर), पत्रकारिता में बीजेएमसी, एमजे, योग में एमए इन योगा, पीजी डिप्लोमा इन योगा, बैचलर आफ परफॉर्मिंग आर्ट्स, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स, मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स और मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स, डी फार्मा, अमानत, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल, सिविल, मेकेनिकल, माइनिंग, कंप्यूटर साइंस) जैसे कोर्स चलाए जा रहे हैं लेकिन अब इन कोर्सों के साथ साथ एलएलबी व एलएलएम कोर्स भी चलाए जाएंगे।

मान्यता मिलने पर डीन एडमिन डॉ एस रथ, एआर एकेडमिक माधवी मेहता, एआर परीक्षा विभाग ललित मालवीय, डीन एकेडमिक एमके मिश्रा, सीएसआईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, डॉ राजकुमार, डॉ दिवाकर निराला, डॉ प्रीति व्यास, डॉ आलोक कुमार, डॉ श्वेता सिंह, डॉ एसपी विश्वकर्मा, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ सोनी मेहता, डॉ बिनिता कुमारी, डॉ पूनम चंद्रा, रविकांत, राजेश रंजन, सबा प्रवीण, प्रभात किरण, अजीत पासवान, प्रभात कुमार, अमित कुमार, विजय लाल, सुप्रिया कुमारी, पंकज प्रज्ञा, संजय दांगी, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, सीमा कुमारी, राजेश कुमार, एकता कुमारी, पूजा सिंह, नेहा सिन्हा, राज तिवारी सहित सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों ने बीसीसीआई को धन्यवाद दिया।

## फसलों को रौंद रहे हाथी, रोक लगाए सरकार : विजय नायक

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के द्वारा ग्रामीणों को कुचलकर मारने की घटना एवं खेतों में लगे फसलों को रौंद कर फसल बबार्दी को रोकने के लिए संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी, झारखंड छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने प्रधान मुख्यमंत्री संरक्षक वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार रांची एवं प्रधान मुख्यमंत्री एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक झारखंड रांची को पत्र लिखा। उन्होंने अपने पत्र में कहा की हाथियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में मानव हाथी टकराव की घटना में बेतहाशा आज वृद्धि हुई है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक रूप से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। आए दिन झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के द्वारा ग्रामीणों को कुचलकर मारने एवं फसल बर्बाद करने की समाचार पत्र प्राप्त हो रहे हैं । राज्य के निर्माण से अभी तक जितना राज्य में नक्सली मुठभेड़ में मौत नहीं हुई है उससे ज्यादा हाथियों के



कुचलने से राज्य में ग्रामीणों की मौत हुई है। जो काफी चिंताजनक विषय है ।ग्रामीणों के मौत के बाद ऐसी शिकायतें काफी प्राप्त हो रही है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि का भी भुगतान सही समय से नहीं किया जा रहा है और ना ही हाथी के बचाव के लिए जो राज्य में टॉर्च, पटाखे मिर्च एवं मसाल बनाने की सामग्री भी सही रूप से वितरण नहीं किया जा रहा है एवं हाथियों से बचाव एवं भगाने के लिए वन विभाग के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी युद्ध स्तर पर नहीं किया जा रहा है जो जांच का विषय है।

BRIEF NEWS

## भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक रांची में आज से

**RANCHI :** भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक 27-28 फरवरी को रांची में होगी, जिसमें राज्य के सभी जिलों से 50 से ज्यादा पार्टी नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा राज्य सचिव मनोज भक्त, विधायक विनोद कुमार सिंह, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, गीता मंडल समेत छात्र, युवा, मजदूर, किसान व महिला संगठनों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर विचार किया जायगा। साथ ही कोडरमा चुनाव में पार्टी तैयारी की समीक्षा की जायेगी। गिरिडीह, कोडरमा जिला के विभिन्न प्रखंडों एवं बूथों के लिए प्रभारी नियुक्त किये जायेंगे। बैठक के बाद पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों से सीट शेयरिंग पर विचार-विमर्श करने की योजना है।

## बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ रत्नश्री अवार्ड से सम्मानित

**RANCHI :** बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार को दिल्ली में रत्नश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बैद्यनाथ कुमार ने सोमवार को कहा कि रत्नश्री अवॉर्ड पाकर वे धन्य महसूस कर रहे हैं। इस अवॉर्ड ने बच्चों और महिलाओं के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है। कोशिश रहेगी कि सबकी आशाओं पर खरा उतरूं। उल्लेखनीय है कि बैद्यनाथ कुमार पिछले कई वर्षों से बाल तस्करी पर कार्य कर रहे हैं। अबतक उन्होंने आठ हजार से अधिक नाबालिग लड़के और लड़कियों को देश के अलग-अलग राज्यों से रेस्क्यू कराया है। साथ ही कई मानव तस्करों को जेल के सलाखों के पीछे भी भिजवाया है। बैद्यनाथ कुमार शुरूआती दौर में खुद एक चाइल्ड लेबर थे।

## रांची में हास्य कवि सम्मेलन 23 मार्च को

**RANCHI :** होली के अवसर पर 23 मार्च को मारवाड़ी भवन में कवि सम्मेलन होगा। समिति के अध्यक्ष अशोक नरसरिया ने सोमवार को कहा कि कवि सम्मेलन में दिल्ली के सुरेंद्र शर्मा, लखनऊ के अनिल अग्रवाल और साक्षी तिवारी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी सहित अन्य प्रख्यात कवियों को आमंत्रित किया गया है। अशोक नरसरिया ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार श्रोताओं के बैठने के लिए बेहतर प्रबंध किए जा रहे हैं। इस बार श्रोताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों को सुनने का मौका मिलेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

## हाथियों से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाए वन विभाग : बंधु तिर्की

**RANCHI :** पूर्व मंत्री और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि रांची जिले के बेड़ो प्रखण्ड सहित आसपास के क्षेत्र में हाथियों का उत्पात चरम पर है और उनसे बचाव के लिए वन विभाग को प्रभावी कदम उठाना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिया कि वन विभाग, ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्रभावी कदम उठाए और उनके मध्य पटाखे, किरासन तेल, टॉर्च एवं अन्य बचाव सामग्री का व्यापक स्तर पर वितरण करे। बंधु तिर्की ने बेड़ो के वन क्षेत्र पदाधिकारी से बात कर उन्हें निर्देश दिया कि ग्रामीणों की फसल को हाथियों द्वारा की जा रही क्षति का उन्हें यथोचित मुआवजा देने के साथ ही संबंधित वनकर्मियों से सतर्कता के साथ काम करने का निर्देश दें।

## जेबीवीएनएल के जीएम ऋषि नंदन का हार्ट अटैक से निधन

**RANCHI :** जेबीवीएनएल के जीएम सह चीफ इंजीनियर (कॉमर्शियल) ऋषि नंदन का हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे लगभग 54 साल के थे और अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। जेबीवीएनएल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ऋषि नंदन पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने रुड़की गये थे।


atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


## 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास, सदन की कार्यवाही आज 11 बजे तक के लिए स्थगित

# दूसरे दिन भी हंगामेदार रही सदन की कार्यवाही

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से आयोजित कॉमन ग्रेजुएशन लेवल परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल एक्जाम 2023) पेपर लीक के मुद्दे पर झारखंड विधानसभा में एक बार फिर जोरदार हंगामा हुआ। सोमवार को मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने इस मुद्दे पर सदन को ठप कर दिया। एक बार के स्थगन के बाद जब सदन फिर से शुरू हुआ, तो विपक्ष के लोग फिर से हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने वर्ष 2023-24 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसके बाद सदन को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। झारखंड विधानसभा के दूसरे दिन 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास हो गया। इस दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। वहीं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव मंगलवार को वर्तमान सरकार का अंतिम फुल बजट पेश करेंगे।

**बंद पड़े स्कूलों को खोले सरकार:** उमाशंकर अकेला ने कहा कि बज़ट राज्य के हित के लिए लाया जाता है। भाजपा सरकार (2014-19) में कई स्कूलों को बंद कर दिया गया। खासकर सुदूरवर्ती इलाकों में, जंगलों में संचालित 500 स्कूलों को बंद किए जाने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हुआ। अभी सामाजिक न्याय, गरीब, दलितों की सरकार राज्य में है। ऐसे में राज्य में जितने भी स्कूल सुदूर इलाकों में बंद पड़े हैं। उन्हें अतिशीघ्र खोला जाए। अकेला ने बिहार सरकार के समय डीवीसी और इसके लिए जलाशय के लिए जमीन देने वाले विस्थापितों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने की भी मांग रखी। 2019 में होमगार्ड की बहाली में सफल हजारीबाग के अभ्यर्थियों को अब तक नौकरी नहीं मिलने की बात रही। साथ ही सरकार से रिजल्ट निकाल कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का भी आग्रह किया चंदवारा प्रखंड में डिग्री कॉलेज बनकर तैयार होने और इसके चालू नहीं के चलते स्टूडेंट्स की पढ़ाई डिस्टर्ब होने की बात की। इस कॉलेज को खुलवाने का आग्रह भी किया। चौपारण सहित आसपास के जंगलों में रह रहे एससी वर्ग के लोगों का सर्वे कराकर आवास योजना का लाभ देने को भी कहा।

**झारखंड विधानसभा में उठा जमशेदपुर के 1800 एकड़ में बसी बस्ती का मामला :** विधायक सरयू राय ने सदन में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 1800 एकड़ में बसी बस्ती का मामला उठाया। इसे टाटा सबलीज से अलग कर दिया गया है। विधायक सरयू राय ने दिल्ली और इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि इस मामले में 2018 को जारी की गई अधिसूचना रद्द कर दी जाये। सरकार अगर इस मामले में नई नीति बनाएगी तो सरकार को 500 करोड़ रुपये की आमदनी भी होगी। इस पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि अवैध कब्जा के सेटलमेंट के दो तरीके हैं। पहला अवैध कब्जाधारी को कुछ जमीन दे दी जाए। दूसरा सरकार नियमितीकरण कर दे लेकिन 2018 में जो नीति बनी, उसमें 10 डिसमिल देने की ही बात कही गई है। इस पर सरयू राय ने कहा कि किसी का घर 15 डिसमिल में बना हुआ है तो पांच डिसमिल कौन देगा। इस जमीन पर 17986 आवास बने हुए हैं। इस मामले में अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति बनाई जाए। रामेश्वर उरांव ने कहा कि जब तक नई नीति नहीं बनती तब तक यही नीति लागू रहेगी। किसी का घर टूटे नहीं इस पर सरकार विचार कर सकती है।

**भाजपा शासित राज्यों के लिए यहां के विपक्ष का नजरिया अलग :** सुदिव्य सोनू ने चर्चा में भाग लेते कहा कि झारखंड में पेपर लीक को लेकर भाजपाई हल्ला कर रहे हैं जबकि एसआइटी जांच जारी है। दोषी पकड़े जा रहे हैं। यूपी, गुजरात में भी पिछले कई सालों में अलग अलग परीक्षाओं में पेपर लीक हुए, उन्हें रद्द करना पड़ा। पर वहां सीबीआई जांच की बात बेमानी है। यहां सरकार ने परीक्षाओं में नकल, गड़बड़ी को रोकने को दंड प्रस्ताव लाया तो यहां का विपक्ष कटौती प्रस्ताव ले आया। यह सब अपने लोगों को अधिकतम दंड से बचाने को हुआ। उन्होंने सरकार से रद्द परीक्षा जल्द कराने का आग्रह सरकार से किया। सोनू ने कहा कि 4981 करोड़ का यह बजट हाथी उड़ाने के लिए नहीं है। पिछली सरकार में ऐसे ही पैसे बर्बाद किये गये। विपक्ष को सरकार की लाभकारी योजनाएं नहीं दिख रहीं। गरीबों को 1000 रुपया प्रतिमाह मिल रहा। सर्वजन पेंशन योजना का लाभ गरीबों को मिलने लगा है। अबुआ आवास योजना के तहत इस वर्ष लोकसभा चुनाव के 3 माह बाद 9 लाख आवास योजना का लाभ जरूरतमंदों को मिलेगा। अगले वित्तीय वर्ष में हर पंचायत में हर किसी को इसे देंगे। पीएम मोदी ने 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष, 15 लाख हर किसी के खाते में देने, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की बात की थी। सब हवा हवाई रहा।



आसन पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो।

## अमर बाउरी बोले- सीबीआई जांच से कम कुछ मंजूर नहीं

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पुरजोर तरीके से जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है। पेपर लीक के कुछ आरोपी सदन में भी मौजूद हैं। इस पर सत्ता पक्ष की तरफ से मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। वह अपनी जांच कर रही है। सीबीआई जांच से क्यों डर रहे हैं? सदन के बाहर पत्रकारों के इस सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमलोक इतने निकम्मे हैं क्या कि हमारे ऊपर विश्वास नहीं है। भाजपा जो सवाल पूछ रही है इसका मतलब है कि पूर्व में जब वे सरकार में थे तब उनको



अपने कर्मचारियों और अपने एजेंसी पर विश्वास नहीं रहा होगा। अभी एसआईटी पर सवाल क्यों कर रहे हैं। जब एसआईटी की जांच पूरी होगी। उससे जब संतुष्ट नहीं होंगे तब न सवाल कीजिएगा। सीबीआई भगवान थोड़े है। अब तक जितनी जांच की उसमें सजा दिलाने का प्रतिशत क्या है। इसलिए थोड़ा धैर्य रखिए। सबकुछ हो रहा है। राज्य के नौजवानों के साथ किसी तरह की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## झारखंड सरकार पर 85,327 करोड़ का ऋण : सरयू राय

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार पर कर्ज, इसके ऊंचे ब्याज दर और इससे जुड़े सवाल पूछे। इससे संबंधित अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में वित्त विभाग, झारखंड ने बताया कि महालेखाकार, झारखंड के वित्तीय वर्ष 2022-23 के उधार एवं अन्य दायित्वों के मुताबिक 31 मार्च 2023 तक राज्य सरकार का कुल ऋण 84,944 करोड़ रुपये है। इसमें राज्य गठन के पूर्व का 5962 करोड़ रुपये भी सम्मिलित है। लोक लेखा शाखा (पब्लिक एकाउंट) में 31 मार्च 2023 तक अन्य दायित्व 33,504 करोड़ रुपये है। एजी के मुताबिक, दिसंबर 2023 के सिविल खाते के अनुसार विभिन्न एजेंसियों से नकद शुद्ध आहरण रुपये 383 करोड़ है। लोक लेखा का शुद्ध दायित्व 2290 करोड़ रुपया है। इस तरह, अभी राज्य सरकार पर 85,327 करोड़ रुपये का लोन है। सरयू राय ने पूछा कि वर्ष 2020-21 में राज्य पर कर्ज का भार



राजस्व आय का करीब 11 प्रतिशत हो गया जो राजस्व-ब्याज वहनीयता (सस्टेनेबिलिटी) अनुपात से अधिक है। इस पर बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में राजस्व आय 56149.72 करोड़ है। ब्याज भुगतान रुपये 5790.47 करोड़ है जो राजस्व आय का 10.3 प्रतिशत है न कि 11 प्रतिशत। यह वर्ष कोविड-19 से प्रभावित था। जीएसटी मुआवजा के रूप में केंद्र सरकार ने झारखंड को 50 वर्ष की दीर्घकालीन अवधि तक के लिए एक बड़ी राशि बिना ब्याज के दी है कि नहीं। इस पर कहा गया कि केंद्र द्वारा सभी राज्यों को स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉक कैपिटल इन्वेस्टमेंट के तहत वर्ष 2021-22 से ऋण प्राप्त हो रहे हैं। यह लोन एक वित्तीय वर्ष में पूर्ण व्यय के शर्त पर चिन्हित स्कीम में पूंजीगत संरचना के विकास के लिए दिया जा रहा है। यह जीएसटी मुआवजा का लोन नहीं है। जीएसटी मुआवजा जून 2022 से समाप्त हो चुका है। वित्त विभाग के मुताबिक, राज्य द्वारा विकास के लिए लोन लिया जाता है। सरकार मुख्य रूप से खुले बाजार, नाबार्ड, हुडको, एनसीडीसी, आरइसी, एनएचबी से लोन लेती है। पहले नेशनल स्मॉल सेविंग फंड से केंद्र द्वारा लोन दिया जाता था। राज्य सरकार द्वारा इससे लोन लेना बंद कर दिया गया है। अभी पूर्व में इससे लिए गये लोन का केवल भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा भारत सरकार एवं बाह्य एजेंसी एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक), जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी, वर्ल्ड बैंक से लोन प्राप्त किया जाता है। जीएसटी मुआवजा राशि के लोन को लौटाने पर विभाग ने बताया कि जीएसटी मुआवजा प्राप्त करने की अंतिम तिथि जून 2022 थी। केंद्र से 50 वर्षों के लिए ब्याज रहित लोन चिन्हित स्कीम के लिए ही दी जाती है। इस लोन से उच्च ब्याज वाले लोन की भरपायी नहीं की जा सकती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार अपने संसाधनों से उच्च ब्याज दल वाले लोनों का भुगतान कर रही है।

## एसआईटी जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई करेगी सरकार : आलमगीर आलम

आलमगीर आलम ने यह भी कहा कि एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर सरकार आगे की कार्रवाई तय करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक जैसे मामलों को रोकने के लिए कानून भी बनाया है। विपक्ष को एसआईटी की जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। सरकार को भी उसका इंतजार है। दोषी लोगों को बख्शा नहीं जाएगी।



## भाजपा ने युवाओं का करियर बर्बाद किया : इरफान

सदन में भाजपा कह रही है कि सरकार ने युवाओं का रोजगार बेच दिया। पत्रकारों के इस सवाल का जवाब देते हुए जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा ने इस राज्य के युवाओं का करियर बर्बाद कर दिया है। सरकार हमारी है लेकिन तंत्र हमारे नहीं हैं। निश्चित रूप से उस तंत्र को हमलोग 2024 में कंट्रोल करना चाहते हैं। जेएसएससी हो या जेपीएससी सभी को बर्बाद भाजपा ने किया। शुरू से ही नींव कमजोर कर दी। खुद नौकरियां बेची और आज धरना पर बैठ कर नकली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सीएम से भी मुलाकात की है। हमने उनसे कहा कि जेएसएससी की जितनी परीक्षाएं हैं, उन्हें जल्दी से जल्दी निकाल जाए।



# मंजूनाथ भजंत्री का मामला सक्षम बेंच को ट्रांसफर करने का हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

## सांसद के खिलाफ दर्ज कराई थी प्राथमिकी

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने ईसीआई के इस दलील को नहीं माना कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (कैट) में होनी चाहिए।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर बहस हुई। कोर्ट ने कहा कि यह मामला रिट पिटीशन सर्विस (डब्ल्यूपीएस) का नहीं है। क्योंकि, सर्विस मैटर में एंप्लॉय एवं एंपलॉयर का संबंध रहता है। यह मामला रिट पिटीशन सिविल (डब्ल्यूपीसी) का है। इस मैटर को डब्ल्यूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए हाई कोर्ट में सुने जाने का निर्देश देते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया।



मामले में ईसीआई की ओर से इसकी सुनवाई कैट में करने का आग्रह किया गया था। राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि प्रार्थी के पास इस मामले को हाई कोर्ट के अलावा कैट में भी ले जाने का भी विकल्प है। याचिकाकर्ता मंजूनाथ की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ कोई प्रोसीडिंग कभी शुरू ही नहीं हुई है। इसलिए इस मामले को कैट में ले जाना उचित नहीं है। प्रार्थी की ओर से इस डब्ल्यूपीएस को डब्ल्यूपीसी में बदलने के लिए कोर्ट के समक्ष आवेदन दिया गया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह, अधिवक्ता प्रेरणा झुनझुनवाला, अधिवक्ता सुरभी ने पैरवी की। ईसीआई की ओर से अधिवक्ता एके सिंह ने पैरवी की। राज्य सरकार से अधिवक्ता पीसी सिन्हा ने पक्ष रखा। इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से बताया गया है कि मंजूनाथ ने मधुपुर उपचुनाव के दौरान दुर्भावना और राजनीति से प्रेरित होकर सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसलिए इन पर विभागीय कार्रवाई की जाए और आने वाले चुनाव में इन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

# प्रदेश कांग्रेस को बड़ा झटका : गीता कोड़ा बीजेपी में शामिल : बोलीं- उनके पास न नीति-ना सोच

## सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से सांसद है गीता कोड़ा, गठबंधन से चल रही थीं नाराज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से सांसद और झारखंड पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने सोमवार को कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गई हैं। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से वो गठबंधन से नाराज चल रही थीं। रांची में बीजेपी पार्टी ऑफिस में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। बीजेपी जॉइन करने के बाद गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं है, कोई सोच नहीं। पार्टी ने देश को गर्त में ले जाने का काम किया है।




बीजेपी पार्टी ऑफिस में सदस्यता लेने के बाद गीता कोड़ा व भाजपा के

## कांग्रेस एक परिवार को साथ लेकर चल रही : गीता

गीता कोड़ा ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि मैंने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली है, इसके पीछे का कारण सभी जानते हैं। कांग्रेस ने जिस तरह देश को गर्त में डाला है, कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है। कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलने की बात करती है लेकिन अपना परिवार साथ लेकर चल रही है। राजनीति का उद्देश्य जनता की सेवा करना है। जनता के बीच रहना। जहां जनता के हित को दरकिनार किया जा रहा है, वैसी पार्टी में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। अब मैं भाजपा के साथ जनता की सेवा करूंगी। मोदी के सपनों के भारत में जो भी मेरी भूमिका होगी उसे निभाऊंगी।

## गीता कोड़ा के आने से कोल्हान में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी : मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने गीता कोड़ा का स्वागत करते हुए कहा- गीता कोड़ा पहचान की मोहताज नहीं है। गीता कोड़ा दो बार विधायक रही हैं, सांसद बनीं और काम कर रही हैं। वह कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष भी रही हैं। नरेंद्र मोदी के काम से प्रभावित होकर ही वह भाजपा में शामिल हुई हैं। गीता कोड़ा के योगदान से कोल्हान ही नहीं पूरे झारखंड में भाजपा एक नयी ताकत और नई ऊर्जा के साथ काम करेगी। अब झारखंड की 14 लोकसभा सीटें भाजपा के खाते में आएगी। हम नरेंद्र मोदी के खाते में झारखंड की सभी सीटें देंगे। गीता गोड़ा 2009 से 2019 तक दो बार विधायक रह चुकी हैं।

## सीरीज पर कब्जा, रोहित और गिल ने जमाए अर्धशतक

# भारत ने चौथे दिन पांच विकेट से जीता रांची टेस्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड को 5 विकेट से हरा दिया। सोमवार को चौथे दिन टीम इंडिया ने 192 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। यानी कि एक मैच रहते 5 मैचों की सीरीज जीत ली। आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला के मैदान पर खेला जाएगा। टीम इंडिया ने चौथे दिन 40/0 से अपनी दूसरी पारी की शुरूआत की। टीम को जीत के लिए 152 रन की जरूरत थी। भारत के कप्तान रोहित शर्मा (55 रन) और शुभमन गिल (नाबाद 52 रन) ने अर्धशतक जमाए, जबकि ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन की पारी खेली। गिल और जुरेल के बीच नाबाद 72 रन की पार्टनरशिप हुई। इंग्लैंड से शोएब बशीर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। टॉम हार्टले और जो रूट को 1-1 विकेट मिला। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में इंग्लिश टीम ने 353 और टीम इंडिया ने 307 रन बनाए। इंग्लैंड टीम दूसरी पारी 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला था। पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला इंग्लैंड टीम 28 रन से जीती थी। दूसरा मैच भारत ने 106 और तीसरा मैच रिकॉर्ड 434 रन से जीता था।

**जीत से डब्ल्यूटीसी में भारत नंबर-2 पर बरकरार**

इस जीत से भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी-2023-25) के पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर बरकरार है। टीम के पास 64.58 परसेंटेज पॉइंट्स हैं, जबकि न्यूजीलैंड 75.00 परसेंटेज पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। भारत ने मौजूदा सीजन में अब तक 8 मैच खेले हैं, इनमें टीम ने 5 जीत हासिल की है, जबकि 2 में पराजय का सामना करना पड़ा है। एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।




## गिल और जुरेल के बीच नाबाद 72 रन की पार्टनरशिप

टीम इंडिया ने 40/0 के स्कोर से चौथे दिन अपनी दूसरी इनिंग आगे बढ़ाई। रोहित शर्मा ने 24 और यशस्वी जायसवाल ने 16 रन रन के निजी स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (52*) ने दूसरी इनिंग में अर्धशतक लगाए। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन की पारी खेली। गिल और जुरेल के बीच नाबाद 72 रन की पार्टनरशिप हुई। जुरेल ने पहली पारी में 90 रन बनाए थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। चौथे दिन पहला विकेट यशस्वी जायसवाल का गिरा। वे 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रोहित शर्मा 55 रन बनाकर आउट हुए।

# राष्ट्रपति के दौरे पर रांची में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## छह आईपीएस सहित दो हजार जवान रहेंगे तैनात

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 फरवरी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची जिला और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। राष्ट्रपति का कारकेड जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में छह आईपीएस के अलावा 10 डीएसपी, 25 इंस्पेक्टर, 20 दारोगा के सहित लगभग दो हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही राष्ट्रपति की सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता के अलावा जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को तैनात किया गया है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर एयरपोर्ट से लेकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तैनात सभी पुलिस अफसरों और कर्मियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया।



BRIEF NEWS

## नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित



**ROURKELA :** राउरकेला के सेक्टर 6 ग्रास ग्राउंड में लाजरुस लकड़ा मेमोरियल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह हुआ। इस टूर्नामेंट का आयोजन फ्रेंड्स क्लब द्वारा किया गया। सुंदरगढ़ के सांसद जुएल ओराम मुख्य अतिथि के रूप में और सामाजिक कार्यकर्ता अमिताभ सामल और बिमल बिसी सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। अतिथि के रूप में रोहित तांती और पुरूषोत्तम तांती भी शामिल हुए।

## हेलमेट चेकिंग फिर से शुरू, 20 बाइक चालकों से वसूला गया जुर्माना



**ROURKELA :** विरमित्रपुर में हेलमेट चेकिंग सोमवार को फिर से शुरू हुआ। खासकर हाईवे पर दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए विरमित्रपुर पुलिस द्वारा यह जांच किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हेलमेट के साथ वाहन के कागजात की भी जांच किया जायेगा। पहले दिन 143 राष्ट्रीय राजमार्गों में जांच की गई और मोटर वाहन कानूनों का उल्लंघन करने पर 20 बाइक चालकों पर जुमार्ना लगाया गया। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं। बताया गया है कि इस तरह का जांच को आगे और सख्त कर दिया जाएगा।

## नीदरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 5-3 से हराया



**ROURKELA :** बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में सोमवार को एफआईएच प्रो लीग पुरुष हॉकी का पहला मैच नीदरलैंड ने 5-3 गोल से जीत लिया। नीदरलैंड ने 3 फील्ड गोल और दो पेनल्टी कॉर्नर को परिवर्तित करके 5 गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 2 फील्ड गोल और एक पेनल्टी कॉर्नर को परिवर्तित करके निर्धारित समय में केवल 3 गोल किए।

## स्वस्ति साहित्य संसद का वार्षिक उत्सव



**ROURKELA :** राउरकेला स्वस्ति साहित्य संसद का 43वां वार्षिक काव्य महोत्सव बीरमित्रपुर में आयोजित किया गया है। इसका आयोजन उड़िया भाषा को बढ़ावा देने के लिए विरमित्रपुर जैसे उपनगरीय क्षेत्रों में संगठनों द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जॉर्ज तिर्की शामिल हुए। जॉर्ज ने कहा कि इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में ओड़िया भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कवियों और शायरों ने भाग लिया और कविता पाठ किया। बीरमित्रपुर में उत्कल सम्मेलन का एक शाखा कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया।

## ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक एवं वाद्ययंत्र, खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित



**ROURKELA :** सुंदरगढ़ विशेष विकास परिषद ने ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम और आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य आभूषण, संगीत वाद्ययंत्र, खेल सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक, रघुनाथपल्ली विधायक सुब्रत तराई, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दीलिप तिर्की, जिला विशेष विकास परिषद के अध्यक्ष विनय टप्पो मुख्य रूप से शामिल हुए। उदितनगर परेड क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में रघुनाथपल्ली, बीरमित्रपुर, बणई और अन्य विधानसभा क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। आदिवासी संस्कृति नृत्य आभूषण, कीर्तन मंडली को संगीत वाद्ययंत्र और युवाओं को खेल सामग्री वितरित की गई। अंत में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में शामिल हुए राज्यपाल, बोले-

# विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है अमृत भारत स्टेशन योजना

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे नेटवर्क की दक्षता और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे नेटवर्क विश्व स्तर पर सबसे बड़ी और सबसे विकसित प्रणालियों में से एक है, जो देशभर में लोगों एवं वस्तुओं के आवागमन की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण। ● फोटोन न्यूज

राज्यपाल पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झारखंड में रेलवे नेटवर्क विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड में टाटानगर और अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास इसी दिशा में एक सार्थक कदम है।

राज्यपाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना जैसी पहल विकसित भारत 2047 की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विकसित भारत के लिए अन्य योजनाओं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की है। इससे लोगों को काफी सुविधा प्राप्त हो रही है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर साउथ ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, टाटा में आयोजित ह्य2047 का विकसित भारत विकसित रेलह्व विषय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इस कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने अन्नामृत फॉउंडेशन में जाकर वहां की कार्यप्रणाली को देखा और पौधरोपण भी किया। अन्नामृत फॉउंडेशन के जरिए बच्चों को मिड-डे-मील उपलब्ध कराया जाता है।

# बाबा बासुकीनाथ का 18वां वार्षिक महोत्सव आयोजित



कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के पानपोष रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन मे सोमवार को श्री बाबा बासुकीनाथ का 18वां महोत्सव राउरकेला कावडिया संघ बासुकीनाथ मंडली के द्वारा आयोजित हुआ। मंडली विगत 60 वर्ष से सुल्तानगंज से कांवड मे जल लेकर 132 किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा बासुकीनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक करती आ रही है। इस भक्तिभाव कार्यक्रम का मुख्य जजमान शंभू जिंदल ने बाबा बासुकीनाथ की आराधना कर पूजा अनुष्ठान कर अखंड ज्योत जलाई। बाबा बासुकीनाथ का फूलो से श्रृंगार किया गया।

कोलकात्ता से आए भजन गायक जयंत व्यास, रितेश वर्णवाल,धनबाद झारखंड सुभाष भास्कर ने एक बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। इन भजनों मे अपनी धुन से महेश म्यूजिकल ग्रुप ने भक्तिमय कार्यक्रम से हजारों भक्तगण झूमते नजर आए।

कंपनी के द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से परेशान

# ग्रामीणों ने जीएम आयरन एंड स्टील के सामने किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के फेज 3 में स्थित आरआईटी थाना क्षेत्र में पड़ने वाली स्टील स्पॉन्ज आयरन कंपनी जीएम आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड के द्वारा फैलाए जा रहे हवा प्रदूषण से आसपास के ग्रामीण परेशान हैं। जिसके विरोध में आज पार्वती पुर कृष्णापुर, राहडगोड़ा समेत कई गांव के ग्रामीणों ने कंपनी पर हर-वे हथियार के साथ प्रदर्शन किया है। ग्रामीण महिलाएं कंपनी पर जहरीला धुआं छोड़ने का आरोप लगा रही थीं।



विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं तथा पुरुष कंपनी गेट के पास पहुंची और उग्र प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान कंपनी प्रबंधन से गेट खोलने की मांग ग्रामीण करने लगे। लाठी डंडे से लैस महिलाएं तथा पुरुष को देख कंपनी के अधिकारी कंपनी के गेट को बंद कर अंदर दुबके रहे। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर आरआईटी पुलिस पहुंची लेकिन ग्रामीणों के प्रदर्शन के आगे वह विवश दिखी। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कंपनी कई दिनों से अपने चिमनी से जहरीला धुआं छोड़ रहा है। जिसकी वजह से गांव में बीमारियां फैल रही है। आसपास के खेत खलिहान में सब्जी व अनाज खराब हो रहा है तथा पानी प्रदूषित हो रहा है।

इस मामले को लेकर ग्रामीण कई बार कंपनी प्रबंधन को अवगत कराया लेकिन अब तक इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो आज इसके विरोध में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण कंपनी गेट के समक्ष प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इधर पुलिस ग्रामीणों के खतरनाक मंसूबे को भांप मोर्चा संभाल रखे हैं और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है।

## जिला महिला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**ROURKELA :** जिला महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आज सेक्टर-6 इस्पात स्टेडियम में शुरू हो गया। ओडिशा सरकार के श्रम एवं ईएसआई मंत्री सारदा प्रसाद नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट की शुरूआत की। राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुनील कायल और सेफी के अध्यक्ष बिमल बिशी अन्य अतिथियों के रूप में शामिल हुए और पूर्व महिला क्रिकेटरों सुष्मिता पटनायक और सुजाता राउत के की प्रशंसा की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एक स्मारिका का अनावरण किया गया। आज दो मैच खेले गए, पहले मैच में राउरकेला बलांगीर से 72 रनों से जीत दर्ज की और दूसरे मैच में कटक कीट टीम ने भुवनेश्वर को 38 रनों से हरा दिया। मैच 15-15 ओवर के खेले गये।

# पीएम ने मीरुडीह रेलवे अंडरपास का किया ऑनलाइन शिलान्यास

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सोमवार को आदित्यपुर गम्हरिया स्टेशन के बीच स्थित मीरुडीह रेलवे फाटक के पास अंडर पास का प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन शिलान्यास किया। बता दें कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास साथ देश के 1500 रेलवे अंडर पास का शिलान्यास किया। मीरुडीह में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता गणेश महाली, नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह, कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष अम्बुज कुमार, कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेश धारी, कृष्णा मुरारी झा, रामाशंकर पांडेय, रंजन दास, रेलवे के नोडल अधिकारी अर्नब बनर्जी समेत आसपास का सैंकड़ों स्थानीय लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

मौके पर अपने संबोधन में भाजपा नेता गणेश महाली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में देश विकास की नई गाथा लिख रही है। आज जिस तरह से रेलवे के संसाधनों में विकास हुआ है वह आम जनता के लिए बहुपयोगी है। यह कार्य अमृत भारत योजना के तहत हो रही है। इस अंडर पास से एशिया के बडे औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों के आवागमन में सुविधा होगी, साथ ही स्कूली बच्चों को भी फायदा होगा। इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री बधाई के पात्र हैं।

इन योजनाओं से देश के करोड़ों लोगों को फायदा होगा। डिप्टी मेयर अमित सिंह ने कहा कि मोदी है तो गारंटी है का नारा आज सफलीभूत हो रहा है। देश के जिन 1500 रेलवे फाटक पर अंडर पास का निर्माण हो रहा है। उससे एक तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी वहीं लोगों को रेलवे फाटक पर रुकने की झंझट से छुटकारा भी मिलेगा। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्बुज कुमार ने भी केंद्र सरकार के इस योजना की सराहना की और इसे एक दुरदर्शी योजना बताया। उन्होंने कहा कि आये दिन मीरुडीह रेलवे फाटक पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी रहता था, जिसपर अब रोक लगेगी और लोगों का समय भी बचेगा।

# समाचार पत्र विक्रेता संघ के वनभोज में शामिल हुए पुरेंद्र

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** समाचार पत्र विक्रेता संघ आदित्यपुर का वनभोज सोमवार को आसंगी-डूंडरा चेक डैम में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह शामिल हुए। पुरेंद्र ने समाचार पत्र विक्रेताओं की समस्याओं को सुना औ? सरकार तथा अखबार प्रबंधनों से अखबार वितरकों की सुविधाओं को बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र विक्रेता सर्दी, गर्मी, बरसात में बगैर मौसम का ख्याल किये अहले सुबह लोगों के घर घर तक अखबार पहुंचाते हैं।

इनके बच्चों के लिए पढ़ाई, सस्ती चिकित्सा आदि की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी सरकार और अखबार प्रबंधन की है। इन्हें



सरकार ईएसआइ और पीएफ जैसी सुविधाएं ग्रुप बनाकर उपलब्ध कराए। उन्होंने सभी समाचार विक्रेताओं को एक छतरी के नीचे आकर सांगठनिक रूप से एक होने की भी अपील की। इस वनभोज में समाजसेवी व ब्याहुत कलवार समाज के अध्यक्ष कुमार विपिन बिहारी, संघ के अध्यक्ष भुसैल दत्त, सचिव पिंटू शर्मा, जयदेव मल्लिक, संतोष दुबे, नकुल दत्त, सुभाष गोराई, अनिल रजक, संजय भगत, राज मंडल, तरुण दास, विनोद शंकर मिश्रा, मिहिर धर आदि मौजूद रहे।

# भाकपा माओवादियों का पश्चिमी सिंहभूम में दो नक्सली कैंप ध्वस्त

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप को ध्वस्त कर दिया। सोमवार को नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान गोईलकेरा और टोन्टो और जटैया थाना क्षेत्र के झिरझोर और पोखरिया के बीच जंगली,पहाड़ी क्षेत्र में एक पुराने अस्थायी नक्सली कैंप को ध्वस्त कर दिया। इस कैंप में 70 लोगों की रूकने की व्यवस्था थी। जिसे सुरक्षाबलों ने ध्वस्त कर दिया। साथ ही नक्सली कैंप से दैनिक उपयोग में आने वाले सामग्री को बरामद किया।

**नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू :** नक्सलियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो,



नक्सली कैंप से बरामद सामग्री। ● फोटोन न्यूज

सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। जिसको लेकर जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है।

# प्रेमी ने बात करना बंद किया तो प्रेमिका ने काट ली हाथ की नस

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** प्रेमी ने फोन पर बात करना बंद किया तो प्रेमिका ने प्रेमी के घर जाकर अपनी हाथ की नस काट ली। मामला जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बारीडीह की है। इस घटना में प्रेमिका रिंकी तीयू गंभीर रूप से घायल हो गई। आननझफानन में प्रेमी दक्षिण टुडू के परिजनों ने तत्काल 100 डायल पर इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लहूलुहान अवस्था में रिंकी को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। रिंकी बेहोशी की हालत में है जिस कारण वह कुछ भी बताने में असमर्थ है।

**रिंकी ने की थी महिला थाने में लिखित शिकायत :** प्रेमी दक्षिण टुडू के पिता ने बताया कि वे लोग बारीडीह गोलचक्कर के पास रहते



है जबकि रिंकी बाबूडीह लाल भट्टा की रहने वाली है। एक साल पूर्व दोनो के प्रेम संबंध के बारे में पता चला था। उस वक्त रिंकी को मना किया था पर वह नहीं मानी थी। कुछ दिनों पूर्व रिंकी ने महिला थाना में लिखित शिकायत कर दी थी। थाने से बुलावा आने के बाद आज वे लोग महिला थाना जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच रिंकी घर आ गई। उससे बात करने के दौरान उसने घर पर रखा चाकू उठाया और अपने दोनो हाथों को नस काट ली। उन्होंने 100 डायल पर इसकी सूचना दी जिसके बाद उसे अस्पताल लेकर आए।

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी का प्रथम दीक्षांत समारोह दो मार्च को

# 28 छात्राओं को मिलेगा गोल्ड मेडल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** राजभवन के निर्देश के अनुसार जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह अब एक के बजाय दो मार्च को होगा। समारोह के अन्य कार्यक्रम यथावत रहेंगे। झारखंड के राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की सत्र 2021-2023 की स्नातकोत्तर मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, बीएड, एमएड, बीपीएड में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। प्रथम दीक्षांत समारोह में कुल 28 छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन




### छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए ड्रेस कोड

दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली छात्राएं गाउन और हैट नहीं पहनेंगी। उनके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से ड्रेस कोड तय किया गया है। लाल दुपट्टे के साथ सफेद सलवार कुर्ता या सफेद साड़ी लाल बॉर्डर या क्रीम कलर की साड़ी रेड बॉर्डर निर्धारित किया गया है। शिक्षकों के लिए क्रीम साड़ी लाल बॉर्डर एवं सफेद शर्ट के साथ क्रीम कलर की पैंट ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। सभी कमेटियां दीक्षांत समारोह की तैयारियों में जुटी हैं, ताकि सफलतापूर्वक समारोह का आयोजन किया जा सके।

संबंधित छात्राओं को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान करेंगे।

**इन छात्रों को मिलेगा गोल्ड मेडल :** बांग्ला-ब्यूटी चक्रवर्ती, अर्थशास्त्र-सिमरन साह, अंग्रेजी-श्रेया गुहा, भूगोल-सुरभि जे मिंज, हिंदी-तहसीन परवीन, इतिहास-किरण दीप कौर, गृह विज्ञान-सुनीता मुंडरी, संगीत-अपूर्व श्रीवास्तव, ओड़िया-नर्मदा कुमारी महापात्र, दर्शनशास्त्र-उर्मिला माडी, राजनीति शास्त्र-अनुप्रिया, मनोविज्ञान-नेहा शर्मा, संस्कृत-मनीषा महतो, उर्दू-सगुफ्ता तरन्नुम, वनस्पति शास्त्र-स्वाति कुमारी, रसायन शास्त्र-महुआ दास, गणित-मनीष शुक्ला, भौतिक-खुशबू कुमारी, जंतु विज्ञान-निशा मांझी, वाणिज्य-श्वेता कुमारी पटेल, बायोटेक्नोलॉजी-जरा हयात अंसारी, एमबीए-शालिनी कुमारी, एमसीए-मेघनाथ पत्तने, लाइब्रेरी साइंस-पामेला दत्ता, एमएड-रितिका सिंह, श्रेया चटर्जी, बीएड-रक्षा सिंह, बीपीएड-प्रीति कुमारी।

# आदित्यपुर : प्राचीन तकनीक से लोहा बनाएंगे एनआईटी के शोधकर्ता

**PHOTON NEWS SARAIKELA :** एनआईटी जमशेदपुर के मेटलर्जिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रो रंजीत प्रसाद और डॉ. राम कृष्ण के नेतृत्व में बीटेक के द्वितीय वर्ष का छात्र समूह पिछले दिनों 24 फरवरी को लोहरदगा ज़िले के बिशुनपुर के हारूप गाँव का दौरा किया। उनका उद्देश्य उभरती तकनीकों के साथ प्राचीन लोहा बनाने की तकनीक सीखना और उसका पता लगाना था। एनआईटी जमशेदपुर का उद्देश्य समुदाय की आजीविका बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक के साथ इन प्राचीन तकनीकों को जोड़ना है। भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस), नई दिल्ली के साथ एक सहयोगी परियोजना शुरू की गई है। इस विधि में उत्कृष्ट गुणों के साथ संक्षारण प्रतिरोधी लोहा बनाने के लिए निम्न-श्रेणी के अयस्क का उपयोग



लोहा बनाने की तकनीक देखते एनआईटी के शोधकर्ता। ● फोटोन न्यूज

करना शामिल है।

गांव में इस प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता है, जैसे कि ब्लूमरी फर्नेस में लोहा बनाने के लिए निम्न श्रेणी का लौह अयस्क और लकड़ी का कोयला। इस प्रथा की लोकप्रियता में गिरावट के बावजूद हारूप गांव आत्मनिर्भर रहना चाहता है और एनआईटी जमशेदपुर इसमें मदद कर रहा है। वर्तमान में, गांव में केवल एक व्यक्ति इस तकनीक का अभ्यास करता है, जो बिरुजिया परिवार में पीढ़ियों से चली आ रही है। इस तकनीक के प्रति श्री बाफाया के समर्पण ने इसकी निरंतरता को प्रेरित किया है। प्रोफेसरों और छात्रों की टीम आधुनिक तकनीक के साथ इस पारंपरिक तकनीक को और अधिक खोज और एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दंगल मूवी देखी और शुरू कर दी पहलवानी

## भागलपुर में महिला पहलवानों का दंगल; 5 राज्यों के खिलाड़ी हुए शामिल

एजेंसी

**भागलपुर ।** भागलपुर के गोनूधाम में माघी पूर्णिमा पर दंगल का आयोजन किया गया है। यहां महिला पहलवानों के बीच रोचक दंगल हुआ। देखने वालों की भी भीड़ उमड़ पड़ी। पहली बार भागलपुर में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, छत्तीसगढ़, हरियाणा के अलावा कई जगह से महिला रेसलर पहुंचीं थीं इसे देखकर गांव की लड़कियां काफी प्रभावित हुईं। अब वह भी पहलवानी के क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाना चाहती है। बक्सर की शिवांगी सिंह ने कहा कि मैं दंगल मूवी से काफी प्रभावित हुई थी। पहलवानी को अपना लक्ष्य बना लिया है। यहां आकर बहुत अच्छा लगा है।वहीं, इस दंगल में भागलपुर और इसके आसपास के हजारों लोगों की भीड़ देखी गई।





प्रयागराज से आई रोशनी ने साधना को मात देकर इस आयोजन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, महाराष्ट्र से आए काला चीता ने बिहार के दीपक को पानी पीला दिया। उत्तर प्रदेश से आए गामा ने अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। गोनु धाम माघी पूजा समिति के अंतर्गत हो रहे दंगल के आयोजन के अध्यक्ष लड्डू यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम को करने का हमारा उद्देश्य है देश की मिट्टी से जुड़ा खेल कुश्ती जगा रहे। लोगों को देश के कोने-कोने से खिलाड़ियों की पहचान हो और हर जगह का दांव पेंच सीखें। अपने देश को ओलिंपिक में कुश्ती में पदक दिलाए, जिससे अपने देश का नाम रोशन हो।महाराष्ट्र और प्रयागराज से आई महिला पहलवान साधना रोशनी, शिवानी शिवांगी ने कहा कि बिहार आकर हमें काफी अच्छा लगा और ऐसा माहौल बहुत कम जगह पर देखने को मिलता है। यहां देश के हर कोने से आए पहलवानों से लड़ने का मौका मिला और बहुत कुछ सीखने को मिला। कमेटी को दिया धन्यवाद वहीं, रोशनी पहलवान जो उत्तर प्रदेश प्रयागराज से आई थी। उन्होंने कहा कि भागलपुर के गोनूधाम की जनता और कमेटी काफी अच्छी है। मुझे यहां आकर काफी अच्छा लगा। महिलाएं कभी किसी से ना कम थी, न कम है। आगे भी कम नहीं रहेगी। अभिभावक अपनी बच्चियों को घर में बंद न रखें। वह जिस क्षेत्र में जाना चाहे, उसे सपोर्ट जरूर करें।

## ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर तेजस्वी ने लिए 50-50 लाख



**गया ।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर गंभीर आरोप लगाया है। मांझी ने कहा कि पिछली महागठबंधन की सरकार में तेजस्वी यादव ने ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर 50-50 लाख रुपए लेकर हजारों करोड़ रुपए कमाए हैं। जीतन राम मांझी ने रविवार की शाम बोधगया में यह बातें कही। पूर्व सीएम ने कहा कि तेजस्वी बड़े पैमाने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल करने जा रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं होने दिया। हालांकि, तेजस्वी ने हजारों करोड़ रुपए जरूर कमा लिए है। सीएम नीतीश की ओर से ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल नहीं होने देने से साबित होता है कि सरकार में मुख्यमंत्री का ही सबकुछ चलता है, ना कि किसी उपमुख्यमंत्री का।मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव शिक्षक नियुक्ति मामले में जो ऊल-जलूल बातें करके वाह-वाही लूटना चाहते हैं, वह गलत है। उनकी बातों में मूर्ख लोग तो आ सकते हैं, पर जानकार लोग सिर्फ हंसते हैं। क्योंकि, उपमुख्यमंत्री का पद कोई संवैधानिक पद नहीं होता है। तेजस्वी के विधानसभा से गायब रहने पर भड़के मांझी मांझी ने कहा कि बीते 45 साल से मैं विधानसभा में हूं, लेकिन यह पहली बार देख रहा हूं कि बजट सेशन को छोड़ कर बिहार के प्रतिपक्ष का नेता भाग गया हो। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के पास राजस्व मंत्रालय भी था। क्यों नहीं उन्होंने उन भूमिहीनों को जमीन दिया, जिनके पास एक धुर भी जमीन नहीं है। सरकार के पास लाखों एकड़ जमीन है।


मंत्रालय भी बदलेगा और मंत्री भी बदले जाएंगे- मांझी

जीतन राम मांझी ने कहा कि बजट सेशन के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा। आप देखेंगे कि मंत्रालय भी बदलेगा और मंत्री भी बदले जाएंगे।

## भोजपुर में अवैध संबंध में पत्नी की हत्या

एजेंसी

**आरा ।** भोजपुर में 3 बच्चों की मां का फंदे से लटका शव उसके ससुराल में मिला है। परिवार का आरोप है कि उसका पति 2 महीने पहले 2 बच्चों की मां को घर ले आया था। हमारी बेटी पति के अवैध संबंध का विरोध करती थी। इस वजह से पति और ससुर उसके साथ मारपीट करते थे। ससुराल वालों ने उसकी हत्या के बाद उसके शव को लटका दिया है। हत्या के बाद पति समेत सभी ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए। मृतका



नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव के पकड़ी टोला निवासी धर्मेंद्र राम की 28 वर्षीय पत्नी पुतुल कुमारी उर्फ ज्योति कुमारी है। मामला जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव का है।इधर, ज्योति के चाचा चंद्रमा राम ने बताया कि गड़हनी थाना क्षेत्र के नहसी गांव निवासी राम रतन राम ने अपनी बेटी ज्योति की शादी मड़नपुर गांव के पकड़ी टोला निवासी राजेंद्र राम के बेटे धर्मेंद्र राम से की थी। शादी मई 2015 में सज्जोझसमान और हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई। शादी के बाद इन्हें दो बेटे और एक बेटी हैं। कई सालों तक सब ठीक था, लेकिन इधर दो महीने पहले उसका पति धर्मेंद्र राम दो बच्चों की मां को भगाकर अपने साथ लेकर घर आ गया।

## नाबालिग बेटी की गला घोंटकर हत्या, पिता गिरफ्तार

एजेंसी

**मोतिहारी ।** मोतिहारी में 16 साल की नाबालिग बेटी की पिता ने हत्या कर दी। प्रेम प्रसंग को लेकर पिता ने यह कदम उठाया। लड़की के पिता ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी, लेकिन वह घर से भाग गई। पिता ने बेटी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को घर के एक किलोमीटर दूर खेत में फेंक दिया। वारदात दरपा थाना क्षेत्र में गुलरिया के पिपरा की है। नाबालिग 7 फरवरी को गायब हुई थी। आठ को उसकी डेड बॉडी मिली थी। नाबालिग के पिता ने उसके प्रेमी समेत चार लोगों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए



प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एसपी कांतेश मिश्रा ने रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया और वैज्ञानिक तरीके से हत्या की जांच शुरू की। पिता ने पुलिस के सामने किया खुलासा इस दौरान पुलिस की शक की सुई नाबालिग के पिता राम प्रवेश साह पर गई। पुलिस उससे पूछताछ की तो पहले उसने बेटी की हत्या करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने जब सख्ती दिखाई तो एक एक कर पूरे कांड का खुलासा कर दिया।पूछताछ के दौरान राम प्रवेश साह ने बताया कि मेरी बेटी का एक युवक से संबंध था। वह उससे हमेशा फोन पर बात करती थी। कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं मान रही थी। इससे पहले वह कई बार घर से भाग भी चुकी थी, फिर उसे पकड़ कर लाया और उसकी शादी तय कर दी। उसकी शादी 26 अप्रैल को रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सुखी सेमरा में तय हुई थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। मेरी इज्जत चली जाती इसलिए मार दिया वह सात फरवरी की रात एक बार फिर से भाग निकली। पता चला तो उसका पीछा कर पकड़ लिया। घर आने को कहा, लेकिन वह नहीं मानी। मुझे लगा कि मेरी इज्जत जा रही है। बेटी की शादी तय कर दी और वह दूसरे के साथ भाग गई तो क्या होगा, यह सोच कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

## संक्षिप्त डायरी

### अवैध रूप से सड़क निर्माण को लेकर प्राथमिकी



**सीतामढ़ी।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट) डुमरा की खाली पड़ी जमीन पर अनाधिकृत रूप से कराए जा रहे सड़क निर्माण के खिलाफ डुमरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया गया कि दबंगों द्वारा सड़क निमार्ण कराई जा रही है। इसकी जानकारी मिलने पर डायट के प्राचार्या ने अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर के लिए डुमरा थानाध्यक्ष को आवेदन दिया है। प्राचार्य कुमारी अर्चना ने थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यमिक शिक्षा प्रशाखा कार्यालय के पीछे डुमरा बीआरसी के बगल में डायट डुमरा के खाली जमीन पर अज्ञात व दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर मिट्टी भरकर पक्कीकरण करने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने थानाध्यक्ष से अनाधिकृत रूप से कराए जा रहे कार्य को अविलंब रोक लगाते हुए अज्ञात व्यक्तिओं के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की जमीन पर पहले से ही अंश रकबा पर दबंगों का कब्जा रहा है। गत वर्ष सितंबर-अक्टूबर में फजीर्वाड़ा कर अतिक्रमित जमीन की खरीद-बिक्री की प्रक्रिया की भनक लगने पर डायट की प्रभारी प्राचार्या कुमारी अर्चना ने विभागीय अधिकारियों के अलावा डीएम, एसी, डीसीएलआर व सीईओ को मामले की जानकारी देकर डायट की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया था।साथ ही उक्त जमीन के स्वामित्व समेत अभिलेख उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी प्राचार्या के अनुसार डायट की कुल नौ एकड़ 77 डी. जमीन में विभिन्न खेसरा का रकबा करीब छह एकड़ 77 डी. डायट के सामने मेन रोड से दक्षिण तरफ है, जो चाहरदीवारी युक्त नहीं है। वर्तमान में उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर गुमटी दुकान और आवास घर बनाकर अतिक्रमण किया गया है।

### ट्रक और पिकअप में टक्कर, 1 की मौत, 9 घायल



**छपरा।** छपरा में सोमवार की सुबह ट्रक और पिकअप के बीच टक्कर हो गई। हादसे में 1 की मौत और 9 लोग घायल हो गए। इनमें 4 की हालत गंभीर है। सभी आर्केस्ट्रा में काम करते थे। जो शादी समारोह में कार्यक्रम के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की वाहन के पड़खच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। वाहन के पाट्‌र्स को इलेक्ट्रिक कटर से काटा गया। लोगों ने घायलों को सीवान के भगवान पुर हाट पीएचसी भर्ती कराया। जहां से सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना सहजीतपुर थाना क्षेत्र से पिंडरा गांव की है।मृतक की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के सतुआ गांव निवासी भगवान चौधरी के बेटे हरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायलों में महारानी निवासी उपेंद्र प्रसाद की पत्नी आरती कुमारी (51), कोलकाता निवासी मुस्कान खान (50), छपरा निवासी कन्हैया मिश्रा के बेटे प्रदीप कुमार (20), कोलकाता निवासी मेराज खान की बेटी मनु खान (21), मधुबनी निवासी ब्रजेश नारायण प्रसाद के बेटे सोनू कुमार (29), छपरा निवासी अंबिका महतो के बेटे मुकेश कुमार (25), नेपाल निवासी मानसीन की बेटी बेबी कुमार (20) शामिल हैं। इनमें प्रदीप, सोनू, मुकेश के अलावा एक अन्य की स्थिति नाजुक है।सभी घायल सोमवार की सुबह सीवान के बसंतपुर जानकी नगर से एक शादी समारोह में म्यूजिकल कार्यक्रम खत्म कर अपने घर मशरख के डुमरसन बाजार जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया।

### सदर अस्पताल में शराबी युवक ने किया हंगामा



**बेगूसराय।** बेगूसराय रेलवे स्टेशन से एक शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद नशे की हालत में उसे सदर अस्पताल लाया गया। इसके बाद आरोपी ने जमकर हंगामा किया। पुलिसकर्मियों से ही उलझ गया। यह हंगामा शराबी युवक की ओर से सदर अस्पताल में किया गया।वहीं, शराबी की पहचान खगरिया के रहने वाले इरफान खान के रूप में की गई है। पुलिस के जवानों ने बताया कि नई दिल्ली सहरसा वैशाली एक्सप्रेस जिस वक्त पहुंची उसी वक्त शराबी को रेलवे स्टेशन पर देखा गया।तत्पश्चात उसे रेल पुलिस के जवानों ने हिरासत में ले लिया। लेकिन जैसे ही उसे लेकर जांच के लिए सदर अस्पताल पहुंचे तो शराबी युवक के द्वारा पुलिस वालों से ही बाद विवाद किया गया। मीडिया कर्मियों ने भी शराबी की विजुअल बनाने की कोशिश की तो आरोपी इरफान खान मोबाइल छीनने लगा। फिलहाल जांच के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

## कैमूर में 2 मॉडल, सिंगर-गीतकार समेत 9 की मौत

एजेंसी

**कैमूर ।** कैमूर में रविवार देर शाम एक स्कॉर्पियो बाइक को टक्कर मारते हुए ट्रक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार समेत 9 की मौत हो गई। मरने वालों में भोजपुरी सिंगर छोटू पांडेय(35), गीतकार सत्यप्रकाश मिश्रा वैरागी(40), 2 मॉडल आंचल तिवारी(23) और सिमरन श्रीवास्तव भी शामिल हैं। स्कॉर्पियो में भोजपुरी गायक-गायिका की पूरी टीम थी, जो एक मांगलिक कार्यक्रम में जा रहे थे और हादसे का शिकार हो गए। कैमूर डीएम सावन कुमार ने बताया कि बाइक को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो अनियंत्रित हुई और ट्रक से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार



सहित 9 लोगों की मौत हो गई है। हादसे के बाद पुलिस राहत बचाव कार्य शुरू किया। देर रात जिला अधिकारी सावन कुमार, एसपी ललित मोहन शर्मा और केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों को सांत्वना दी। अश्विनी चौबे ने कहा कि सभी काफी अच्छे कलाकार थे।मृतकों में बक्सर गम्हरिया निवासी और स्कॉर्पियों ऑनर प्रकाश राय (32) जो ड्राइव कर रहे थे, बक्सर निवासी भोजपुरी सिंगर छोटू पांडे (35), कानपुर निवासी सिंगर सत्य प्रकाश मिश्रा (40), कानपुर निवासी मॉडल सिमरन श्रीवास्तव, बनारस की रहने वाली मॉडल आंचल तिवारी (23) जिनके आधार कार्ड पर महाराष्ट्र का एड्रेस है, बक्सर निवासी ब्रजेश पांडे (17), बक्सर निवासी शशि पांडे और बाइक सवार दघीवल सिंह शामिल हैं।कैमूर में रविवार देर शाम ये भीषण सड़क हादसा हुआ था। जहां तीन गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

## लापता किशोर का नहीं मिला सुराग

**सीवान।** सीवान में बीते 5 दिनों से एक किशोर लापता है। पीड़ित परिजन किशोर की हत्या की आशंका जता रहे हैं। लापता किशोर हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बिंदवल गांव का रहने वाला अनवर अली का पुत्र औसर उर्फ विराट(16) है। विराट की मां गुड़िया खातून ने बताया कि बीते गुरुवार को विराट बाजार से मछली खरीदने के लिए गया था। शाम के समय जब मछली लेकर घर आया तो गांव के ही एक अन्य किशोर का फोन आया। विराट ने अपने घर पर अपने दोस्त से मिलकर वापस लौटने का बात कही और घर से निकल गया। काफी रात होने के बाद भी जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। लेकिन विराट का कोई



पता नहीं चल सका।अगले दिन भी सभी संभावित जगहों पर परिजनों ने ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। तब पीड़ित पिता अनवर अली ने थाने में आवेदन देकर गांव के ही दो युवकों के ऊपर अपहरण कर लेने का आरोप लगाया है।

## प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में प्रेम प्रसंग को लेकर लड़की भगाने के एक मामले में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें एक ही पक्ष के पांच लोग घायल हैं जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के खरीदी गांव की है।। पीड़ित की पहचान खरीदी गांव निवासी प्रिंस कुमार कन्हैया कुमार एवं उनके ही परिवार के अन्य लोगों के रूप में की गई है। वहीं आरोपी पड़ोस के रहने वाले फरिक राजेश राम सहित अन्य लोग बताये जा रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार की बहन एवं राजेश राम के भाई अभिषेक कुमार के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 17 फरवरी को अभिषेक कुमार अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया है। इस बात को



लेकर प्रिंस कुमार ने राजेश कुमार से शिकायत की। इसको लेकर गांव में एक पंचायती भी हुई ,जिसमें राजेश कुमार ने एक सप्ताह के अंदर लड़की का पता लगाकर वापस करने की बात कही थी। इसी बात को लेकर आज प्रिंस कुमार अपने परिवार के लोगों के साथ राजेश कुमार के घर पर पूछने के लिए गए थे। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है ।

## इंजीनियर महिमा की मौत, पिता बोले-हत्या हुई है

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर जल संसाधन विभाग की सहायक अभियंता महिमा कुमारी (25) की संदिग्ध हालत में हुई मौत को लेकर पुलिस जांच तेज हो गई है। इस मामले में महिमा के पिता राजकिशोर पासवान ने मुजफ्फरपुर के सदर थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें मृतका के पिता ने सुनियोजित साजिश के तहत अपनी बेटी का हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार सीने और जांघ पर किसी के पैर के निशान थे। उसके नाक और कान से खून बह रहा था। घर के सभी दरवाजे खुले थे। इससे साफ लगता है कि किसी ने हत्या की है। वहीं, पिता के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।अपनी बेटी



की संदिग्ध मौत की सूचना पाकर मृतक सहायक अभियंता महिमा की मां और मौसी समेत कई परिजन लखीसराय से मुजफ्फरपुर पहुंचे। जहां मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रविवार को एसएसपी राकेश कुमार से मुलाकात की। परिजनों ने महिमा के हत्या की आशंका जताई गई। पिता ने थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उनकी बेटी महिमा जल संसाधन विभाग के मुजफ्फरपुर कार्यालय रामदयालु में कार्यरत थीं। जहां वह अपने कार्यालय से थोड़ी ही दूर पर रामदयालु के प्रज्ञापति नगर में विनोद कुमार के मकान में दो सालों से रह रही थीं। बीते शनिवार की शाम करीब 5 बजे मकान मालिक



ने फोन कर बताया कि महिला की मौत हो गई है।परिजनों के अनुसार महिमा का शव बाथरुम के सामने पड़ा हुआ था। उस वक्त उसने जीन्स और टॉप पहना था। उसके एक पैर में जूता था। सीने और जांघ पर किसी के पैर के निशान थे। उसके नाक और कान से खून बह रहा था। एक कान में सोने का टॉप था जबकि दूसरे कान का टॉप जमीन पर गिरा था। घर के सभी दरवाजे खुले थे। इससे स्पष्ट लगता है कि उसकी हत्या की गई है। इन बातों का मृतका के पिता ने अपने आवेदन में जिक्र करते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस से इंसाफ देने की गुहार लगाई गई है। बता दे, मुजफ्फरपुर में लखीसराय की महिला इंजीनियर महिमा कुमार का शव उसके कमरे में मिला है। मृतक महिला जल संसाधन विभाग में सहायक इंजीनियर के पद पर कार्यरत थी और किराए के मकान में पिछले 2 साल से रह रही थी। घटना शहर के सदर थाना क्षेत्र के अतरदह मोहल्ले की है। शनिवार की शाम मकान मालिक ने बैडरुम के पास शव देखा। इसके बाद घटना की सूचना सदर थाने को दी। मामले की सूचना मिलने के बाद सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार और ASP टाउन भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं।बताया जा रहा है कि महिला के गले पर चोट के निशान मिले हैं। ASP भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पूरा मामला संदिग्ध है। घर में चोरी या लूट के कोई सबूत नहीं मिले है।

# आंदोलन और उदारता


किसान आंदोलन के नेताओं के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू न करने का हरियाणा सरकार का फैसला सुखद और स्वागतयोग्य है। यह सर्वविदित है कि ज्यादातर आंदोलनकारी पंजाब से आए हैं और दिल्ली से लगती हरियाणा की सीमा पर जमे हुए हैं। अतः मुख्य रूप से आंदोलनकारियों को अनुशासन में रखने की जिम्मेदारी हरियाणा सरकार पर ही है। जाहिर है, पुलिस प्रशासन परंपरा के अनुरूप कड़ाई के पक्ष में है और हिंसक तत्वों को काबू में करने के लिए कड़े कानूनों का इस्तेमाल चाहता है। अक्सर दलील दी जाती है कि किसी भी तरह की अराजकता या हिंसा को रोकने के लिए ही राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जैसे कड़े प्रावधान संविधान में किए गए हैं, अतः इनके इस्तेमाल में कोई बुराई नहीं है। हालांकि, प्रशासन को यह एहसास होना चाहिए कि अब पहले का दौर नहीं है। संसाधनों से मजबूत किसानों पर ज्यादा कड़ाई से समाधान को कदापि बल नहीं मिलेगा। अतः राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को फिलहाल हाशिये पर करना यथोचित फैसला है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने अगर किसानों के दर्द को समझते हुए यह फैसला लिया है, तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए। इस फैसले से हरियाणा सरकार का नैतिक बल बढ़ेगा और समाधान की दिशा में पहल करने के लिए वह ज्यादा सक्षम होगी। गौर करने की बात है कि किसान आंदोलन में अब तक करीब पांच किसानों की मौत हुई है और ऐसी स्थिति में भी किसान नेताओं पर सख्ती बरतने का फैसला प्रशंसनीय नहीं था। खैर, पुलिस प्रशासन के स्तर पर गुरुवार की तल्खी शुक्रवार को नरम पड़ गई। अब अधिकारियों ने कहा है कि हरियाणा पुलिस प्रदर्शनकारियों और उनके नेताओं से शांति बनाए रखने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील करती है। यह जरूरी अपील है। 13 फरवरी से ही असामाजिक तत्व दिल्ली कूच के मकसद से सीमा पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ये तत्व पुलिस पर पथराव भी कर रहे हैं। आंदोलन का मतलब यह नहीं कि लोकतंत्र और संविधान को ताक पर रख दिया जाए। हरियाणा सरकार का यह फैसला एक मिसाल है और उससे सीखा जा सकता है। अनेक राज्यों में ऐसा देखा गया है कि पुलिस तत्काल कड़े से कड़े कानून लगाने में जुट जाती है, जबकि बदलते दौर और एक आम भारतीय के महत्व को समझने व सम्मान देने का समय आ चुका है। सरकारों को पुलिस बल के आधार पर नहीं, बल्कि अपने नैतिक बल के आधार पर समाधान तलाशने चाहिए। अच्छी राजनीति या अच्छी नीतियों से भी सरकारों का नैतिक बल बढ़ता है। मिसाल के लिए, हरियाणा सरकार के ही ताजा फैसले को देखा जा सकता है। राज्य के मुख्यमंत्री ने सितंबर 2023 तक किसानों द्वारा लिए गए सभी कृषि ऋण की मूल राशि के भुगतान पर ब्याज और जुमार्ने को माफ करने की घोषणा कर दी है। लगे हाथ, किसानों के जोखिम को कम करने के लिए समर्थन योजना में 21 सब्जियों और फलों की फसलों को शामिल किया गया है।

# अनूठा पहलू

इंटरनेट-बंदी और सोशल मीडिया पर बोलने की आजादी पर मनमाना अंकुश सत्ता में बैठे लोगों के लिए बेरोक हथियार बन गया है। हरियाणा व राजस्थान की राज्य सरकारें और केंद्र सरकार किसानों के विरोध-प्रदर्शन के साथ जिस तरह से पेश आयी हैं, उसमें यह तथ्य बिल्कुल साफ नजर आता है। इन राज्य सरकारों ने इंटरनेट-बंदी का इस्तेमाल मनमाने ढंग से, और बिना पर्याप्त वजहों के किया है। उन्होंने इस तरह की बंदी लागू करने के लिए किसी वास्तविक सबूत के बगैर, कानून-व्यवस्था के ध्वस्त होने की आशंका से जुड़े अस्पष्ट कारणों का इस्तेमाल किया है और इस तरह, यह मामला अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ में निर्धारित समानुपातिकता के परीक्षणों के तहत आता है। दूसरी तरफ, भारत सरकार ने विरोध-प्रदर्शनों का नेतृत्व करनेवालों या महज समर्थन करनेवालों के खाते ब्लॉक करने के लिए एक्स जैसी सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी करने के अपने बारंबार-प्रयुक्त हथियार का इस्तेमाल किया है। इसके लिए उसने इन खाता धारकों को कारण भी नहीं बताये हैं। पहले, जब एक्स को ट्विटर के नाम से जाना जाता था, वह ब्लॉक करने के सभी अनुरोधों को तब तक स्वीकार नहीं करता था जब तक कि वे उसके अपने नियमों का उल्लंघन नहीं करते थे या दर्ज कारणों के साथ यथेष्ट रूप से जारी नहीं किये जाते थे। ट्विटर/एक्स ने 2020-21 में किसान आंदोलन के पहले चरण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना तकनीक मंत्रालय द्वारा जारी कई थोक ब्लॉकिंग आदेशों को चुनौती देने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने, एकल पीठ द्वारा दिये गये समस्याग्रस्त फैसले में, एक्स की याचिका खारिज कर दी, लेकिन बाद में कंपनी की अपील स्वीकार की और उस पर सुनवाई चल रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इलॉन मस्क द्वारा अधिग्रहण के बाद से, एक्स अपनी उस पारदर्शिता रिपोर्ट को प्रकाशित नहीं कर रहा है जो ब्लॉक करने, सामग्री या खाता हटाने के लिए भारतीय सरकारी एजेंसियों द्वारा किये गये कानूनी अनुरोधों की जानकारी देती है। ह्यएक्सह्ल ने यह स्वीकार किया कि उसने सरकार द्वारा चिन्हित खातों और पोस्टों को रोकने का फैसला लिया है, भले ही वह इन कार्रवाइयों से असहमत हो। ऐसा करके वह इन कार्रवाइयों से प्रभावित अपने उपयोगकताओं की किसी भी किस्म की मदद करने से हाथ खड़े कर रहा था।

# अब अयोध्या के आसमान में सप्तऋषि भी चमकेंगे

ANALYSIS



✍ हृदयनारायण दीक्षित

भारत के अंत:करण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी।

अयोध्या अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्तऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्तऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधु कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं। भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए




भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्ययंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराणकाल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्तऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्तऋषि मण्डल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है। भारत का मन ऊध्र्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चन्द्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्माण्ड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं। विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों- आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार, "ऋचाएं या कविताएं 'परम व्योम' में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाइवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की-वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं लेकिन गंगाजल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं। आचार्य वराह मिहिर ने 560 ईस्वी के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्तऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्तऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है। ये सप्तऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गए हैं। तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकाश में बैठाया है। ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवें मण्डल तक 6 मण्डलों को 'वंश मण्डल' कहा जाता है। 6 मण्डलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मण्डल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है।

**लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# चुनावी बॉन्ड पर रोक के मायने

चुनावी बॉन्ड पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की विवेचना से पहले एक पुराने प्रसंग की चर्चा प्रासंगिक है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि चुनाव आयोग के पास खर्च का जो ब्योरा दिया जाता है, वह झूठ का पुलिंदा होता है। फरेब से करियर की शुरूआत करने वाले सांसदों एवं विधायकों से सुशासन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? यूपीए-दो के दौर में कांग्रेस के एक बड़े सांसद ने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था कि राज्यसभा की सीट के लिए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की बोली लगती है। यह जगजाहिर है कि कई प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में कई सीटों में 50 करोड़ और विधानसभा में 10 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करते हैं। पार्षद और प्रधानी के चुनावों में भी उम्मीदवार करोड़ों खर्च करने लगे है। चंडीगढ़ मे मेयर चुनाव मे धांधली, उठापटक, दलबदल और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से साफ है कि सभी पार्टी के नेताओं मे सेवा की बजाय मेवा की प्रमुखता बढ़ रही है। इसीलिए चुनाव में पार्टियों का टिकट हासिल करने के लिए सबसे ज्यादा भीड़ और उपद्रव होते हैं। ईडी और सीबीआइ के छापों से नेताओं की काली कमाई के कारनामे सामने आ रहे हैं। इसलिए धनिक नेताओं का सत्ता पक्ष के साथ गठजोड़ या दलबदल भ्रष्ट चुनावी राजनीति का बड़ा पहलू है। छिट-पुट मामलों पर मीडिया में सुर्खियां बटोरने वाले पक्ष-विपक्ष के नेताओं को चुनावी बॉन्ड जैसे मामलों में गंभीर बहस में कोई दिलचस्पी नहीं है। आजादी के पहले राजनीति में देशभक्ति और राष्ट्रीयता का जोश रहता था। धीरे-धीरे नेतागीरी पैसे कमाने का कारोबार बन गयी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले और नये कानून पर किसी बात से पहले काले धन के चार पहलुओं को समझना जरूरी है। पहला- किसी भी जायज आमदनी पर आयकर नहीं देने से काले धन की शुरूआत होती है। दूसरा- अफसरों और नेताओं की भ्रष्ट आमदनी कालेधन के साथ गैरकानूनी भी है। तीसरा- उद्योगपतियों द्वारा गैरकानूनी खनन, सरकारी बैंकों के साथ धोखाधड़ी और सरकारी खजाने को चूना लगाकर मनी लाउंड्रिंग करने वाले सफेदपोश अपराध देश के साथ गद्दारी है। चौथा- हथियार और नशीले पदार्थों के माध्यम से अर्जित काला धन समाज और देश के खिलाफ संगठित हमला है। कालेधन को रोकने के नाम पर बनाया गया चुनावी बॉन्ड कानून मनी लाउंड्रिंग के साथ आपराधिकता को बढ़ा रहा था। अपारदर्शी और भ्रष्टाचार इस कानून को रद्द करने का फैसला सराहनीय और गणतंत्र को मजबूत करने वाला है। चुनाव के पहले अध्यादेश के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने का दुस्साहस शायद नहीं होगा। लेकिन बॉन्ड के लाभार्थी पार्टियों का विवरण जारी होने से हड़कंप मच सकता है। इसलिए कानूनी सुरक्षा की आड़ में रिजर्व बैंक जरूरी विवरण जारी करने में आनाकानी कर सकता है। इसके लिए फैसले में आंशिक बदलाव के लिए नयी अर्जी दायर करने पर विचार हो सकता है। नयी सरकार फंडिंग के बारे में नये सिरे से कानून लाने पर चर्चा कर सकती है। चुनावी बॉन्ड से जुड़े दो अहम पहलुओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पहला- उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की कानूनी सीमा तय है। उसके पालन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त होते हैं। लेकिन समर्थकों और पार्टियों के खर्च पर कोई कानूनी बंधन नहीं है। पिछले कई सालों में चुनाव आयोग और आयकर विभाग की कार्रवाई से साफ है कि अनेक छोटी रजिस्टर्ड पार्टियों का इस्तेमाल मनी लाउंड्रिंग के लिए हो रहा है। कालेधन का संगठित तौर पर इस्तेमाल सभी पार्टियां करती हैं। इसलिए जीतने के बाद विधायक और सांसदों की रुचि सुशासन से ज्यादा पैसे कमाने में होती है। जनता को बचत और अपव्यय से बचने का उपदेश दिया जाता है। नेताओं को भी इसका पालन कर चुनावी खर्चों में कमी लानी होगी। आम जनता और व्यापारियों के ऊपर टैक्स का भारी बोझ है। लेकिन पार्टियों को मिले चंदे पर टैक्स की छूट हासिल है। उसके बावजूद पार्टियों की आमदनी और खर्चों में कोई पारदर्शिता नहीं है। मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के दावों को सच माना जाये, तो उनके साथ 25 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड सदस्य और कार्यकर्ता होंगे। हर सदस्य पार्टी को एक हजार का सहयोग दे, तो 25 हजार करोड़ रुपये का फंड आ जायेगा। इससे सभी कानूनों का पालन करते हुए चुनाव लड़े जा सकते हैं। इससे धन-बल और अपराधियों का वर्चस्व कम होगा। दूसरा जरूरी पहलू है चुनावों में धन-बल को खत्म कर जन-बल यानी आम जनता और कार्यकताओं का सशक्तीकरण। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ रामराज्य और सुशासन की चर्चा जोरों पर हैं। इसके लिए यह समझना जरूरी है कि चुनावों में कालेधन के इस्तेमाल में कमी से ही रामराज्य की नींव बनेगी। रामराज्य में धर्म, समानता, स्वतंत्रता और न्याय पर जोर था। उन आदर्शों से प्रेरित होकर भारत के संविधान की प्रस्तावना बनायी गयी है। उन लक्ष्यों को सफल करने के लिए गरीबी, असमानता और बेरोजगारी जैसे दानवों को परास्त करना जरूरी है। रावण को परास्त करने के लिए श्रीराम ने बंदरों और भालुओं की सेना बनायी थी। रामराज्य में उन सभी को बहुत सम्मान मिला और उनमें से कई की पूजा की जाती है। लेकिन आधुनिक युग में सत्ता हासिल करने के बाद कार्यकताओं और जनता की अवहेलना से सरकारी तंत्र और चुनावों में धनपतियों का बाहुल्य बढ़ रहा है। इस बारे में महान कवि अज्ञेय की कविता को फिर से दोहराने की जरूरत हैः जो पुल बनायेंगे, वे अनिवार्यतः पीछे रह जायेंगे/ सेनायें हो जायेंगी पार, मारे जायेंगे रावण, जयी होंगे राम/ जो निमार्ता रहे, इतिहास में बंदर कहलायेंगे।

# Social Media Corner

सच के हक में...



वीर सावरकर को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि। भारत हमारे देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए उनकी वीरता और अटूट समर्पण को हमेशा याद रखेगा। उनका योगदान हमें अपने देश के विकास और समृद्धि के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई जिसका अर्थ है धर्म के समान कोई धर्म नहीं है। आपको इसी बात को चरितार्थ करना है। एक अच्छे स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर के लिए एक अच्छा इंसान होना भी जरूरी है। गांधी जी ने चरित्र के बिना ज्ञान और मानवता के बिना विज्ञान को पाप बताया है।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



मशहूर गजल गायक पद्मश्री पंकज उधास जी के निधन की खबर से मन उदास है। उनका जाना दुनिया भर में फैले उनके प्रशंसकों एवं संगीत प्रेमियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें।

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# लोकतंत्र में परिवारवादी परम्परा के निहितार्थ

पीछे मुड़ कर देखें तो आधुनिक भारत में स्वतंत्रता संग्राम के चलते राजनीति का रिश्ता देश-सेवा और देश के लिए आत्मदान से जुड़ गया था। इस पृष्ठभूमि के अंतर्गत राजनीति में आने वाले आदमी में निजी हित स्वार्थ से ऊपर उठ कर समाज के लिए समर्पण का भाव प्रमुख था। 'सुराजी' ऐसे ही होते थे। वे अपना खोकर सबका हो जाने की तैयारी से राजनीति में आते थे। स्वतंत्रता मिलने के साथ सरकार में भागीदारी ने राजनीति का चरित्र और उसका चेहरा-मोहरा बदलना शुरू किया। देखते-देखते नेता नामक जीव की वेश-भूषा, रहन-सहन आदि में बदलाव शुरू हुआ और जीवन की राह तेजी से आभिजात्य की ओर मुड़ती गई। विधायक या सांसद राजपुरुष होने की ओर बढ़ने लगे। मंत्री होना राजसी ठाट-बाट का पर्याय सा हो गया। नेताओं का भी दरबार लगने लगा और वे प्रजा की सेवा से दूर होते चले गए। जनसेवक होने की जगह वे खुद अपने लिए जनसेवा कराने लगे। और अब इस तरह की व्यवस्था एक स्थायी रूप ले चुकी है। उसका शुद्ध रूप माननीयों के जनता दरबार में दिखता हैं जहां लोग अपनी फरियाद के साथ हाजिरी लगाते हैं। राजनीति सेवा की जगह धन उगाही के व्यापार का रूप लेता गया और राजनेताओं की सम्पत्ति दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ने लगी। राजनीति और धनार्जन की गठजोड़ के नए आयाम खुलते गए और राजनेताओं की आर्थिक समृद्धि का ग्राफ जिस चमत्कारी ढंग से बनने लगा वह अपने में बहुत कुछ कहता है। नेतृत्व करना या राजनीति का कर्म नेता के लिए धन-सम्पदा बटोरने का जरिया बनता गया। आज सब नेताओं के पास आय से अधिक सम्पत्ति होना एक आम बात हो चली है। इसी के साथ एक पक्ष और प्रबल होने लगा कि राजनेता के परिवार और परिजन भी राजनीति में अवांछित दखल देने लगे। जन-सेवा और लोक संग्रह से कोसों दूर ये नए नवेले अगली पीढ़ी के राजनेता ज्यादातर अपनी कर्मठ जन-सेवा की बदौलत नहीं बल्कि वंशधर होने के कारण उसमें शामिल होने लगे। राजनीति जिसका आधार जनता के बीच से आया करता था वह सिमटने लगा। अपने विश्वस्त की तलाश करते वरिष्ठ या 'सीनीयर' राजनेताओं की आंखें घूम फिर कर अपने बेटी-बेटे, पत्नी, भाई, भतीजे और नाते-रिश्तेदारों पर टिकने लगीं। सच कहें तो राजनीति में भागीदारी उसके किरदारों को कुछ निजी या पारिवारिक पेशा, खेती-बारी, दुकानदारी या पुश्तैनी व्यापार जैसा लगने लगा। फलतः जब एक राजनेता अपना उत्तराधिकारी खोजने लगा तो उसे जनता भूल-बिसर गई और वह अकसर जनता की ओर नहीं बल्कि अपने परिवार की ओर देखने लगा। कुछ को इसमें सफलता भी मिलने लगी। आखिर जनता ने जिस नेता पर कभी भरोसा कर समर्थन दिया था उस नेता के खून में भी तो दम होगा। उसे नेता की संतान में भी उसी नेता की छवि दिखने लगी । अगर उसमें नेतृत्व की वह योग्यता हो तो फिर क्या कहने! पर योग्यता न भी हो तो विरासत में मिला जनाधार से कुछ दिन काम चलता है। पर नए नेता के लिए ऐसे अनार्जित जनाधार ज्यादा दिन के लिए टिकाऊ नहीं हो सकते। आज के भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में खानदानी नेताओं की जमात बढ़ती ही जा रही है। जैसे स्वतंत्रता मिलने के पहले रियासतें थीं कुछ-कुछ उसी तरह विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक राजवंशों की बढ़त भी दिख रही है। एक बड़ा नेता राजनीति की अपनी रामकहानी भूल कर अपने पुत्र-पुत्री को अपना राजनीतिक उत्तराधिकार सौंपते दिख रहे हैं। राजनीतिक सरोकारों का इस तरह सिमटना देश और समाज के लिए और नए नेता दोनों के लिए अहितकर होता है। पर यह बात भुला कर विचार से परे हटा दी जाती है। राजनीतिक दल पारिवारिक दल में रूपांतरित हो जाता है और सत्ता का बंटवारा किया जाता है।

# लंबी राह पर

पिछले कुछ महीनों की लड़खड़ाहट के बाद, समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस द्वारा उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवारे से जुड़े समझौते को अंतिम रूप दे दिए जाने से विपक्ष को एक संबल मिला है। यह उस विपक्षी एकता की लंबी राह में एक मील का पत्थर है, जो अभी भी भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर नजर आना बाकी है। इस समझौते में प्रत्येक पक्ष को सौदेबाजी में कुछ न कुछ हासिल होता हुआ दिखाई देता है। कांग्रेस को सम्मानजनक संख्या में सीटें मिलीं हैं। हालांकि जिन 17 सीटों पर वह चुनाव लड़ेगी, उनमें से कई सीटें प्रभावशाली भाजपा के खिलाफ ज्यादा चुनावी संभावनाएं नहीं जगाती हैं। सोनिया गांधी उस रायबरेली सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगी, जिसे कांग्रेस 1952 से 17 बार जीत चुकी है। उनके एक या दोनों बच्चे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी, रायबरेली और पड़ोसी अमेठी में से किस सीट को चुनाव लड़ने के लिए चुनेंगे, यह एक खुला सवाल बना हुआ है। श्री गांधी भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई को उत्तर प्रदेश के मैदान में लाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां तक सपा का सवाल है, यह गठबंधन यादवों और मुसलमानों के उसके उस सामाजिक आधार को बनाए रखने के लिहाज से अहम है जो भाजपा का विरोध करता है। कांग्रेस और सपा ने पाया है कि उनका गठबंधन न सिर्फ पारस्परिक रूप से फायदेमंद है बल्कि उनके अस्तित्व बचाने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि गठबंधन जीत की कोई गारंटी नहीं होती है। वर्ष 2019 में, एसपी-बीएसपी का गठबंधन 2014 में मिले अपने-अपने मतों को इकट्ठा नहीं कर सका था और बीजेपी से काफी पिछड़कर दूसरे पायदान पर रहा था। हाल के दिनों में अपने दो सहयोगियों, बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल, के बाहर निकल जाने से आहत इंडिया समूह को सपा-कांग्रेस गठबंधन की दुर्लभ अच्छी खबर की बेहद जरूरत थी।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# पेट्रोल और डीजल कई शहरों में महंगा, कहीं हुआ सस्ता

**- ब्रेंट क्रूड 81.36 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखी गई है। सोमवार को डब्ल्यूटीआई क्रूड बढ़कर 76.25 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 81.36 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की कीमत में 44 पैसे और डीजल के दाम में 43 पैसे का इजाफा हुआ है। राजस्थान में पेट्रोल 50 पैसे और डीजल 46 पैसे महंगा हुआ है। पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक में भी पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि हुई है। बिहार में पेट्रोल 32 पैसे और डीजल 30 पैसे सस्ता हुआ है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल और डीजल 14 पैसे सस्ता हुआ है। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और तमिलनाडु में भी पेट्रोल और डीजल के दाम में हल्की गिरावट है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.74 रुपये और डीजल 94.33 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.34 रुपये और डीजल 89.52 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.33 रुपये और डीजल 89.52 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपये और डीजल 94.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।



# रुपया दो पैसे बढ़कर 82.89 प्रति डॉलर पर

**मुंबई ।**

विदेशी मुद्रा के प्रवाह और विदेशी बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ खुला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजार को लेकर कमजोर धारणा और मजबूत अमेरिकी मुद्रा का भारतीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा कि निवेशकों ने इस सप्ताह के अंत में भारत के साथ-साथ अमेरिका में जारी होने वाले मुद्रास्फीति और अन्य व्यापक आर्थिक आंकड़ों से पहले सतर्क रुख अपनाया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.88 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 82.89 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त है।

रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे की गिरावट के साथ 82.91 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.92 पर रहा।



# भारत का गरीबी स्तर पांच प्रतिशत से नीचे गिर गया है: नीति आयोग

**- प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया**

**नई दिल्ली ।**

नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने कहा कि नए घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि भारत का गरीबी स्तर 5 प्रतिशत से नीचे गिर गया है और ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में लोग अधिक समृद्ध हो रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है, जो देश में समृद्धि के बढ़ते स्तर को दर्शाता है। सुब्रमण्यम ने कहा कि उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण सरकार द्वारा उठाए गए गरीबी उन्मूलन उपायों की सफलता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में जनसंख्या को 20 अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया और आंकड़ों से पता चला कि सभी श्रेणियों के लिए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये है। निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 1,373 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 2,001 रुपये आंका गया है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि अगर हम गरीबी रेखा को लें और इसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के साथ आज की दर तक बढ़ाएं, तो हम देखेंगे कि सबसे निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग की औसत खपत लगभग समान है। इसका मतलब है कि देश में गरीबी केवल 0-5 प्रतिशत समूह में है। उन्होंने कहा कि यह मेरा आकलन है। लेकिन अर्थशास्त्री इसका विश्लेषण करेंगे और बिल्कुल सही आंकड़े सामने लाएंगे। नएसएसओ का अनुमान 1.55 लाख ग्रामीण परिवारों और 1.07 लाख शहरी परिवारों से एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित है। एनएसएसओ सर्वेक्षण देश में ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के कुल खर्च में अनाज और भोजन की खपत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट का भी संकेत देता है। इसका मतलब है कि लोग अतिरिक्त आय के साथ समृद्ध हो रहे हैं। इस बढ़ी हुई समृद्धि के साथ वे भोजन के अलावा अन्य चीजों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। सुब्रमण्यम ने यह भी कहा कि सीपीआई मुद्रास्फीति में भोजन का योगदान कम होगा और शायद पहले के वर्षों में भी कम था। यानी कि मुद्रास्फीति को बढ़ा-चढ़ाकर बताया जा रहा था और शायद कम है, क्योंकि मुद्रास्फीति में भोजन का प्रमुख योगदान रहा है।

# अटक सकता है सार्वजनिक भंडारण का स्थायी समाधान

**नई दिल्ली ।**




खाद्य सुरक्षा को लेकर अहमियत रखने वाली सार्वजनिक भंडारण (स्टॉकहोल्डिंग) की समस्या का स्थायी समाधान में और अड़चनें आ सकती हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से पहले जारी एक प्रस्ताव में कहा गया है कि सार्वजनिक भंडारण की समस्या के स्थायी समाधान पर रजामंद होना चाहिए और उसे स्वीकार भी किया जाना चाहिए मगर इसके लिए अगली मंत्रिस्तरीय बैठक तक की मोहलत दे दी गई है। इसका मतलब है कि भारत जिस स्थायी समाधान के लिए पुरजोर कोशिश और गंभीर बातचीत कर रहा है, उसे दो साल आगे खिसकाया जा सकता है क्योंकि मंत्रिस्तरीय बैठक दो साल में एक बार होती है। प्रस्ताव के मसौदे में एक और विकल्प सुझाया गया है, जो 26 फरवरी से अबूधाबी में शुरू हो रही 13वीं बैठक में स्थानीय समाधान स्वीकार करने की बात करता है। मगर इस पर क्या फैसला होता है, यह इस हफ्ते अंतिम दौर की बातचीत निपटने के बाद ही साफ होगा। सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम के जरिये भारत सरकार गेहूं, चावल जैसे अनाज पहले से तय कीमत पर खरीदती है और लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये सब्सिडी के साथ सस्ते दाम में उपलब्ध कराती है। व्यापार नियमों के तहत डब्ल्यूटीओ के सदस्य का खाद्य सब्सिडी पर खर्च उत्पादन मूल्य के 10 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। यह उत्पादन मूल्य तय करने के लिए 1986-88 की कीमत को संदर्भ माना जाता है। निर्धारित सीमा से अधिक की सब्सिडी को व्यापार बिगाड़ने वाला माना जाता है। भारत को डर है खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पूरी तरह लागू करने पर डब्ल्यूटीओ द्वारा तय सब्सिडी सीमा का उल्लंघन हो सकता है। इसलिए वह खाद्य सब्सिडी की सीमा तय करने का फॉर्मूला बदलने की मांग कर रहा है।

# डीआरडीओ ने 22 उद्योगों को लाइसेंसिंग समझौते सौंपे

**नई दिल्ली ।**

डीआरडीओ ने इलेक्ट्रॉनिक्स, लेजर प्रौद्योगिकी, आयुध, जीवन विज्ञान, सामग्री विज्ञान, लड़ाकू वाहन, नौसेना प्रणाली और वैमानिकी के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (एलएटीओटी) के लिए 22 उद्योगों को 23 लाइसेंसिंग समझौते सौंपे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। रक्षा मंत्रालय के कहा है कि इनमें एलसीए तेजस के लिए कार्बन, कार्बन विमान ब्रेक का निर्माण, 100 मीटर फ्लोटिंग इन्फेंट्री फुट ब्रिज, यूबीजीएल के लिए 40 मिमी उच्च विस्फोटक एंटी-कार्मिक (एचईएपी) ग्रेनेड, एमबीटी अर्जुन के लिए 70टी टैंक ट्रांसपोर्टर का पूरा ट्रेलर, एमके-1ए, व्यय योग्य मोबाइल सोलर-हीटेड शेल्टर, एनएमआर-सुपरकैपेसिटर, एलआरएफ के साथ हाथ से पकड़े जाने वाले थर्मल इमेजर का हथियारीकरण और उच्च दबाव वाली जल धुंध अग्नि दमन प्रणाली शामिल है। सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास और डीआरडीओ अध्यक्ष, डॉ. समीर वी कामत, पुणे में महाराष्ट्र एमएसएमई डिफेंस एक्सपो 2024 के दौरान डीआरडीओ-उद्योग की बैठक में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इससे इन डीआरडीओ प्रौद्योगिकियों पर आधारित उत्पादों को और बढ़ावा मिलेगा व रक्षा विनिर्माण क्षेत्र और रक्षा में आत्मनिर्भरता आएगी। डॉ. कामत ने उद्योग भागीदारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्‍ेय की प्राप्ति के लिए और भारतीय रक्षा उद्योगों के विकास के लिए सभी प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करने की डीआरडीओ की प्रतिबद्धता दोहराई।

## रेरा पर माल एवं सेवा कर नहीं लगेगा!

नई दिल्ली । जीएसटी परिषद जल्द स्पष्ट कर सकती है कि रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करने की जरुरत नहीं होगी। एक अधिकारी ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र का नियामक रेरा संविधान के अनुच्छेद 243जी के अंतर्गत आता है, जो पंचायतों की शक्तियों, अधिकार और जिम्मेदारियों से संबंधित है। रियल एस्टेट परियोजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने और विवादों शीघ्र निपटान के लिए एक निर्णय तंत्र के रूप में विभिन्न राज्यों में रेरा की स्थापना की गई है। अधिकारी ने कहा कि रेरा के अधिकारियों के साथ उनके कामकाज की प्रकृति के बारे में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया कि उनपर जीएसटी लागू नहीं होगा। अधिकारी ने कहा कि रेरा को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा वित्तपोषित किया जाता है और इसलिए जीएसटी लगाने का मतलब राज्य सरकारों पर कर लगाना होगा। अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता और राज्यों के मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद की बैठक हो सकती है।




## पेटीएम से जुड़े मुद्दों पर विचार कर सकता है एफआरबी

**कोलकाता ।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) का वित्तीय सूचना समीक्षा बोर्ड (एफआरआरबी) आने वाले समय में पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकता है। आईसीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एफआरआरबी इस समय कथित प्रशासन संबंधी चिंताओं को लेकर शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के खातों की समीक्षा कर रहा है और यह प्रक्रिया अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक हमने पेटीएम मुद्दे पर विचार नहीं किया है लेकिन निकट भविष्य में एफआरआरबी की बोर्ड बैठक होगी और जरूरत पड़ने पर उचित कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईसीएआई की एफआरआरबी समेत नवनिर्वाचित समितियों की मार्च से बैठकें शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एफआरआरबी यह फैसला कर सकता है कि भुगतान बैंक के बहीखातों की जांच जरूरी है या नहीं।

## पाकिस्तान ने आईएमएफ के मानकों को पूरा किया: अधिकारी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने ऊर्जा क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखने के लिए आईएमएफ के मानकों को पूरा कर लिया है। इससे उसे 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर की अगली ऋण किश्त पाने में मदद मिल सकती है। नकदी संकट का सामना कर रहे देश में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अधिकारी समीक्षा के लिए आने वाले हैं। इस दौरे से पहले अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां के एक स्थानीय अखबार की रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने बिजली की कीमतों में समय पर वृद्धि और पारेषण घाटे में वृद्धि को धीमा करने से संबंधित लक्ष्यों को पूरा कर लिया है। आईएमएफ तीन अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज की दूसरी समीक्षा के तहत ऋण वार्ता के दौरान इन लक्ष्यों के कार्यान्वयन की समीक्षा करेगा। आईएमएफ का समीक्षा मिशन इस महीने के अंत तक या अगले महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद का दौरा कर सकता है। हालांकि, यह दौरान संघीय और प्रांतीय सरकारों के गठन के बाद ही होगा।

## जेनसोल को 337 करोड़ की दो सौर परियोजनाओं के ऑर्डर मिले

**नई दिल्ली ।** राजस्थान और महाराष्ट्र में जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड को 337 करोड़ रुपये की दो नई सौर परियोजनाओं के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इन ऑर्डर में डिजाइन, इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और कमीशनिंग सेवाएं शामिल हैं। जेनसोल इंजीनियरिंग ने कहा कि पहला ऑर्डर राजस्थान में 250 मेगावाट/350 मेगावाट आईएसटीएस (अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली) सौर ऊर्जा परियोजना के लिए है, जबकि दूसरी परियोजना महाराष्ट्र में 50 मेगावाट/72.5 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना के लिए है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 337.70 करोड़ रुपये है। जेनसोल इंजीनियरिंग के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि इन परियोजनाओं को हासिल करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो हमारी परिचालन क्षमताओं और परियोजना पैमाने में एक बड़े विस्तार का संकेत देता है। राजस्थान और महाराष्ट्र में ये ईपीसी परियोजनाएं हमारी बढ़ती क्षमताओं और प्रमुख उच्च विकास क्षेत्रों में प्रवेश करने के रणनीतिक इरादे को दिखाती हैं।






## रिलायंस और डिज्नी के मर्जर सौदे पर हुआ समझौता!

**नई दिल्ली ।** एशिया के प्रमुख कारोबारियों में शामिल मुकेश अंबानी अब एक और सेक्टर में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। बताया जा रहा है कि एंटरटेनमेंट सेक्टर में किंग बनने के लिए लंबे समय से चल रही चर्चाओं के बाद अब उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज और वाल्ट डिज्नी के बीच मर्जर को लेकर सौदा हो गया है। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले से जुड़े लोगों का का कहना है कि मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और वॉल्ट डिज्नी कंपनी ने भारत में अपने मीडिया संचालन को मर्ज करने के लिए एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत मर्जर के बाद बनी मीडिया ईकाई में रिलायंस और उसके सहयोगियों की कम से कम 61 फीसदी हिस्सेदारी होने की उम्मीद है, जबकि बाकी वाल्ट डिज्नी के पास होगी। ले किन रिलायंस और डिज्नी के मर्जर सौदे पर हस्ताक्षर को लेकर अभी तक दोनों कंपनियों की ओर से कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। बहरहाल अगर यह दोनों बड़ी कंपनियों के बीच हो रहा ये मर्जर सफल होता है, तो फिर रिलायंस और डिज्नी मिलकर भारतीय मीडिया इंडस्ट्री में बड़े प्लेयर की भूमिका में होंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस मर्जर के तहत 61 फीसदी हिस्सेदारी के लिए

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से प्राप्त मिले जुले संकेतों के बीच ही मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। इससे देसी स्टॉक बाजार लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में नीचे आकर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 0.48 फीसदी करीब 352.67 अंक नीचे आकर 72,790.13 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.41 फीसदी तकरीबन 90.65 अंक टूटकर 22,122.05 के स्तर पर बंद हुआ। निफ़्टी-50 की 37 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये जबकि 12 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। ये 3.90 फीसदी नीचे आकर 2868.40 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। वहीं ऑनलाइन पेमेंट ऐप पेटीएम के शेयरों में तेजी आई और इसकी कीमत में 5 फीसदी के अपर सर्किट भी लगा।

इससे पहले गत दिवस शेयर बाजार में हल्की गिरावट दर्ज की गयी थी। निफ्टी 4 अंक की गिरावट के साथ 22,212 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, सेंसेक्स में भी 15 अंक की गिरावट रही, ये 73,142 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी आई थी। इससे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई है। बाजार के प्रमुख इंडेक्स गिरावट पर कारोबार करते दिखे हैं। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 72,888 के नीचे फिसल गया और 150 अंक गिरकर 72,990 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एनएसई निफ्टी 50 21,150 के स्तर पर कारोबार करता देखा गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में लॉर्सन एंड टुब्रो 1.7 फीसदी की बढ़त के साथ पहले स्थान पर रही।



# रूस की जीडीपी से बड़ा हुआ एनवीडिया का मार्केट कैप, दो ट्रिलियन डॉलर पहुंचा

**- पिछले हफ्ते एक ही दिन में एनवीडिया का मार्केट कैप 277 अरब डॉलर बढ़ा**

**नई दिल्ली ।**

एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया के शेयरों में इस साल 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है। पिछले हफ्ते एक ही दिन में इसके बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 277 अरब डॉलर का रिकॉर्ड इजाफा हुआ। पिछले साल भी इसके शेयरों में 239 फीसदी तेजी आई थी। इस तेजी के साथ ही इस कंपनी का मार्केट कैप 1.97 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है जो रूस की जीडीपी से अधिक है। रूस की अर्थव्यवस्था का आकार 1.92 ट्रिलियन डॉलर है और वह दुनिया की 12वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। एनवीडिया दुनिया की चौथी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। उससे आगे माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल और सऊदी अरामको है। अमेरिका 27.97 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। चीन 18.56 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे, जर्मनी 4.73 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे, जापान 4.29 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथे और भारत 4.11 ट्रिलियन डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर है। इसके बाद यूके 3.59 ट्रिलियन डॉलर और फ्रांस 3.18 ट्रिलियन डॉलर का नंबर है। माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल का मार्केट कैप इटली 2.28 ट्रिलियन डॉलर, ब्राजील 2.27 ट्रिलियन डॉलर और कनाडा 2.24 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। सऊदी अरामको का मार्केट कैप मेक्सिको के 1.99 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। इसी तरह ऐमजॉन 1.81 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, इंडोनेशिया और तुर्की से अधिक है। एनवीडिया के शेयर ने गुरुवार को एक दिन में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड बनाया। चौथी तिमाही में शानदार प्रदर्शन के दम पर कंपनी का शेयर 16.4 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 277 अरब डॉलर बढ़ गया जो अब तक किसी भी कंपनी के वैल्यूएशन में एक दिन में आई सबसे बड़ी उछाल है। दुनिया के महंगे एआई चिप मार्केट में एनवीडिया की 80 फीसदी हिस्सेदारी है। चौथी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू तीन गुना से अधिक बढ़कर 22.10 अरब डॉलर रहा था। इस कंपनी की स्थापना ताइवान में जन्मे जेंसन हुआंग ने की थी।

## पेटीएम के शेयर में पांच प्रतिशत उछाल

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन खुदरा भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में सोमवार को शुरुआती कारोबार में पांच प्रतिशत उछाल आया। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के उन ग्राहकों को अन्य बैंकों में स्थानांतरित करने की संभावना तलाशने के लिए कहा था, जो पेटीएम यूपीआई हैंडल का उपयोग करते हैं। संकटग्रस्त वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी का शेयर एनएसई और बीएसई पर पांच-पांच प्रतिशत चढ़ गया। पेटीएम का शेयर एनएसई पर 428.10 रुपये और बीएसई पर 427.95 रुपये पर पहुंच गया, जो इसकी ऊपरी सर्किट सीमा भी है।





# खूबसूरत और महकती त्वचा

खुशबू का इतिहास कितना पुराना है ये तो नहीं कहा जा सकता लेकिन फूलों का वर्णन तो धार्मिक ग्रंथों में भी है। माँ लक्ष्मी कमल पर विराजती है तो भगवान ब्रम्हा का प्रिय पुष्प ब्रम्ह कमल को माना जाता है। ये अनुमान लगाया जा सकता है कि जितना पुराना इतिहास फूलों का है उतना ही पुराना इतिहास सुगंध का भी है। राजा-महाराजाओं के काल से विभिन्न प्रकार के इत्र-सुगंधादि के उपयोग किए जाने के प्रमाण हैं। मुगल शासन में तो रानियां अपने स्नान के पानी में भी इतर या इसी तरह के सुगंधित चीजों का उपयोग करती थी। केसर, गुलाब, केवड़ा, मोगरा, चमेली, चंदन तथा लोभान आदि सुगंध न सिर्फ तरोताजगी से भर देते हैं बल्कि इनके द्वारा रोगों का उपचार भी किया जाता था । इन्हीं प्राचीन उपचार पद्धितयों को आजकल फिर से अपनाया जा रहा है।

**सूखी त्वचा-** बेंजोनिन, पामारोज, पेचौली, गाजर, जिरेनियम, पेट्टी ग्रैन, लेवेण्डर, कुसुम, गुलाब, चंदन।

**ऑइली स्कीन -** लेवेण्डर, ऑरेंज, लेमन, कपूर, नेरोली, यांग-यांग, बर्गामोट।

**सामान्य त्वचा-** पामारोज, गाजर, जिरेनियम, लेवेण्डर, कुसुम, चमेली, नेरोली, यांग-यांग, लोबान, चंदन, पेचौली।

**असामान्य त्वचा-** जिरेनियम, लेवेण्डर, कुसुम, कपूर, यूकेलिप्टस थाइम गंधरस।

संवेदी त्वचा- जिरेनियम, लेवेण्डर, कुसुम।

**स्कीन के लिए खूशबू फेशियल आइल्स**

**सामान्य त्वचा-** बेंजोनिन, गाजर, कुसुम, लोबान, सीप्रेस, जिरेनियम, चमेली, जूनिपर, लेवेण्डर, लेमन, मार्जोटम, ऑरेंज, पामारोज, पेचौली, पिपरमिंट, पेट्टी ग्रैन, रोजमैरी, यांग-यांग।

**सूखी त्वचा-** बेंजोनिन, गाजर, कुसुम, जिरेनियम, हीसोप, लेमन, नेरोली, पामारोज, पेचौली, गुलाब, रोजमेरी, चंदन।

**शुष्क त्वचा-** गाजर, जिरेनियम, लेवेण्डर।

**नम त्वचा-** गाजर, सीप्रैस, जिरेनियम, हीसोप, लेवेण्डर, लेमन, पामारोज, पेचौली, गुलाब, चंदन।

संवेदी त्वचा- गाजर, कुसुम, जिरेनियम, लेवेण्डर।

**असामान्य त्वचा-** गाजर, कुसुम, लोबान, जिरेनियम, हीसोप, जूनिपर, लेवेण्डर, लेमन, पेचौली, पामारोज, चंदन।

## गर्मियों में त्वचा को दें राहत

गर्मियों के दौरान सफेद चंदन या चंदन चूर्ण को पानी में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है। यह एंटी बैक्टीरियल होता है जिससे त्वचा साफ-स्वच्छ और शीतल बनती है।इसी तरह नीम, तुलसी, गुलाब की पंखुड़ियों और चंदन (बराबर मात्ना में) में कच्चा दूध मिलाकर तैयार लेप का प्रयोग करने से त्वचा में उजलापन आता है और मुँहासों से भी राहत मिलती है। इस लेप को कम से कम एक घंटे तक लगाए रखें और फिर पानी से धो दें। इस उपचार से आपकी त्वचा मुलायम और नरम बनेगी। 10 ग्राम सूखे नीम के पत्तों और सात काली मिर्च का चूर्ण बनाकर मिलाएँ और इसमें पानी मिलाकर इसे छान लें। घर में तैयार इस टॉनिक के सेवन से त्वचा संबंधी कई विकारों से राहत मिलती है। एक सप्ताह तक इस नुस्खे को आजमाएँ और खुद ही फर्क देख लें।

# प्रेग्नेंसी में रखें खान पान का ध्यान



प्रेग्नेंसी में क्या खाएं, क्या ना खाएंखान-पान पर दें विशेष ध्यान प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को विटामिन, प्रोटीन, आयरन रिच भोजन लेना चाहिए। हरी पत्तोदार सब्जियां, दूध, फल, जूस का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए। ऐसे समय में फास्ट फूड, आइली, स्पाइसी फूड अवाइड करना चाहिए। इस दौरान फोलिक एसिड, डीएचए टेबलेट भी अनिवार्य रूप से लेना चाहिए।

**सावधानी जरूरी :** अधिक उम्र में प्रेग्नेंसी में महिलाओं को विशेष सावधानी रखनी चाहिए। ऐसे समय में थाइराइड, ब्लडप्रेशर, शुगर का रेग्युलर चेकअप कराते रहें। बच्चे के डेवलपमेंट की जानकारी के लिए समय-समय पर सोनोग्राफी अवश्य कराएं। कोई भी समस्या आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इस दौरान जितना हो स ज्यादा दूरी के सफर से बचना चाहिए।

**बेजीटेवल :** आठ से नौ सप्ताह में शिशु व आंख का विकास होता है, इसलिए इन्हें भोजन प्राथमिकता दें। इसमें पाए जाने वाले विटामिन ए अ सी के साथ अन्य विटामिन्स, मिनरल्स और फाइब कांस्टिपेशन को दूर करने में मददगार हे हैं। विटामिन सी युक्त जैसे गोभी, ग्री बीन्स और टमाटर बॉडी व कैल्शियम एब्जॉर्ब कर में हेल्प करते हैं।

# पीरियड्स के दौरान कौन सी एक्सरसाइज करें

अक्सर स्त्रियों को इस बात का भ्रम होता है कि पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से बचने के लिए ज्यादा काम या एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए। सिर्फ बेड रेस्ट करना चाहिए। ऐसा आपने अकसर बड़ी उम्र की स्त्रियों से सुना होगा कि उन दिनों में एक्सरसाइजज करना नुकसानदेह होता है। जबकि ऐसा सोचना गलत है, पीरियड्स के दौरान एक्सरसाइज करने से न सिर्फ आपकी बॉडी शेप में रहती है बल्कि उस दौरान होने वाले दर्द (बैक पेन और एब्डॉमिनल क्रैम्प्स) से भी छुटकारा मिलता है।

एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म को मजबूत करती है और आपको एनर्जी प्रदान करती है। यह आपके उन दिनों के लिए बहुत ही जरूरी है, क्योंकि तब आपको अतिरिक्त शक्ति और ऊर्जा की जरूरत होती है। एक्सरसाइजज करने से एंड्रोटॉक्सिंग बाहर निकालती है।



एक्सरसाइजज से हमारे शरीर में एक प्रकार का नैचुरल पेनकिलर विकसित होता है जो पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द और मूड के बदलाव को ठीक करने में मदद करता है। यहां तक कि वर्कआउट से पेट की सूजन भी कम होती है। यहां हम आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आप पीरियड्स के दिनों में आसानी से कर सकती हैं। हालांकि जो युवतियां शुरूसे लगातार एरोबिक्स करती रही हैं उन्हें उन दिनों में किसी प्रकार की मनाही नहीं होती। बस एक बात का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि लोवर बॉडी पार्ट की एक्सरसाइज न की जाए।

1.अगर आप कार्डियोवैसकुलर एक्टीविटी करना चाहती हैं तो बेहतर होगा कि आप जरूरत से ज्यादा मूवमेंट जैसे जम्पिंग, रनिंग या किकिंग हाई न करें। दरअसल, उन दिनों सहनशक्ति का स्तर कम हो जाता है, ऐसे में हलकी-फुलकी एरोबिक्स करने से मूड भी अच्छा होगा और आपको एनर्जी भी मिलेगी। लेकिन बहुत ही नियंत्नित और संतुलित मूवमेंट अपनाएं जिसमें आपके आर्म्स और अपर बॉडी की एक्सरसाइज हो।

2. कार्डियोवैस्कुलर की सबसे अच्छी एक्सरसाइज है 30-40 मिनट टहलना। ब्रिस्क तथा वॉक ज्यादा तेज़ करते हैं तो यूट्रस की बाहर की लाइनिंग जो पीरियड्स के दौरान बहुत संवेदनशील हो जाती है, उस पर बहुत दबाव पड़ सकता है। इस कारण पीरियड्स का फ्लो ज्यादा हो सकता है या फिर बिलकुल ही बंद हो सकता है इसलिए ब्रिस्क वॉक की जगह हमें नॉर्मल वॉक करना चाहिए।

3. कोशिश करें कि सीधे जमीन पर न बैठकर वज्रासन लगाकर बैठें ताकि आपके यूट्रस और ओवरी को कोई हानि न पहुंचे और साथ-साथ उनकी टोनिंग भी हो पाए।

4. इस दौरान ठंडी चीजें जैसे कोल्ड ड्रिंक्स वगैरह कम से कम लें। ठंडी चीजें खाने से ओवरी पर सूजन आने की संभावना रहती है।

5. योग में नौकासन, हलासन बिलकुल न करें। गोमुख आसन या फिर धनुरासन कर सकती हैं। इस दौरान प्राणायाम बहुत उपयोगी रहेंगे। प्राणायाम में अनुलोम-विलोम, शीताली, शितकारी, भ्रामरी करने से उस दौरान चिड़चिड़ापन और मूड खराब होने जैसी समस्याओं से निजात मिलेगा।

6. इस बात का ध्यान रखें कि वर्कआउट्स करने के बाद अच्छी तरह स्ट्रेच करें।

7. पीरियड्स के दौरान जिम में लोवर एब्डॉमन की एक्सरसाइज बिलकुल न करें। अपर बॉडी एक्सरसाइज कर सकती हैं।

8. जो भी एक्सरसाइज करें उसमें कंधों का प्रयोग हो। लाइट वेट्स का इस्तेमाल करें। वह भी सिर्फ अपर बॉडी के लिए।

9. जिम जाकर मशीन का प्रयोग बिल्कुल न करें।

अपने शरीर की सुनें

अगर आपको पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा पीठ का दर्द या क्रैम्प्स नहीं पड़ते तो एक्सरसाइज करने से हिचकिचाएं नहीं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप अगर उन दिनों काम करना चाहती हैं, तो आराम से कर सकती हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा दबाव आपके शरीर के निचले हिस्से या पेल्विक पर न पड़े। अपने शरीर की सुनें जितना काम हो सकता है करें, जब तक कि आपको किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यह बात अपने जेहन में डाल लें कि पीरियड्स के दौरान अस्सी प्रतिशत स्त्रियों को हलका-फुलका पेट दर्द और कमर दर्द होना एक आम समस्या है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि आप घर पर बैठकर आराम करें। खुद तय करें कि आप कुछ कर सकती हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने तीन दिनों में 4 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने तीन दिनों के भीतर नौ अलग-अलग मामलों में 4.06 करोड़ रुपये का 7.57 किलोग्राम से अधिक सोना और एक आईफोन जब्त किया है। बरामद किया गया सोना यात्रियों के पहने हुए कपड़ों, शरीर पर और उनके हैंडबैग में छुपाया था। कस्टम सूत्रों के अनुसार उनकी टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी कर रही है। पिछले तीन दिनों में अलग-अलग नौ मामलों में कस्टम की टीम ने विभिन्न देशों से आए यात्रियों की तलाशी ली। इन सभी ने क्रॉकरी के बॉक्स, पहने हुए कपड़े, हैंड बैग के फ्रेम में सोना छुपाया था, जिसे बहुत तकनीकी तरीके से तलाशी लेकर पकड़ लिया गया है। इन मामलों में हैंडलर से असली सोना तस्कर के जानकारी हासिल की जा रही है।

## किसान संयुक्त मोर्चा का ट्रैक्टर मार्च आज, पंजाब और हरियाणा में पुलिस अलर्ट

चंडीगढ़। केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलनरत किसान संगठनों का परोक्ष समर्थन करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा आज देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालेगा। इस देखते हुए पंजाब और हरियाणा में पुलिस अलर्ट हो गई है। आंदोलनरत किसानों ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का पुतला फूंकने की भी घोषणा की है। किसान आंदोलन का आज 14वां दिन है। किसान दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक के लिए टाल चुके हैं। किसान शम्भू और खानौरी बॉर्डर पर बैठे हैं। इससे पहले को किसानों ने केंद्र से वार्ता के संकेत दिए। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर ने कहा कि सरकार बॉर्डर और इंटरनेट खोलने का काम कर रही है। अब इस माहौल में सही बातचीत हो सकेगी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के प्रधान जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार किसानों पर गोली चलाने वालों पर कार्रवाई करे। पंजाब के अंदर घुसकर किसानों को उठाने, पीटने और ट्रैक्टर तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई हो।

## अंबाद तहसील में कर्फ्यू, मराठा आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी

मुंबई । सोमवार को मराठा आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन के चलते अंबाद तहसील में कर्फ्यू लगा दिया गया। यह आंदोलन मराठा कार्यकर्ता मनोज जारांगे पाटिल के नेतृत्व में किया जा रहा है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब जारांगे, जो महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के खिलाफ उनके आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मुंबई रवाना हुए थे, ने यह कहते हुए अपना मार्च बीच में ही रद्द कर दिया कि वह कानून का सम्मान करते हैं और कानून-व्यवस्था नहीं बनाना चाहते और और अपने गांव लौट आए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने घर जाने के लिए कहते हुए कहा हैं। सभी मराठा कार्यकर्ताओं को राज्य में शांति बनाए रखनी चाहिए और कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। जारांगे अपने कार्यकर्ताओं के साथ जालना के भांबरी गांव में थे, जब उन्होंने यह कहते हुए अपना मार्च खत्म करने का फैसला किया कि सरकार रात में महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना चाहती है। इस दौरान जारांगे ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को फड़नवीस की बात नहीं माननी चाहिए और बताना चाहिए कि कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों पर अधिसूचना क्यों लागू नहीं की जा रही है। जारांगे ने रविवार देर रात यह टिप्पणी तब की जब सीएम शिंदे ने कहा कि कार्यकर्ता को उनकी सरकार के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। जारांगे बाद में अंतरवली सराती से चले गए और मुंबई जाते समय छत्रपति संभाजीनगर के भामबेरी गांव में रुके थे।

## विदेश मंत्रालय ने भारतीयों की रिहाई के लिए रूसी सेना से मदद मांगने की खबरों का किया खंडन

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि वह रूसी सेना से अपने नागरिकों की रिहाई के लिए सभी प्रासंगिक मामलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ये टिप्पणी रूसी सेना से रिहाई के लिए मदद मांगने वाले भारतीयों के संबंध में मीडिया में 'गलत रिपोर्ट' के जवाब में आई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ﷺहमने रूसी सेना से रिहाई के लिए मदद मांगने वाले भारतीयों के संबंध में मीडिया में कुछ गलत रिपोर्टें देखी हैं।' 'हम रूसी सेना से भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए रूसी अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' ﷺमॉस्को में भारतीय दूतावास के ध्यान में लाए गए हर एक ऐसे मामले को रूसी अधिकारियों के साथ दृढ़ता से उठाया गया है और मंत्रालय के ध्यान में लाए गए मामलों को नई दिल्ली में रूसी दूतावास के साथ भी उठाया गया है।ﷺ बयान में आगे कहा गया है कि इसके चलते, कई भारतीयों को पहले ही रिहाई दे दी गई। पिछले हफ्ते, प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्वीकार किया कि मंत्रालय को कुछ एजेंटों द्वारा भारतीयों की भर्ती के बारे में पता था, जिन्होंने उन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के लिए धोखा दिया था। एक बयान में, मंत्रालय ने भारतीय समुदाय से रूस-यूक्रेन संघर्ष से दूर रहने का आह्वान किया और उनसे उचित सावधानी बरतने का आग्रह किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुजरात के 23 वर्षीय हेमिल अश्विनभाई मंगुकिया 21 फरवरी को डोनेट्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी हवाई हमले में मारे गए थे। भारतीय अधिकारियों ने अभी तक मंगुकिया की मौत की पुष्टि नहीं की है, जिसे कथित तौर पर रूसी सेना ने सुरक्षा सहायक के रूप में नियुक्त किया था।

## दिल्ली में तापमान 7.6 डिग्री, कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता 'खराब'

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से तीन डिग्री कम है। पिछले हफ्ते न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया और अधिकतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया था। आईएमडी के सोमवार के पूर्वानुमान के अनुसार, अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान फिर से 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने कहा कि आम तौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। शहर के कई स्टेशनों पर सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता 'खराब' और 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार इलाके में सुबह 9 बजे पीएम 2.5 का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में 329 दर्ज किया गया और पीएम 10 का स्तर 251 पर पहुंच गया। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पीएम 2.5 का स्तर 74 दर्ज किया गया, जिसे 'संतोषजनक' माना जाता है और पीएम 10 का स्तर 148 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर 8 में पीएम 2.5 का स्तर 260 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है।

## ब्रिटेन की लेखिका निताशा कौल को एयरपोर्ट से वापस लंदन भेजा, कारण नहीं बताया

बेंगलुरु । लंदन की लेखिका और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड धारक प्रोफेसर निताशा कौल भारत पहुंचते ही एयरपोर्ट से हिरासत में लेकर वापस लंदन भेज दिया है। हालांकि उन्हें इसका कोई कारण नहीं बताया गया। जानकारी के अनुसार जैसे ही बेंगलुरु एयरपोर्ट पर विमान ने लैंड किया तो निताशा को हिरासत में ले लिया गया और तत्काल उन्हें लंदन डिपोट कर दिया गया। दरअसल इस सप्ताह के अंत में संविधान पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए निताशा कौल लंदन से भारत आई थीं। वह बेंगलुरु हवाई अड्डे पर रविवार को उतरी थीं। इसके बाद निताशा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों पर बोलने के लिए भारत में प्रवेश से इनकार, मेरे सभी दस्तावेज वैध और वर्तमान थे। मुझे आप्रवासन ने कहा कि हम कुछ नहीं कर सकते, दिल्ली से आदेश है। निताशा ने कहा कि उन्हें क्यों वापस किया गया, इसका उन्होंने कोई कारण नहीं बताया।

ब्रिटिश लेखिका ने कहा, कि मेरी यात्रा, रहने और रुकने की सारी व्यवस्था कर्नाटक सरकार ने की थी। मेरे पास आधिकारिक पत्र था। मुझे दिल्ली से पहले से कोई नोटिस या जानकारी नहीं मिली थी कि मुझे प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निताशा कौल के निर्वासन के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हैं। इस मामले में कर्नाटक राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय द्वारा सूचित किया गया था कि उनका निर्वासन सम्मेलन में उनकी उपस्थिति से असंबंधित था। एक अधिकारी ने कहा कि उनके पास वैध यात्रा दस्तावेज थे, इसलिए केंद्र को इस पर स्पष्टीकरण देना है।

# पीएम मोदी उन देशों से भी रिश्ते सुधारने में सफल रहे हैं जिनसे पहले पक्की दोस्ती नहीं थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां पहले भारत की पक्की दोस्ती नहीं रही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हे भी अपना पक्का दोस्त बना लिया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी अब तक खाड़ी सहयोग परिषद देशों की 13 यात्राएं कर चुके हैं। इसमें सात यात्राएं तो सिर्फ यूएई की हैं। जीसीसी देशों में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई हैं। खाड़ी देशों के साथ कमाल की ट्यूनिंग ये मोदी सरकार की कामयाब विदेश नीति और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख की एक बानगी भर है। कहा जाए कि अरब देशों के साथ भारत के रिश्ते अबतक के अपने सबसे ऊंचे मुकाम पर हैं तो ये भी गलत नहीं होगा। ऐसा नहीं कि सिर्फ भारत ही खाड़ी देशों के साथ मजबूत रिश्तों के लिए एक्टिव दिख रहा। गल्फ देश भी इन रिश्तों को एक नई ऊंचाई तक ले जाने को लालायित नजर आ रहे।

अपनी हालिया यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने यूएई के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। इसके विपरीत, पिछले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने दस साल के कार्यकाल में यूएई का एक भी दौरा नहीं किया था। खाड़ी देशों के साथ भारत की व्यस्तता हाल के वर्षों में बदल गई है, जिसमें व्यापार, निवेश और रक्षा संबंधों में वृद्धि हुई है। भारत ने खुद को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया



है जो जीसीसी के भीतर संघर्षों या प्रतिद्वंद्विता में हस्तक्षेप नहीं करता। अपने 10 साल के कार्यकाल में पीएम मोदी ने खाड़ी सहयोगी परिषद (जीसीसी) देशों के 13 दौरें कर चुके हैं। इनमें से 7 दौरे तो अकेले यूएई के हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसके अलावा ईरान, मिस्त्र और जॉर्डन की यात्रा भी कर चुके हैं। खाड़ी देश भारत की तेल और गैस जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का लगभग 60त्न खाड़ी देशों से पूरा करता है। एलएनजी और एलपीजी दोनों के लिए कतर ही भारत का सबसे बड़ा स्त्रोत है। खाड़ी देशों के साथ भारत का व्यापार भी बढ़ा है। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत ने खुद को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया है जो जीसीसी के भीतर संघर्षों या प्रतिद्वंद्विता में हस्तक्षेप नहीं करता है। अरब देशों के साथ भारत के मजबूत संबंध उसके बड़े मुस्लिम समुदाय के कारण फायदेमंद हैं और इस्लामिक सहयोग संगठन में पाकिस्तान के भारत विरोधी एजेंडे का मुकाबला करने में मदद करते हैं।

पीएम मोदी पहली बार 2015 में यूएई दौरे पर आए थे जो तब 34 सालों में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला यूएई दौरा था। इजरायल का दौरा करने वाले भी वह पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी के कार्यकाल के दौरान इजरायल के साथ भारत के रिश्ते और मजबूत हुए ही हैं, अरब देशों के साथ ताल्लुकात भी एक नई ऊंचाई पर हैं। इजरायल और अरब देशों के बीच छत्तीस के आंकड़े के मद्देनजर दोनों के साथ भारत की दोस्ती कामयाब विदेश नीति की एक नई ही इबारत लिख रही है। पाकिस्तान के कश्मीर मुद्दे पर लगातार ध्यान देने के बावजूद, सऊदी अरब और यूएई जैसे देश आतंकवाद पर भारत की चिंताओं के प्रति अधिक उत्तरदायी हो गए हैं। इसी बेहतर विश्वास ने सुरक्षा, खुफिया और रक्षा उद्योगों पर करीबी सहयोग का नेतृत्व किया है। कतर की ओर से आठ पूर्व-भारतीय नौसेना अधिकारियों की रिहाई को इस सहयोग के परिणाम के तौर पर ही देखा जा रहा है। भारत अब आतंकवाद विरोधी, रक्षा और संयुक्त सैन्य अभ्यासों पर खाड़ी देशों के साथ नजदीकी सहयोग करता है।

## भाजपा ने कहा-केजरीवाल भगोड़ा नंबर 1, इनाम मिलना चाहिए




नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रवर्तन निदेशालय के सातवें समन पर भी न पहुंचने पर निशाना साधा है। पार्टी ने उन्हें भगोड़ा करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आज कहा कि अरविंद केजरीवाल को 'भगोड़ा नंबर 1' होने का इनाम मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भगोड़ा नंबर 1 का कोई नोबेल पुरस्कार हो तो वह केजरीवाल को ही मिलना चाहिए।आज सातवें समन पर भी केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए। अब वे विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि जब वे अन्ना हजारे के साथ थे तो कहते थे कि 'पहले इस्तीफा' फिर जांच करें'। अब वह इससे पीछे भाग रहे हैं। शराब घोटाले के मास्टरमाइंड आज न तो अपना इस्तीफा देंगे और न ही जांच में हिस्सा लेंगे, क्योंकि अब वे, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद यादव के मित्र और सहयोगी हैं। भाजपा नेता पूनावाला ने कहा कि बार-बार केजरीवाल इसे बदले की राजनीति बता रहे हैं। पूनावाला ने सवाल किया कि फिर भी कोर्ट ने उन्हें क्यों नहीं राहत दी। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल भ्रष्ट हैं और उन्हें शराब नीति घोटाले पर जनता को जवाब देना होगा।

# 'जब तक मैं जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा', विधानसभा में विपक्ष पर भड़के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का गुस्सा देखने को मिला। विधानसभा में मुस्लिम मैरिज एंड डाइवोर्स एक्ट 1935 के खत्म किए जाने पर सवाल उठा रही कांग्रेस के नेताओं को उन्होंने जमकर खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान हिमंता बिस्वा सरमा गुस्से से लाल नजर आ रहे थे। उन्होंने सदन में कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में छोटी बच्चियों का विवाह नहीं होने दूंगा।

इस बयान के वीडियो को सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सीएम विधानसभा में कांग्रेस पर गरजते हुए कहते हैं, ध्यान से सुन लो, जब तक मैं जिंदा हूं, तब तक असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। यह आप सुन लीजिए। मैं आपको राजनीतिक चैलेंज करना चाहता हूं कि 2026 से पहले से यह दुकान बंद कर दूंगा।

सोशल मीडिया पर सीएम हिमंता का असम विधानसभा में आक्रामक तेवर वाला यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, 'कांग्रेस के लोग सुन लें, जब तक मैं, हिमंता बिस्वा सरमा जिंदा हूं, तब तक असम में छोटी बच्चियों का विवाह नहीं होने दूंगा। आप लोगों ने मुस्लिम समुदाय की बेटियों को बर्बाद करने की जो दुकान खोली है, उन्हें पूरी तरह से बंद किए बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे।' बता दें कि हाल ही में असम की हिमंता सरकार ने मैरिज एक्ट पर बड़ा फैसला लिया था। इसमें राज्य में मुस्लिम मैरिज एंड डाइवोर्स एक्ट 1935 को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया था। इसके बाद अब असम में सभी शादियां स्पेशल मैरिज एक्ट



के तहत ही होंगी। इसके बाद से ही कांग्रेस के साथ कई अन्य मुस्लिम नेताओं के द्वारा हिमंता सरकार के इस फैसले के खिलाफ हल्ला बोला जा रहा है। इसी का जवाब आज विधानसभा में सीएम ने तल्ख लहजे में दिया।

## आंतकी पन्नून से लेकर कई मुददों पर अमेरिका प्रतिनिधिमंडल से बात करेगा केंद्रीय गृह मंत्रालय

**-28 फरवरी को दिल्ली में होगी एचएसडी की बैठक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका का एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल 28 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ आंतरिक सुरक्षा डायलॉग के लिए भारत में होगा। यह वार्ता महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दो साल के अंतराल के बाद हो रही है और यह अमेरिकी सरकार के प्रतिनिधिमंडल की इस वर्ष मोदी सरकार के साथ पहली आधिकारिक बैठक है। इस संवाद पर भी बारीकी से नजर रखी जा रही है, क्योंकि यह अमेरिकी संघीय अभियोजकों द्वारा एक भारतीय नागरिक और एक अज्ञात भारतीय अधिकारी पर अमेरिकी में खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाने के महीनों बाद आया है। दोनों देशों के शीर्ष अधिकारी होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) में भाग ले रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले हैं। जबकि अमेरिकी सरकार के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व होमलैंड सिक्योरिटी के कार्यवाहक उप सचिव क्रिस्टी कैनेगलो कर रहे है। अमेरिका के साथ होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) के लिए भारत ने चर्चा के लिए कई मुद्दों को सूचीबद्ध किया है। अपराधी शरण स्थिति का उपयोग कर रहे हैं। खालिस्तानी समर्थक तत्व भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास के हमलावर को गिरफ्तार करने में सहायता पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की स्थिति आतंकी भगौड़े और आतंकी वित्तीय जांच शामिल है। रिपोर्ट में एचएसडी के विवरण से परिचित लोगों के हवाले से बताया गया कि भारत को कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वांछित 100 से अधिक भगौड़ों की सूची सौंपने की उम्मीद है, जिन्होंने अमेरिका में शरण ली है। उम्मीद है कि दोनों पक्ष आतंकवाद निरोध, साइबर सुरक्षा, अवैध गतिशीलता, विमानन सुरक्षा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और समुद्री सुरक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा करने वाले हैं। एचएसडी के दौरान, भारत से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह डिजिटल स्पेस का उपयोग बढ़ाए और आतंकवादी समूहों द्वारा कट्टरपंथी विचारों के प्रचार, भर्ती और आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए इसका कैसे उपयोग किया जा रहा है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा नशीली दवाओं की जब्ती को अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) के सहयोग की मांग करते हुए भारतीय पक्ष द्वारा साझा किया जाएगा। हाल ही में एनसीबी ने यूएस डीईए से मिले इनपुट के बाद 75 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की थी।

# सावरकर का संघर्षमय जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए महान प्रेरणाः योगी आदित्यनाथ

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। योगी ने कहा किसावरकर का संघर्षमय जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए महान प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, भारत की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले महान क्रांतिकारी, स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि! राष्ट्र नायक वीर सावरकर का संघर्षमय जीवन प्रत्येक राष्ट्रभक्त के लिए महान प्रेरणा है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, कष्ट ही तो वह प्रेरक शक्ति है जो मनुष्य को कसौटी पर परखती है और आगे बढ़ाती है। मौर्य ने इसी संदेश में कहा, मां भारती के महान सपूत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले, राष्ट्रवाद के पर्याय, ओजस्वी वक्ता एवं प्रसिद्ध समाज सुधारक श्रद्धेय विनायक दामोदर वीर सावरकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने एक्स पर पोस्ट किया, महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं देश के करोड़ों लोगों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने वाले श्रेष्ठ क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर वीर सावरकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। वीर सावरकर जी का जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित रहा एवं उनका त्याग, तप और संघर्ष सदैव वंदनीय रहेगा। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रहे सावरकर का जन्म महाराष्ट्र के नासिक जिले के भागुर गांव में 28 मई 1883 को हुआ था। उनका निधन 26 फरवरी, 1966 को मुंबई में हुआ था।


## सेना में भर्ती के मुद्दे पर राष्ट्रपति को खरगे का पत्र, युवाओं के लिए न्याय की मांग की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि उन करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए जिनका 'चयन सेना की नियमित सेवा में होने की बावजूद उनकी भर्ती नहीं की गई।' उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर 'अग्निपथ' योजना लाई गई जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। खरगे ने पत्र में लिखा, 'हाल ही में मैं इन नौजवानों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि 2019 और 2022 के बीच लगभग दो लाख अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उन्हें तीन सशस्त्र सेवाओं- सेना, नौसेना और वायु सेना में चयनित कर लिया गया है। इन युवाओं ने कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण तथा लिखित परीक्षा पास करने के लिए सभी बाधाओं के बावजूद संघर्ष किया था।' उन्होंने कहा, '31 मई 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और उन्हें केवल अपने नियुक्ति पत्र का इंतजार था। उस दिन भारत सरकार द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय से उनके सपने चकनाचूर हो गये।' उनके मुताबिक, 'अग्निपथ योजना के साथ कई मुद्दे जुड़े हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरावणे ने लिखा है कि अग्निपथ से सेना 'आश्चर्यचकित' हो गई थी।' खरगे ने कहा, 'इसके अलावा, यह योजना सैनिकों के समानांतर कैडर बनाकर हमारे जवानों के बीच भेदभाव पैदा करने वाली हैज्चार साल की सेवा के बाद अधिकतर अग्निवीरों को नौकरी ढूंढने के लिए छोड़ दिया जाएगा। इसके बारे में कुछ लोगों का तर्क है कि इससे सामाजिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है।'

## सालभर से जेल में बंद हैं मनीष सिसोदिया, सुप्रीम कोर्ट ने भी नहीं दी जमानत

**-आप ने भाजपा पर लगाया आरोप, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भी नहीं हुआ ट्रॉयल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूरे एक साल से मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत नही दी है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को पूरा एक साल हो गया है। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी के दिन ही सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने गिरफ्त में ले लिया। कुछ दिन रिमांड पर बिताने के बाद तिहाड़ भेजे गए सिसोदिया तब से जेल में ही हैं। आम आदमी पार्टी ने अपनी पोस्ट में उन्हें क्रांतिकारी बताते हुए कहा है कि ऐसी उम्मीद नहीं थी कि इतने लंबे समय तक जमानत नहीं मिलेगी। आप के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से मनीष सिसोदिया की तारीफ में कई पोस्ट किए गए। दिल्ली में शिक्षा के लिए उनके कामकाज को क्रांतिकारी बताया गया। एक पोस्ट में लिखा गया, जिस मनीष सिसोदिया जी ने गरीब बच्चों



के सपनों को एक नई उड़ान दी। बीजेपी सरकार उन्हें 1 साल से जेल में रखकर इसकी सजा दे रही है।

शिक्षा के क्षेत्र में भारत को दुनिया के अखबारों के पहले पन्ने पर पहुंचाने वाले क्रांतिकारी, मनीष सिसोदिया को भाजपा की गंदी राजनीति ने पूरे 1 साल से जेल में रखा हुआ है। जिसके साथ लाखों बच्चों की दुआएं हों, उसका कोई तानाशाह कुछ नहीं बिगाड़ सकता। क्रांतिकारियों का दूसरा घर होता है जेल। इसी तरह दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा के लिए काम की वजह से उन्हें जेल में डाला। आतिशी ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले की जांच को दो साल हो गए, सिसोदिया जी के घर और गांव में रेड कर ली। लेकिन एक रुपए की भी रिकवरी नहीं हुई है।

मंत्री आतिशी ने कहा कि पीएमएल कानून में बेल मिलना लगभग असंभव है। ऐसा कानून आतंकवाद रोकने के लिए बनाया गया था, ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए बनाया गया था। क्या इसका उपयोग आतंकवाद रोकने और ड्रग्स रोकने में हो रहा है, पीएमएलए का इस्तेमाल सिर्फ विपक्षी दलों पर हमला करने के लिए हो रहा है। वहीं केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी निराशा जाहिर करते हुए कहा कि सिसोदिया के गिरफ्तारी और फिर इतने समय तक जेल में रहने की उम्मीद नहीं थी। सौरभ ने कहा,पिछले साल जब मनीष जी को गिरफ्तार करने की बातें सुनते थे तो पहले लगता था कि ऐसा होगा नहीं। कह रहे हैं भाजपा के नेता लेकिन ऐसा संभव नहीं। गिरफ्तार हुए तो लगता था कि महीने-दो महीने में बेल मिल जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल जल्दी पूरा करने को कहा, लेकिन ट्रायल शुरू नहीं हुआ अभी तक और एक साल बीत गया है।

## लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए अदालत करेगी हस्तक्षेप, कोस्ट गार्ड में महिलाओं को स्थायी कमीशन पर सुप्रीम कोर्ट की केंद्र को चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि महिलाओं को छोड़ा नहीं जा सकता है और अगर केंद्र मौजूदा मानदंडों पर कार्रवाई नहीं करता है तो न्यायपालिका एक महिला तटरक्षक अधिकारी की स्थायी आयोग की याचिका पर कदम उठाने के लिए मजबूर होगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने मामले की सुनवाई की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आवश्यक कार्रवाई स्वेच्छा से नहीं की गई, तो अदालत उक्त रक्षा सेवा में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। अदालत भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) की एक महिला अधिकारी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बल की योग्य महिला शॉर्ट-सर्विस कमीशन अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई थी।

केंद्र की ओर से पेश होते हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने पीठ को बताया कि तटरक्षक बल सेना और नौसेना से थोड़ा अलग तरीके से काम करता है। जिस पर, मुख्य न्यायाधीश ने जोर देकर कहा कि कार्यक्षमता और समानता कारकों पर तर्क महिलाओं को बाहर करने के लिए वैध बहाना नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्यक्षमता आदि तर्क 2024 में मायने नहीं रखते। महिलाओं को छोड़ा नहीं जा सकता। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो हम करेंगे। तो, उस पर एक नजर डालिए। पेश की गई दलीलों के जवाब में बेंच ने केंद्र से जवाब दाखिल करने को कहा है और अगली सुनवाई 1 मार्च के लिए तय की है। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने पहले महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने से इनकार करने के लिए केंद्र और भारतीय तटरक्षक बल को कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि समुद्री बल को एक ऐसी नीति बनानी चाहिए जो महिलाओं के साथ निष्पक्ष व्यवहार करे।

सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली और जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया था कि जब नौसेना और सेना महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के अनुरूप नहीं हैं, तो तटरक्षक बल को इस मानदंड से खारिज नहीं किया जा सकता है। अदालत ने तटरक्षक बल के पितृसत्तात्मक रवैये पर भी सरकार को फटकार लगाई। आप 'नारी शक्ति नारी शक्ति' की बात करते हैं, अब इसे यहां दिखाएं। आप यहां समुद्र के गहरे छोर पर हैं। मुझे नहीं लगता कि तटरक्षक बल यह कह सकता है कि जब सेना और नौसेना ने यह सब कर लिया है तो वे सीमा से बाहर हो सकते हैं।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Tuesday, 27 February 2024

## छह दिन बंद रहने के बाद एफिल टॉवर फिर से खुला

पेरिस । हड़ताल के चलते छह दिन बंद रहने के बाद फ्रांस के पेरिस में स्थित एफिल टॉवर को फिर से खोल दिया गया है। बता दें कि ऐतिहासिक स्थल के बेहतर रखरखाव और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे कर्मचारियों की वजह से इसे छह दिनों तक बंद रख गया था। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध एफिल टॉवर को रविवार को आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। इस 330 मीटर (1,083 फुट) ऊंचे टावर के संचालक ने एक बयान में कहा कि नवीकरण कार्य के लिए 2031 तक महत्वाकांक्षी 38 करोड़ यूरो (लगभग 41.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का निवेश आवंटित करने का वादा किया गया जिसके बाद श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले कर्मचारी संघों के साथ एक समझौता हुआ है। संचालक ने इस सप्ताह वेतन को लेकर भी बातचीत शुरू की है जिसे अगले महीने अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद बताई जा रही है। हड़ताल पर गए कर्मचारियों ने टिकट बिक्री से राजस्व के अनुपात में वृद्धि की मांग भी की है। गौरतलब है कि यह 135 साल पुराना टावर 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस खेलों और अगले पैरालिंपिक में प्रमुखता से नजर आएगा। पेरिस में ओलंपिक और पैरालंपिक पदकों में ऐतिहासिक स्थल से लिए गए लोहे के षट्कोणीय टुकड़े के अंशों को मिलाया गया है। एफिल टॉवर आम तौर पर साल में 365 दिन खुला रहता है। हालांकि पिछले साल भी देश की पेंशन प्रणाली में सुधार की सरकार की योजना के खिलाफ पूरे फ्रांस में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के दौरान स्मारक को 10 दिनों तक बंद कर दिया गया था।



## होटल में बैठी लड़की पर ईशनिंदा का आरोप, ड्रेस पर लिखे अरबी शब्दों को बनाया मुद्दा

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के लाहौर में एक महिला पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए भीड़ ने उसकी जान लेने की कोशिश की। वह तो गनीमत रही कि शहर की एसपी सैयदा शहरबानो ने उसे भीड़ से बचाकर थाने ले गई। जानकारी के अनुसार शहर के अचरा बाजार में एक होटल में खाना खाने आई महिला की ड्रेस पर अरबी भाषा में कुछ प्रिंट था। इसे कुरान की आयत बताते हुए कुछ लोगों ने महिला पर ईशनिंदा का आरोप लगा दिया। इसके बाद देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई। महिला को चारों ओर से घेर लिया गया और उसे कुरान का अपमान करने वाली कहा गया। समय रहते इलाके की एएसपी सैयदा शहरबानों नकवी मौके पर पहुंचीं और महिला को भीड़ के बीच से निकालकर उसे थाने ले आईं। इससे महिला के साथ कोई अनहोनी होने से बच गई। घटना से जुड़े कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, उनमें देखा जा सकता है कि भीड़ ने महिला को घेरा हुआ है। महिला बेहद डरी हुई होटल के एक कोने में बैठी है। भीड़ में से कुछ लोग महिला के कपड़ों पर प्रिंट अरबी शब्दों को कुरान की आयतें कहते हुए गुस्सा कर रहे हैं। कुछ लोग उसे इस्लाम का मजाक उड़ाने वाली कहते हुए गोली मार देने की बात कह रहे हैं। हालांकि पंजाब पुलिस ने बताया कि महिला ने अपने कपड़ों के लिए माफी भी मांग ली है। एएसपी सैयदा शहरबाने ने बताया कि ये मामला नासमझी से शुरू हुआ। महिला भी इस सबसे काफी डर गई थी। महिला ने थाने में बताया कि उसने ऑनलाइन खरीद कर ड्रेस पहन ली थी। उसकी कोशिश किसी को आहत करने की नहीं थी। महिला ने खुद मामले पर कहा कि वो एक मुसलमान है और कुरान का अपमान करने की सोच भी नहीं सकती। उस महिला ने सभी से माफी मांगते हुए कहा कि वह इस तरह की ड्रेस फिर नहीं पहनेगी। पुलिस ने पाया है कि महिला ने जो कपड़े पहने थे, उसमें अरबी के कुछ शब्द लिखे थे ना कि कुरान की आयतें लिखी थीं। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उस ड्रेस के फोटो भी शेयर किए हैं। दरअसल यह ड्रेस ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध है और इसे रमजान पर खास ड्रेस बताकर बेचा जा रहा है।

## बिना परमिट हज पर जाने की कोशिश की तो भरना होगा 11 लाख का जुर्माना

रियाद। बिना परमिट हज या उमरा पर जाने वालों के खिलाफ सउदी सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। हज और उमरा मंत्रालय ने सख्ती के साथ कहा है कि बिना परमिट के लोगों को हज करने वाले व्यक्ति पर 50 हजार रियाल (करीब 11 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर छह महीने की जेल भी हो सकती है। जुर्माना निवासियों और आगंतुकों दोनों पर लागू होगा। सजा पूरी होने के बाद ऐसा करने वालों को 10 साल के लिए देश से निष्कासित भी कर दिया जाएगा। ऐसे लोगों के 10 साल तक देश में दोबारा प्रवेश करने पर प्रतिबंध रहेगा। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि हज दुनिया के सबसे बड़ी तीर्थयात्राओं में से एक है। इस साल दुनियाभर से करीब 19 लाख लोगों के हज के लिए सऊदी पहुंचने की उम्मीद है। बिना प्रवेश परमिट वाले लोगों को 15 मई से पवित्र शहर मक्का में प्रवेश करने पर भी रोक लगा दी गई है। सऊदी किंगडम ने नुसुक प्लेटफॉर्म को ऑनलाइन पेश करके आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने का भी प्रयास किया है। सऊदी सरकार ने हज से जुड़ी ज्यादातर सुविधाएं ऑनलाइन कर दी हैं इस साल हज के लिए भारत से एक लाख, 39 हजार लोग सऊदी अरब जाएंगे। देशभर से लोगों ने हज के लिए आवेदन किया था। इनमें से लॉटरी सिस्टम के जरिए 1,39054 हाजियों का नाम हज यात्रा के लिए चुना गया। करीब 35 हजार लोग निजी रूप से भी हज पर जाएंगे। भारत और सऊदी की सरकारों के बीच हाल ही में द्विपक्षीय हज समझौता हुआ है। इसके तहत हज 2024 के लिए भारत से कुल 1,75,025 हाजियों का कोटा हुआ है।

## खुद को आग लगाकर अमेरिकी सैनिक ने किया गाजा नरसंहार का विरोध

तेल अवीव । एक सैनिक ने वॉशिंगटन स्थित इजरायली दूतावास के बाहर खुद को आग लगाकर गाजा में हो रहे नरसंहार का विरोध किया है। मिली जानकारी के अनुसार यहां एक अमेरिकी एयरफोर्स के सैनिक ने खुद को आग लगा दी। वह बार-बार यही कह रहा था कि मैं गाजा में हो रहे नरसंहार का हिस्सा नहीं बनूंगा। फिलिस्तीन को आजाद किया जाना चाहिए। फ्री फिलिस्तीन। उसने बताया कि वह अमेरिकी एयरफोर्स का जवान है और कैमरे के सामने आत्मदाह करने जा रहा है। वह गाजा में हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं कर सकता। एक रिपोर्ट के मुताबिक आत्मदाह करने वाले शख्स का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। आत्मदाह के बाद तत्काल वहां मौजूद सुरक्षाबलों ने आग बुझाने की कोशिश की। हालांकि शख्स बुरी तरह झुलस गया और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक शख्स जब आत्मदाह करने के लिए दूतावास के सामने पहुंचा तो वहां मौजूद सुरक्षाबलों ने उससे बात करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने मदद करने की भी बात कही, लेकिन इतने में ही उसने खुद को आग लगा ली। इस दौरान सैनिक ने आत्मदाह करते हुए खुद ही वीडियो भी बनाया जिसे बाद में सोशल मीडिया से हटा दिया गया। जिसे ट्वीच नाम के सोशल मीडिया अकाऊंट से आत्महाद की लाइव स्ट्रीमिंग की थी। अभी तक यह नहीं स्पष्ट हो पाया है कि वह वास्तव में वह सैनिक था या नहीं। अगर था तो अब भी सेवा में है या फिर रिटायर हो चुका है। यहां गौरतलब है कि वैसे तो अमेरिका गाजा में सीजफायर की वकालत करता रहा लेकिन 20 फरवरी को यूएनएससी की बैठक में उसने गाजा में तुरंत सीजफायर के प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

## जर्मनी की सरकार ने दी घर में ही भांग के पौधे उगाने की इजाजत

बर्लिन । जर्मनी की सरकार ने स्वयं लोगों को भांग के पौधे अपने घर पर उगाने की अनुमति दे रखी है। यह बात अलग है कि अगर हमें अपने देश में गांजे की खेती के बारे में पता चला तो पुलिस हमें गिरफ्तार कर लेगी। यहां पर एक भी पौधा उगाना अपराध है। हालांकि जर्मन संसद ने एक कानून पारित किया है, जिसके तहत जर्मनी के लोग घर-घर में भांग के पौधे उगा सकते हैं। जर्मन संसद ने पिछले शुक्रवार को इस कानून को मंजूरी दे दी। विपक्षी दलों के विरोध के बावजूद, भांग के उपयोग को वैध बनाने का कानून प्रधान मंत्री ओलाफ स्कोल्ज़ के समर्थन से पारित किया गया था। इससे एक व्यक्ति कानूनी तौर पर घर पर 3 मारिजुआना के पौधे उगा सकता है। इतना ही नहीं यहां यहां पर एक व्यक्ति प्रतिदिन लगभग 25 ग्राम तक भांग का सेवन कर सकता है। सरकार ने कहा है कि वह गांजा हटाने के लिए एक कमेटी बनाएगी। ताकि केवल अधिकृत सदस्य ही कानूनी रूप से मारिजुआना का सेवन कर सकते हैं।



कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की रुसी हमले के बीच ही ईयर 2024 कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए।

## अपनों ने ही पकड़ा मुइज्जू का झूठ, हजारों भारतीय सैनिकों की मौजूदगी वाले दावे पर खोल दिया पूरा कच्चा चिट्ठा



(एजेंसी)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा हजारों भारतीय सैन्य कर्मियों के संबंध में किए गए दावे का पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने खंडन किया, जिन्होंने यह भी कहा कि देश में बंदूकों के साथ कोई विदेशी सैनिक तैनात नहीं हैं। 100 दिन बाद, यह स्पष्ट है। राष्ट्रपति मुइज्जू के हजारों भारतीय सैन्य कर्मियों के दावे झूठ की एक और कड़ी थे। वर्तमान प्रशासन की विशिष्ट संख्याएँ प्रदान करने में असमर्थता बहुत कुछ कहती है। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक बयान में कहा कि देश में कोई सशस्त्र विदेशी सैनिक तैनात नहीं हैं।

उन्होंने खुलेपन के महत्व और सत्य की जीत की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता मायने रखती है और सच्चाई सामने आनी चाहिए। विशेष रूप से चुनाव अभियान के दौरान मुइज्जू की पार्टी द्वारा की गई प्राथमिक मांग मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी थी। मालदीव में वर्तमान में लगभग 70 भारतीय सैनिक हैं, साथ ही दो एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टर और दो डोर्नियर 228 समुद्री गश्ती विमान भी हैं। मुइज्जू ने अपने कार्यकाल के दूसरे दिन औपचारिक रूप से भारत सरकार से मालदीव से अपने सैन्य सैनिकों को हटाने के लिए कहा।

मुइज्जू ने पिछले साल दिसंबर में जोर देकर कहा था कि भारतीय प्रशासन के साथ चर्चा के बाद भारतीय सैन्य सैनिकों को हटाने का समझौता हो गया है। इसके अतिरिक्त, मालदीव के राष्ट्रपति ने घोषणा की कि भारतीय सैनिकों को हटाने के लिए राजनयिक वार्ता प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि हालिया चर्चा की शर्तों के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक पर सैन्य कर्मियों को 10 मार्च, 2024 तक हटा दिया जाएगा, जबकि अन्य दो प्लेटफार्मों पर सैन्य कर्मियों को 10 मई, 2024 से पहले हटा दिया जाएगा।

## नेतन्याहू ने युद्धविराम वार्ता जारी होने के बावजूद राफ़ा में सैन्य अभियान को बताया जरूरी

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ चल रहे युद्ध में जीत सुनिश्चित करने के लिए राफा में सैन्य अभियान जरूरी है। रविवार रात हिब्रू मीडिया से बात करते हुए पीएम नेतन्याहू ने कहा कि एक बार जब इजराइली सेना राफा में ऑपरेशन शुरू कर देगी तो युद्ध कुछ ही हफ्तों में पूरी जीत के साथ खत्म हो जाएगा इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम हार नहीं मानेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि इज़राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास की 24 बटालियनों में से 18 को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि चार बटालियन राफा में केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि पूरी जीत सुनिश्चित करने और युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए इन बटालियनों का ध्यान रखना होगा। इजराइली प्रधानमंत्री का बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, कतर और मिस्र की मध्यस्थता में अस्थायी युद्धविराम व इजराइली बंधकों की रिहाई के लिए वार्ता चल रही है। इस बीच, आईडीएफ ने राफा से फिलीस्तीनी नागरिकों को निकालने और मिस्र की सीमा के पास गाजा में हमास बटालियनों को नष्ट करने की अपनी योजना युद्ध कैबिनेट के सामने प्रस्तुत की। इज़राइल के प्रधान मंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'इज़राइल युद्ध कैबिनेट ने गाजा पट्टी को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए रविवार देर रात एक योजना को मंजूरी दे दी है।' गौरतलब है कि राफा क्षेत्र में 1.3 मिलियन से अधिक फिलिस्तीनी हैं, इनमें से कई गाजा के उत्तर में आईडीएफ की बमबारी से बचने के लिए इस क्षेत्र में भाग गए थे।

## मरियम नवाज ने भरा सीएम पद के लिए नामांकन



करांची । पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के सीएम पद के लिए मरियम नवाज ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेता मरियम नवाज ने रविवार को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद के लिए अपना नामांकन पत्र जमा किया है। जानकार बताते हैं कि पाकिस्तान में राजनीतिक रूप से पंजाब प्रांत महत्वपूर्ण है। पीएमएल-एन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री के लिए मरियम नवाज शरीफ का नामांकन पत्र जमा कर दिया गया है। पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम (50) पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने के लिए तैयार हैं जिसकी आबादी 1.2 करोड़ से अधिक है।

## ट्रंप और निक्की हेली दोनों ही कर रहे 'सुपर ट्यूजडे' का इंतजार





वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन कैंडिडेट बनने के दावेदार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को उनके गृह राज्य साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में शिकस्त दे दी है। ट्रंप के लिए दक्षिण कैरोलिना में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है। एक प्रमुख प्रारंभिक रिपब्लिकन प्राथमिक स्टेट अक्सर पार्टी के उम्मीदवार की भविष्यवाणी करता है। 2016 के विपरीत, ट्रंप को उस प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ रहा था, जो कि राज्य के गवर्नर के रूप में दो कार्यकाल जीते थे और अभी भी स्थानीय रूप से लोकप्रिय भी रही हैं। हालांकि साउथ कौरोलाइन के प्राइमरी चुनाव में शिकस्त के बाद कहा है कि वे अब भी मुकाबले में बनी हुई हैं और कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। अब सभी कि नजरों 5 मार्च पर जाकर टिक गई हैं।

'सुपर ट्यूजडे' अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते हैं। ट्रंप आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा के प्राइमरी चुनाव भी जीत चुके हैं, लेकिन साउथ कैरोलाइना की जीत ट्रंप के लिए विशेष महत्व रखती है। हेली दो बार यहां की गवर्नर रह चुकी हैं। किसी भी दावेदार को पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए 1,215 'डेलिगेट' के समर्थन की आवश्यकता होती है। अब तक हेली ने 17 और ट्रंप ने 92 'डेलिगेट' का समर्थन हासिल कर लिया है।

चार्ल्स कोच समर्थित अमेरिकन फॉर प्रॉस्पेरिटी एक्शन की तरफ से निक्की के राष्ट्रपति अभियान के लिए फंडिंग में कटौती करने का ऐलान किया गया है। इस ट्रम्प को चुनौती देने वाले एकमात्र बचे व्यक्ति के लिए एक झटका माना जा रहा है।

## चीन ने पाकिस्तान को दिखा दी औकात, शक्तिशाली सॉफ्टवेयर के लिए गिड़गिड़ाने पर भी मिला दो टूक जवाब- नो

मॉस्को (एजेंसी)। पहले से ही बर्बादी की कगार पर खड़ा पाकिस्तान तकनीक में भी पिछड़ा हुआ है। ऊपर से चुनावी नतीजों के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समेत कई विपक्षी दल सड़कों पर उतरे हुए हैं। जिसने पाकिस्तान की कार्यकारी सरकार और नई सरकार बनाने वाले दल व पाकिस्तान की सियासत को कंट्रोल करने वाली आर्मी के भी होश उड़ा कर रख दिए हैं। हर वक्त चीन का गुणगान करने वाले पाकिस्तान को ड्रैगन ने जोर का झटका दे दिया है। पाकिस्तान को उसके करीबी दोस्त चीन की तरफ से झटका टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को लेकर मिला है। पाकिस्तान को हर वक्त कुछ न कुछ मांगते रहने की आदत है। इस बार उसने चीन के सामने एक शक्तिशाली सॉफ्टवेयर के लिए हाथ फैलाए। लेकिन ड्रैगन ने उसे आंख दिखाते हुए शक्तिशाली सॉफ्टवेयर देने से साफ इनकार कर दिया। इस्लामाबाद को एक ऐसे सॉफ्टवेयर की दरकार है जो राजनीतिक असहमति रखने वाले लोगों पर लगाम कसने के लिए कर सके। इसी सॉफ्टवेयर को मांगने के लिए उसने चीन के आगे हाथ फैलाए थे। लेकिन बीजिंग ने अपने ग्रेट फॉयर वॉल सॉफ्टवेयर को शेयर करने से साफ इनकार कर दिया है। इसके पीछे बड़ी वजह सॉफ्टवेयर की पायरेसी बताई जा रही है। दरअसल, चीन को डर था कि अगर इस सॉफ्टवेयर को पाकिस्तान को दिया जाता है तो अमेरिका इसकी कॉपी कर सकता है। चीन अपने इस ग्रेट फॉयर वॉल सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल घरेलू दर्शकों के लिए उपलब्ध इंटरनेट को व्यापक रूप से सेंसर करने के लिए करता है। चीन ने सूचना प्रोद्योगिकी का इस्तेमाल करके इंटरनेट तक लोगों की पहुंच को काबू कर रखा है। इन्हीं उपायों को ग्रेट फॉयर वॉल के रूप में जाना जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार चीन का ये ग्रेट फॉयर वॉल कीवर्ड या संवेदनशील शब्दों के लिए ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल यानी टीसीपी की जांच करके काम करता है। अगर कीवर्ड या संवेदनशील शब्द टीसीपी में दिखाई देते हैं तो इंटरनेट एक्सेस बंद हो जाएगा। अगर एक बार लिंक बंद हो जाता है तो उसी मशीन से दूसरे लिंक भी ग्रेट फॉयर वॉल सॉफ्टवेयर के जरिए रोक दिए जाएंगे। कुछ ऐसा ही काम पाकिस्तान की कार्यकारी सरकार अपने मुल्क में करना चाहती थी। जिससे नई सरकार और आर्मी के विरोध में बुलंद होने वाली आवाजों को दबाया जा सके।

## भारत को मनाने में जुटा कनाडा; शुरु हो सकती है डब्ल्यूटीओ की बातचीत



ओटावा (एजेंसी)। कनाडा एक बार फिर भारत को मनाने में जुटा हुआ है। अब शायद डब्ल्यूटीओ की बातचीत शुरु हो सकती है। बता दें कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में तल्खी जारी है। इसके चलते दोनों देशों के बीच कुछ समझौतों पर भी रोक लगी है। भारत और कनाडा के बीच व्यापार समझौते पर भी पिछले छह महीने से बातचीत बंद है। अब इसे फिर से शुरू करने को लेकर भी कोई समयसीमा नहीं बताई गई है। अब बताया जा रहा है कि दोनों देश बातचीत को फिर से शुरू करने को लेकर उच्च स्तरीय संपर्क फिर से स्थापित कर सकते हैं। दरअसल इस सप्ताह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की मंत्रिस्तरीय बैठक होनी है। इस दौरान दोनों देशों के नेता बातचीत शुरू करने को लेकर पहल कर सकते हैं। इस संबंध में कनाडा की एक्सपोर्ट इंटरनेशनल ट्रेड एंड इकनॉमिक डेवलपमेंट मिनस्टर मैरी एनजी ने रविवार को एक इंटरव्यू में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में मैं डब्ल्यूटीओ जाऊंगी। वहीं अपने अपने समकक्ष से मुलाकात करूंगी।

इस दौरान उनका इशारा वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर था। चार दिवसीय डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय बैठक सोमवार से अबू धाबी में आयोजित की जा रही है जिसमें भारत की ओर से पीयूष गोयल जाएंगे। बता दें कि अर्ली प्रोग्रेस ट्रेड एग्रीमेंट (ईपीटीए) पर नए सिरे से चर्चा अधर में है। इसको लेकर कनाडाई मंत्री ने कहा, हमने इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया है। मैरी एनजी के भारत दौरे के दौरान मार्च 2022 में ईपीटीए को लेकर वार्ता शुरू हुई थी। लेकिन उसी साल अगस्त के अंत में इसे रोक दिया गया था। इसके कुछ समय बाद ही कनाडाई संसद में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए थे।

उस समय ट्रूडो ने 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का आरोप लगाया था। अब कनाडा की व्यापार मंत्री ने कहा कि मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि कनाडाई उद्यमों और भारत के बीच गतिविधि जारी है। इसके अलावा, हम स्वतंत्र रूप से हो रही जांच को लेकर भी उत्साहजनक हैं। मंत्री के बयान से पहले कनाडा के सस्केचेवान प्रांत के प्रमुख स्कॉट मो ने भारत का दौरा किया था। इससे संकेत मिलते हैं कि दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए फिर से बातचीत शुरू गई है।

## रूसी आक्रमण के बाद से यूक्रेन के 31 हजार सैनिक मारे गए

कीव । रूसी आक्रमण के बाद से यूक्रेन के 31 हजार सैनिक मारे गए हैं, यह जानकारी यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद गत दो वर्षों में 31,000 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। जेलेंस्की ने कीव में यूक्रेन- वर्ष 2024 फोरम में कहा कि इस युद्ध में 31,000 यूक्रेनी सैन्य कर्मी मारे गए हैं। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि 3,00,000 या 1,50,000 नहीं, वह नहीं जो पुतिन और उनके धोखेबाज मंडली ने झूठ बोला है। लेकिन फिर भी, इनमें से प्रत्येक का जान गंवाना हमारे लिए एक बड़ा बलिदान है। हालांकि, जेलेंस्की ने यह भी कहा कि वह अभी घायल या लापता सैनिकों की संख्या का खुलासा नहीं करेंगे। बता दें कि रूस द्वारा यूक्रेन पर चौबीस फरवरी, 2022 को आक्रमण शुरू हुआ था, इसे शुरु करने के बाद से यह पहली बार है कि कीव ने जान गंवाने वाले अपने सैनिकों की संख्या की पुष्टि की है।

## चार माह बाद इजरायल और हमास के बीच हो सकता है युद्धविराम

तेल अवीव (एजेंसी)। गाजा पट्टी में चार महीने से ज्यादा से चल रही लड़ाई के रुकने की खबर आई है। इजरायल और हमास छह सप्ताह के युद्धविराम समझौते पर सहमति के करीब आ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस समझौते के तहत दोनों पक्ष छह सप्ताह तक लड़ाई रोकने के साथ-साथ बंधकों को भी रिहा करने वाले है। हमास की ओर से 40 इजरायली बंधकों को छोड़ा जाएगा। इजरायल भी अपनी जेल में बंद सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। साथ ही कुछ फिलिस्तीनियों को उत्तरी गाजा में लौटने की अनुमति दी जाएगी और मानवीय सहायता में भी वृद्धि की जाएगी। पेरिस में युद्धविराम समझौते पर मीटिंग के बाद इजरायल इस सप्ताह कतर में होने वाली बैठक के लिए अपना प्रतिनिधिमंडल भेजने जा रहा है। पेरिस की बैठक में अमेरिका, मिस्र और कतर ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। बताया गया है कि बैठक में हमास ने अपनी कई मांगें छोड़ दीं। हालांकि अभी भी दोनों पक्ष किसी परिणाम पर नहीं पहुंचे हैं, लेकिन कतर की अगली बैठक में सीजफायर समझौता फाइनल हो जाना तकरीबन तय माना जा रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह अपने बंधकों की रिहाई के और रफाह में हमास के खात्मे की रूपरेखा पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने एक प्रतिनिधिमंडल पेरिस भेजा और अब हम वार्ता के अगले चरणों पर चर्चा करने वाले है। इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने कहा कि अस्थायी युद्धविराम को किसी भी हालत में युद्ध के अंत के रूप में नहीं समझा जा सकता है। हम हमास को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमास ने अभी तक प्रस्ताव के विवरण पर टिप्पणी नहीं की है। हमास ने इससे पहले कुछ मौकों पर सीजफायर के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। हमास ने किसी भी बातचीत के लिए पूरी तरह से युद्ध रोकने और गाजा से इजरायली सैनिकों की पूरी तरह से वापसी की मांग रखी थी।



## विराट ओर सचिन ने भारतीय टीम को जीत पर बधाई दी

**नई दिल्ली ।** पूर्व कप्तान विराट कोहली ओर सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में भारतीय टीम की शानदार जीत पर खुशी जतायी है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त भी हासिल कर ली है। विराट ने भारतीय टीम की जीत के लिए प्रशंसा करते हुए 'युवा टीम के धैर्य, दृढता और लचीलेपन को सराहा है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को रांची में चौथे दिन ही पांच विकेट से हरा दिया। विराट ने निजी कारणों से पहले ही इस सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था। अपने ट्वीट में विराट ने कहा, 'यस तिरंगा। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढता और लचीलापन दिखाया। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर लिखा, 'भारत ने एक बार फिर दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत मजबूत होने का पता चलता है। उन्होंने साथ ही लिखा, 'आकाश दीप ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार शुरुआत की। ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में बेहतरीन बल्लेबाजी की। पहली पारी में कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। उन्होंने लिखा, 'दूसरी पारी में कुलदीप की गेंदबाजी भी अच्छी थी। इसके अलावा आर अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा ने अपनी भूमिका अच्छी प्रकार से निभाई। युवा शुभमन गिल ने बेहद महत्वपूर्ण और संयमित पारी खेली। वहीं बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टीम को बधाई देते हुए लिखा, 'रांची में चौथे टेस्ट में भारत की शानदार जीत पर बधाई।

# भारत के प्रमोद ने बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता

### डैन के पांच खिताबों के रिकार्ड की बराबरी की

**बैंकाक ।** भारत के प्रमोद भगत ने एसएल3 श्रेणी में इंग्लैंड के डैनियल बेथेल को हराकर थाईलैंड में बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस जीत के साथ ही प्रमोद ने कई रिकॉर्ड भी तोड़े। इसने वह बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले पैरा-एथलीट भी बने हैं। इसके साथ ही उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में चीन के महान खिलाड़ी लिन डैन के पांच खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी भी की है। उन्होंने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में स्वर्ण पदक जीते हैं। इससे उन के पदकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है जिसमें सभी श्रेणियों में छह स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। प्रमोद और बेथेल के बीच मुकाबला बेहद संघर्षपूर्ण रहा और एक घंटे 40 मिनट तक चला।

प्रमोद ने इस मुकाबले की बहुत अच्छी शुरुआत करते हुए लगातार पांच अंक जीतकर अच्छी बढ़त बना ली पर बेथेल ने जोरदार वापसी करते हुए पहला गेम 21-14 से जीत लिया। वहीं दूसरे गेम की शुरुआत भी उन्होंने आक्रामक अंदाज में की। किसी प्रकार भगत ने दूसरा गेम 21-15 से जीत लिया। मैच बराबरी पर होने के साथ ही भगत ने निर्णायक गेम में एक बार फिर अपनी रणनीति बदल दी। इससे उन्हें बढ़त मिल गई और उन्होंने 21-14 से लगातार तीसरी विश्व चैंपियनशिप हासिल की। स्वर्ण के अलावा, भगत ने सुकांत कदम के साथ पुरुष युगल में कांस्य और मनीषा रामदास के साथ मिश्रित युगल में कांस्य हासिल किया। भारत के ही सुकांत कदम ने भी प्रमोद भगत के साथ पुरुष एकल और पुरुष युगल में कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा सुहास यतिराज ने इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को हराकर एसएल4 श्रेणी में सीधे गेमों में 21-18, 21-18 से जीत दर्ज की। इसके अलावा कृष्णा नागर ने एसएल6 वर्ग में चीन के लिन नेली को करीबी मुकाबले में 22-20, 22-20 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



# भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में पांच विकेट से हराया

### सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त मिली



**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में पांच विकेट से हराकर सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम को इस मैच में जीत के लिए दूसरी पारी में 192 रनों का लक्ष्य मिला था जो उसने पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से कप्तान रोहित शर्मा ने 55 रन जबकि शुभमन गिल ने 37 रन बनाये। वहीं ध्रुव जुरेल ने 39 रन बनाये। ध्रुव ने पहली पारी में भी 90 रन बनाये थे। भारतीय टीम ने आज सुबह लंच तक तीन विकेट पर 118 रन बना लिए थे। लंच के बाद भारतीय टीम के दो और विकेट गिरे इसके बाद शुभमन और जुरेल के बीच छठे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई जिससे भारतीय टीम ने चौथे दिन ही मुकाबला जीता लिया।

इस मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड टीम अपनी दूसरी पारी में 145 रन बनाकर आउट हो गयी थी। भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन ने 5 और कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 46 रनों की बढ़त मिली हुई थी इससे भारतीय टीम को जीत के लिए 192 रनों का लक्ष्य मिला। इंग्लैंड टीम ने पहली पारी में 353 रन जबकि भारतीय टीम ने 307 रन बनाये थे। भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 40 रन बनाये थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय रोहित 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रनों पर खेल रहे थे। तीसरे दिन भारत ने सात विकेट पर 219 रनों से आगे खेलते हुए ध्रुव जुरेल के 90 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 307 तक बनाये। ध्रव ने 149 गेंदों पर 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 90 रन पर बनाये। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए।

इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों अश्विन और कुलदीप के सामने टिक नहीं पाये। अश्विन ने 5 जबकि कुलदीप ने 4 विकेट लिए। भारतीय टीम की इस मैच में शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 2 रन बनाकर ही आउट हो गये। वहीं सरफराज खान 14 रन ही बना पाये। इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक लगाकर टीम को संभाला पर मेहमान टीम के बशीर ने चार विकेट लेकर एक बार फिर भारतीय टीम को करार झटका दिया। भारतीय टीम मध्यक्रम के विफल होने से उम्मीद के अनुसार स्कोर नहीं बना पायी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 219 रन बना लिए। तब ध्रुव 30 और कुलदीप यादव 17 रनों पर खेल रहे थे।

वहीं इससे पहले इंग्लैंड टीम की भी पहली पारी में शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। अच्छी नहीं थी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने शुरूआत में ही तीन विकेट लेकर मेहमान टीम को संकट में डाल दिया था पर इसके बाद अनुभवी जो रुट ने टीम को संभाला और एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। रूट ने 274 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाए। उन्हें जॉनी बेयरस्टो 38, जैक क्राउले 42, बेन फोक्स 47 का भी साथ मिला।

अंत में ओली रॉबिन्सन ने तेजी से 58 रन बनाए और अपनी टीम को 353 रन तक पहुंचाया। भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद सिराज ने 2 जबकि आकाश दीप ने 19 ओवरों में 83 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं रवींद्र जडेजा ने केवल महज 67 रन देकर 4 विकेट लिए। अश्विन को भी एक विकेट मिला।

## महिला प्रीमियर लीग 2024 : अमेलिया केर के हरफनमौला प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराया

**बेंगलुरु।**

यहां के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के दूसरे गेम में अमेलिया केर (4-17 और 31) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन और मध्यम गति की गेंदबाज शबनीम इस्माइल (3-18) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत मुंबई इंडियंस महिलाओं ने गुजरात जाइंट्स महिलाओं को 11 गेंद रहते पांच विकेट से हरा दिया।पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करते हुए मुंबई इंडियंस को पहले ओवर में ही सफलता मिल गई, क्योंकि शबनीम इस्माइल ने शुरुआती ओवर की चौथी गेंद पर अनुभवी वेदा कृष्णमूर्ति को शून्य पर फंसा दिया। गुजरात जायंट्स नियमित अंतराल पर विकेट खोता रहा और अपने निर्धारित 20 ओवरों में केवल 126/9 ही बना सका।गुजरात के लिए तनुजा कंवर (28), कैथरीन ब्राइस (नाबाद 25) और कप्तान बेथ मूनी (24) मुख्य स्कोरर रहे। केर ने ऑफ-स्टंप के बाहर एक गाजर के साथ एशले गार्डनर को 19 रन पर आउट कर दिया। इवेंट में अपना दूसरा मैच जीतने के लिए 127 रनों का पीछा करते हुए गत चैंपियन मुंबई इंडियंस, जिसने शुरुआती रात में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ की शुरुआत की, कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 46 और केर के 25 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली। स्कोर 8.1 ओवर में 129/5 पर पहुंच गया। यह मुंबई इंडियंस पर एक आरामदायक जीत थी, हालांकि उन्हें शुरुआत में कुछ चिंताजनक क्षणों का सामना करना पड़ा और सलामी बल्लेबाजों यास्तिका भाटिया और हेले मैथ्यूज को सात विकेट पर गंवाकर 21/2 पर खिसक गए। आठवें ओवर में



स्कोर 49/3 था जब नेट साइवर-ब्रंट (22) एक बहुत ही कड़े सिंगल के चक्कर में रन आउट हो गए। हरमनप्रीत और अमेलिया केर ने चौथे विकेट की साझेदारी के लिए 66 रन बनाकर टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।

**संक्षिप्त स्कोर :**

गुजरात जायंट्स 20 ओवर में 126/9 (तनुजा कंवर 28, अमेलिया केर 4-17, शबनीम इस्माइल 3-18) 18.1 ओवर में मुंबई इंडियंस से 129/5 से हार गए (हरमनप्रीत कौर 46 नाबाद, अमेलिया केर 31; तनुजा कंवर 2-) 21) पांच विकेट से।

## रांची टेस्ट जीतने के बाद ध्रुव जुरेल ने कहा, 'जो भी स्थिति की मांग हो, मैं वही करना चाहता हूं'

**रांची .**

भारत के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रांची में खेले गए टेस्ट मैच की दोनों पारियों में इंग्लैंड के खिलाफ अहम रन बनाए. यही कारण रहा कि वे 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए. भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में प्लेइंग-11 में जब ध्रुव जुरेल का नाम नहीं था, तब वो निराश जरूर हुए होंगे. टीम के सेलेक्शन कमेटी ने बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भारत को चुना था. लेकिन, केएस भरत इस मौके पर नाकाम रहे. जिसके बाद तीसरे टेस्ट में ध्रुव जुरैल को प्लेइंग-11 में जगह मिली. हालांकि, डेब्यू मैच में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी.अपना दूसरा टेस्ट खेलते हुए जुरेल ने पहली पारी में करियर की सर्वश्रेष्ठ 90 रन की पारी खेली, जिससे भारत मैच में बना रहा. फिर, भारत की दूसरी पारी में चौथे दिन के खेल में उन्होंने शुभमन गिल के साथ मिलकर 72 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने इस मैच और सीरीज पर कब्जा जमाया. ध्रुव जुरेल ने कहा कि वह हालात की मांग के अनुसार खेलते हैं. पहली पारी में भी टीम को रन बनाने की जरूरत थी, हम जानते थे कि हमें आखिर में बल्लेबाजी करनी है



और इसलिए हर रन अहम होगा. वह कुछ साझेदारियों में शामिल थे, इसलिए इसका श्रेय उन सभी को जाता है जो टिके रहे और टीम के लिए रन जोड़े. ध्रुव ने कहा कि उन्होंने बस गेंद देखी और फिर उस पर प्रतिक्रिया की, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचा. शुभमन गिल से पारी के बीच में बातचीत को लेकर उन्होने कहा कि ये अच्छी रही.

# भारतीय बधिर क्रिकेट टीम डीआईसीसी टी20 विश्व कप के लिए तैयार

**नई दिल्ली,**

लंका टी10 लीग का पहला सीजन, जिसे शुरू में 2023 में आयोजित करने की योजना थी, इस साल 12 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा. लीग श्रीलंका के वार्षिक क्रिकेट कैलेंडर में सबसे नया जुड़ाव है, जिसमें श्रीलंका के शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ बेहतरीन अंतर्राष्ट्रीय सितारे भी शामिल होंगे. श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि यह टूर्नामेंट सफल होगा, जो श्रीलंका क्रिकेट को खेल में बदलते रुझानों के साथ अपडेट रहने की क्षमता में योगदान देगा.उन्होंने यह भी कहा, हमें उम्मीद है कि यह आयोजन न केवल क्रिकेट प्रेमियों को आकर्षित करेगा, बल्कि टूर्नामेंट को व्यापक रूप से लोकप्रिय बनाने के रूप में भी काम करेगा. टूर्नामेंट में छह पुरुष टीमें शामिल होंगी, जो क्षेत्रीय क्रिकेट केंद्रों को कवर करेंगी. प्रत्येक टीम में छह विदेशी खिलाड़ियों के साथ 16 खिलाड़ियों का एक दल शामिल होगा.मैच श्रीलंका के कुछ शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्थलों में खेले जाएंगे. इस बीच, आईपीजी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ अनिल मोहन ने कहा, फ़यह हमारे लिए एक शानदार कदम है. हमें श्रीलंकाई क्रिकेट में एक और रोमांचक अध्याय का आयोजन करने का मौका मिला है. हमारी लीग दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक रोमांचक मंच पर टॉप अंतर्राष्ट्रीय सितारों और लोकल प्रतिभाओं को एकजुट करती है. हमारा लक्ष्य हर रोमांचक मैच के साथ इतिहास बनाना और खेल को ऊपर उठाना है.

## पाक क्रिकेटर सरफराज अहमद के सिर पर लगी गेंद



**लाहौर ।** पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में चोटिल हुए हैं। क्वेटा ग्लेडिएटर्स की ओर से खेल रहे सरफराज इस मैच में बिना हेल्मेट के फिल्डिंग कर रहे थे। तभी मोहम्मद वसीम जूनियर द्वारा कैच लेकर फेंकी गई गेंद को वह पकड़ नहीं पाये और ये गेंद सीधे उनके सिर पर लग गयी। चोट गंभीर होने के कारण वह मैदान में ही गिर गये इसके बाद उन्हें किसी प्रकार से मैदान के बाहर ले जाया गया। इसके बाद वह मैदान पर नहीं उतर पाये इस कारण सज्जाद अली को कन्कशन सब्सट्यूट के तौर पर उनकी जगह उतारा गया। गौरतलब है कि मुल्तान सुल्तान्स की पारी के दौरान जब अंतिम ओवर चल रहा था तभी चौथी गेंद पर 72 रन बनाकर खेल रहे रीजा हेंड्रिक्स पेवेलियन लौटे। इस दौरान मोहम्मद वसीम जूनियर ने मोहम्मद आमिर की गेंद पर उनका कैच लिया। इसके बाद जश्न मनाने के लिए वसीम ने जोर से गेंद फेंकी जो सीधे सरफराज अहमद के सिर पर लगी।

### संक्षिप्त समाचार



## रूट के आउट दिये जाने पर उठे सवाल, वॉन ने डीआरएस को लेकर दिया ये सुझाव

**रांची ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि जिस कमरे में डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) पर फैसला लिय जाता है वहां कैमरे लगा देने चाहिये। वॉन ने ये बात इसलिए कही क्योंकि चौथे टेस्ट मैच में जो रुट को आउट दिये जाने वर सवाल उठे हैं। इससे तकनीक में पारदर्शिता भी संदेह के घेरे में आई है। मैच के तीसरे दिन रुट को जब आर अश्विन के रिव्यू पर आउट दिया गया था तो वह फैसले से संतुष्ट नहीं थे। अश्विन की ये गेंद बल्लेबाज के पैड पर लगी और अंपायर अपील से सहमत नहीं हुए और नॉट आउट दे दिया पर भारतीय टीम के रिव्यू लेने के बाद फैसला पलट गया। अल्ट्राएज ने स्पष्ट किया कि रूट का बल्ला गेंद से नहीं लगा था और हॉक आई ने तब कहा था कि गेंद स्टंप की लाइन के अंदर पिच हुई थी और लेग स्टंप पर जा लगी होगी। इससे रुट को आउट करार दिया गया। इससे पहले इंग्लैंड को भारत की पहली पारी के दौरान चार अंपायर कॉल एलबीडब्ल्यू फैसलों से लाभ मिला। वॉन ने कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि कोई धोखा दे रहा है। मैं तब जवाब देने की कोशिश कर रहा हूं जब कोई निर्णय लिया जाता है और हम सभी उससे सहमत नहीं होते हैं। अगर हॉक-आई पर मौजूद व्यक्ति को फिल्माया जाता है तो इससे चर्चा खत्म हो जाता है। इससे पहले राजकोट में कप्तान बेन स्टोक्स ने भी जैक क्रॉली को आउट दिये जाने पर सवाल उठाये थे।

## यशस्वी ने की विराट के एक रिकार्ड की बराबरी




**रांची ।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में 655 रन बनाकर घरेलू सीरीज में सबसे अधिक रनों के विराट कोहली के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। यशस्वी ने इस सीरीज में दो दोहरे शतक लगाकर कुल 655 रन बनाये हैं। इसी के साथ ही यशस्वी घरेलू टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। यशस्वी ने इस सीरीज में विशाखापटनम में 209 जबकि राजकोट में नाबाद 214 रन बनाये थे। वहीं विराट ने साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों में दो शतक लगाकर 655 रन बनाये थे। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन विराट की बराबरी की। अब तक सबसे अधिक रनों का रिकार्ड महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने साल 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह मैचों में 732 रन बनाये थे।



## गावस्कर बोले,अंतिम टेस्ट में अश्विन को कप्तानी दें रोहित

**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि आर अश्विन को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे टेस्ट में कप्तानी की जिम्मेदारी दी जानी चाहिये। पांचवां टेस्ट मैच 7 से 11 मार्च के बीच धर्मशाला में खेला जाएगा। ये टेस्ट मैच अश्विन के करियर का 100वां टेस्ट मैच होगा। गावस्कर का मानना है कि अश्विन को इस मैच में कप्तानी देकर सम्मानित किया जा सकता है। अश्विन ने अभी तक 99 वें टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने रांच टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट भी लिए। इस प्रकार अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 35वीं बार किसी पारी में 5 विकेट लिए हैं। इस टेस्ट सीरीज में अश्विन ने अब तक 8 पारियों में 17 विकेट लिए हैं। उन्होंने इसके साथ ही अपने 500 टेस्ट विकेट भी लिए हैं। अश्विन ने टेस्ट में 35 बार 5 विकेट लेने के साथ ही दिग्गज अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर की है। गावस्कर ने अश्विन से कहा, ' मुझे लगता है कि रोहित आपकों पांचवें टेस्ट में टीम की कप्तानी का अवसर देंगे। आपने अभी तक जो कुछ भी भारतीय क्रिकेट को दिया है उसके लिए यह अच्छा होगा।' इसके बाद अश्विन ने गावस्कर के प्रति आभार जताया। अश्विन ने कहा, ' मुझे लगता है कि मैं इन सब चीजों से अब आगे निकल गया हूं। इस टीम के साथ बिताए हर पल का आनंद ले रहा हूं। यह जितना लंबा खिचेंगा उतनी ही मुझे ज्यादा खुशी होगी.'


## भारतीय टीम डब्लयूटीसी अंक तालिका में मजबूत हुई



**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली पांच विकेट की जीत के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) की अंक तालिका में लाभ के साथ ही दूसरे स्थान पर अपनी स्थित और मजबूत कर ली है। न्यूजीलैंड टीम 75 फीसदी अंक लेकर शीर्ष पर है। भारतीय टीम ने पांच टेस्ट मैच की इस सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। चौथे टेस्ट में जीत के बाद भारतीय टीम का अंक प्रतिशत 59.52 से बढ़कर 64.58 पहुंच गया है। भारतीय टीम ने तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया 55 प्रतिशत अंक और बांग्लादेश 50 प्रतिशत अंक से अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। वही इंग्लैंड की टीम 19.44 प्रतिशत अंक के साथ आठवें स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम अभी नौवें स्थान पर है। भारतीय टीम ने डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक आठ टेस्ट में से पांच जीते हैं। जिसका लाभ उसे मिला है। वहीं उसे दो में हार का सामना करन पड़ा। एक मैच ड्रॉ रहा है। वहीं इंग्लैंड टीम ने नौ में से अब तक केवल तीन मैच ही जीते हैं और पांच में वह हारी है एक मुकाबला बराबरी पर रहा है। न्यूजीलैंड टीम 75 फीसदी अंक लेकर शीर्ष पर है। उसने अब तक केवल चार टेस्ट मैच ही खेले हैं। भारतीय टीम अब अगर पांचवा मैच भी जीतती है तो दूसरे स्थान पर उसकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी।

THE PHOTON NEWS





# प्रेग्नेंसी ग्लो साफ देखने को मिला यामी के चेहरे पर

बालीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इससे पहले मुंबई में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इसमें फिल्म की पूरी टीम एक साथ दिखी। इसके अलावा फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी और कई हस्तियां नजर आईं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

यह फिल्म काफी समय से सुर्खियां बटोर रही है। नेशनल अवार्ड विनर डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले की इस फिल्म में यामी के साथ अरुण गोविल, किरण करमरकर, प्रियामणि, दिव्या सेठ शाह, राज अर्जुन और खावर अली भी हैं। स्क्रीनिंग के दौरान यामी पति फिल्ममेकर आदित्य धर के साथ पहुंचीं। यामी ने रेड कलर का सूट पहना था। साथ ही उन्होंने बालों को खुला छोड़ा और इयरिंग कैरी किए हुए थे। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ देखने को मिला। वे अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट कर रही थीं। आदित्य ने ब्लैक आउटफिट चुना। यामी और आदित्य ने पिछले दिनों फिल्म के ट्रेलर रिलीज पर बताया था कि वे जल्द ही बच्चे का स्वागत करने वाले हैं।

स्क्रीनिंग में अरुण गोविल पत्नी श्रीलेखा के साथ पहुंचे। अरुण ने ब्लैक टी-शर्ट, व्हाइट जैकेट और ब्लैक पैंट कैरी की थी। इस मौके पर एक्टर मनोज जोशी, मृणाल ठाकुर, आदिपुरुष के डायरेक्टर ओम राउत, विक्की कौशल के भाई सनी व पिता शाम कौशल, अर्जन बाजवा सहित और भी कई स्टार दिखे। बता दें कि उरी - द सर्जिकल स्ट्राइक के बाद आर्टिकल 370 आदित्य और यामी के बीच दूसरा सहयोग है। फिल्म आर्टिकल 370 को निरस्त करने की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसने जम्मू और कश्मीर को एक विशेष दर्जा दिया था।




# सामने आया नेहा के पॉडकास्ट शो का प्रोमो

बालीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया के पॉडकास्ट शो का प्रोमो सामने आ चुका है। शो में बालीवुड एक्टर शाहिद कपूर हंसी मजाक करते हुए बॉलीवुड की कुछ ऐसी बातों का जिक्र करेंगे जो दर्शकों को पता नहीं होंगी। इस दौरान शाहिद ने खुलासा किया कि उन्हें रंग दे बसंती फिल्म की पेशकश की गई थी। शाहिद ने कहा कि आमिर खान की रंग दे बसंती वह फिल्म थी, जो पहले मुझे ऑफर की गई थी। उस वक्त मेरे पास ढेर सारी फिल्में थी इसलिए मैंने वह भी नहीं की। बाद में फिल्म देखने के बाद मुझे अफसोस हुआ कि मैंने रंग दे बसंती क्यों नहीं की। उल्लेखनीय है कि रंग दे बसंती साल 2006 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। फिल्म के डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा थे। जब शाहिद से पूछा गया कि अगर उन्हें 'कबीर सिंह' की भूमिका दोबारा निभाने का मौका मिले तो क्या वह कुछ बदलाव करेंगे? शाहिद ने कहा कि अगर ऐसा कुछ होता है तो मैं कुछ भी नहीं बदलूंगा। मेरी भूमिका व काम किरदार निभाना था, इसके लिए लोगों को प्रेरित करना नहीं। आपको 'कबीर' पसंद नहीं, तो भी बढ़िया और है तो भी बढ़िया क्योंकि मैं यहां आपको कोई किरदार पसंद करने के लिए मनाने नहीं आया। मैं फिल्म में किरदार निभाने के लिए था। सिनेमा को ऐसा ही होना चाहिए। बता दें कि नेहा धूपिया इन दिनों अपने पॉडकास्ट शो को लेकर खासी चर्चाओं में हैं।




# ऑपरेशन वेलेंटाइन के लिए एक्ट्रेस ने की विशेष तैयारी

बालीवुड एक्टर वरुण तेज और मानुषी छिल्लर अभिनीत फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन के बारे में मानुषी छिल्लर कहती हैं, ऑपरेशन वेलेंटाइन के लिए मेरी तैयारी में वायु सेना की संरचना को समझने, एक रडार अधिकारी को क्या करना चाहिए, यह समझने, बॉडी लैंग्वेज जैसी बुनियादी चीजें शामिल थीं। आपकी आवाज की तान और एक निश्चित कमांड कैसे देनी है। ये कुछ चीजें हैं जिन पर मुझे काम करना था। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, एक स्टूडियो जिसने मेजर जैसी देशभक्तिपूर्ण फिल्मों का भी समर्थन किया है, ने सुनिश्चित किया कि पूरी शूटिंग के दौरान फिल्म के सेट पर कोई था, जिससे चरित्र में प्रामाणिकता और सटीकता सुनिश्चित हो सके। सौभाग्य से, हमारे पास सेट पर भारतीय वायु सेना टीम से कोई था। इसलिए, जब भी हमें किसी अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता होती थी या जहां भी मैं इस बात से दूर जा रहा होता था कि एक सामान्य रडार अधिकारी एक निश्चित काम कैसे करेगा, तो सेट पर मुझे हमेशा मार्गदर्शन मिलता था। इसलिए, यह बहुत सारी बुनियादी बातें सीख रहा था। यह सिर्फ यह नहीं सीख रहा था कि एक रडार अधिकारी को कैसे चित्रित किया जाए, बल्कि यह भी सीख रहा था कि वायु सेना में क्या होता है, या निकासी जैसे बुनियादी शब्द और किस प्रकार के विमान उड़ रहे हैं। तो, वह सब समझना एक पूरी तरह से नई दुनिया थी। मैं एक डीआरडीओ की बच्ची हूं, तो जाहिर है, मैं चीजों को सतह से जानती हूं, लेकिन यह मैं इसकी गहराई में जा रही थी, वह आगे कहती हैं। बता दें कि वरुण तेज और मानुषी छिल्लर अभिनीत फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन के रिलीज होने में कुछ ही दिन बचे हैं। जिसके चलते एक्ट्रेस ने एक रडार अधिकारी की भूमिका निभाने की प्रक्रिया के बारे में एक दिलचस्प जानकारी दी।



# हर किसी को विरोध करने का अधिकार है लेकिन...

अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर का मानना है कि कलाकारों को कार्यकर्ता के रूप में काम नहीं करना चाहिए। प्रदर्शनों और रैलियों का नकारात्मक प्रभाव उनकी अगली फिल्म कागज़ 2 का विषय है। वीके प्रकाश द्वारा निर्देशित, यह फिल्म विरोध प्रदर्शनों और रैलियों के कारण आम व्यक्तियों की कठिनाइयों को उजागर करती है।

खेर ने एक साक्षात्कार में बताया अभिनेताओं और मनोरंजनकर्ताओं को योद्धा नहीं माना जाता है। व्यक्तिगत क्षमता में, मैंने उस चीज़ के बारे में आवाज़ उठाई है जिसने मुझे परेशान किया है और उसके परिणाम भी भुगते हैं। मैं कई लोगों के बीच अलोकप्रिय हो गया लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दिन के अंत में, मुझे अपने विचारों के साथ शांति से सोना है।

2011 में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन में भाग लेने वाले अभिनेता ने कहा कि मुद्दों को हल करने का आदर्श तरीका 卐बातचीत卐 है।

उन्होंने कहा 'हम एक स्वतंत्र देश में हैं, (महात्मा) गांधी जी द्वारा किए गए 'आंदोलन' के लिए धन्यवाद। हम भारत छोड़ो आंदोलन, असहयोग आंदोलन का परिणाम हैं, लेकिन भारत के लोग एक साथ थे, यह कुछ ऐसा नहीं था जो सिर्फ हो आपकी (कुछ लोगों की) मदद कर रहा हूं, दूसरों की नहीं।'

दिल्ली एनसीआर की सीमा पर चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, हर किसी को घूमने की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन अन्य लोगों की असुविधा का नहीं। यह हमारे देश में वर्तमान परिदृश्य है, विरोध, सिर्फ इसलिए कि इसे किसान विरोध कहा जाता है, मुझे नहीं लगता कि पूरे देश के किसानों को ऐसा लगता है, किसान अन्नदाता हैं। हमें यह कहकर रक्षात्मक महसूस कराया जाता है कि हम अन्नदाता के बारे में बात कर रहे हैं...मुझे लगता है कि जो लोग कर चुकाते हैं वे भी देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। मुझे लगता है कि आम लोगों की जिंदगी को दयनीय बनाना ठीक नहीं है।'

# क्रू से सामने आया करीना, तब्बू व कृति का फर्स्ट लुक

मशहूर फिल्ममेकर एकता कपूर और रिया कपूर 'वीरे दी वेडिंग' और 'थैंक्यू फॉर कमिंग' के बाद फिर नई फिल्म 'क्रू' में एक साथ आ रही हैं। एकता गुजरे जमाने के मशहूर अभिनेता जीतेंद्र और रिया वर्सेटाइल अभिनेता अनिल कपूर की बेटी हैं। पहली दोनों फिल्मों की जैसे एकता और रिया की ये फिल्म भी एक महिला क्रेंद्रित फिल्म है। वे इसकी प्रोड्यूसर हैं। इसका पहला पोस्टर जारी कर दिया गया। फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की मुख्य भूमिकाएं हैं। इन तीनों का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। ये तीनों हसीनाएं एयर होस्टेस के अवतार में नजर आ रही हैं। वे बेहद हॉट दिख रही हैं। फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके डायरेक्टर राजेश ए कृष्णन हैं। फिल्म में तीन एयर होस्टेस की कहानी देखने को मिलेगी जो अपनी जिंदगी से बेहद नाखुश हैं। वे कुछ नया और अलग करना चाहती हैं लेकिन हर बार उसी स्थिति में पहुंच जाती हैं जिससे कि वहां भाग रही हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इसमें अभिनेता दिलजीत दोसांझ का भी अहम किरदार है।




# डेट पर बिल पे करने वाली लडकियां बेवकूफ : जया बच्चन

अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो के लेटेस्ट एपिसोड में एक्ट्रेस और पॉलटिशियन जया बच्चन ने कहा कि जो महिलाएं और लड़कियां डेट पर जाती हैं और फिर बिल स्प्लिट करती हैं, वे बेवकूफ हैं। पुरुषों को ही बिल भरना चाहिए। दरअसल नव्या ने पहले फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा कि महिलाएं अब ज्यादा सशक्त महसूस कर रही हैं। बहुत सी चीजें वो स्वतंत्र रूप से करना चाहती हैं। इसके बाद नव्या ने उदाहरण दिया कि अगर आप किसी लड़की को डेट पर ले जाते हैं और कहते हैं कि आप बिल भरेंगे, तो कुछ लड़कियां इससे नाराज हो जाती हैं, क्योंकि महिलाओं को लगता है कि वो भी समान रूप से इसकी हकदार हैं। नव्या की बात को बीच में ही काटते हुए जया ने कहा कि वो महिलाएं बेवकूफ हैं, जो ऐसा करती हैं। उन्होंने कहा कि कितनी बेवकूफ हैं बिल स्प्लिट करने को कहने वाली महिलाएं बल्कि पुरुषों को ही शॉपिंग और रेस्तरां का बिल भरने देना चाहिए। इस दौरान जेंडर स्टीरियोटाइप वाले मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए जया ने बताया कि वह आर्मी ज्वाइन करना चाहती थीं, लेकिन उस समय महिलाओं को भर्ती नहीं किया जाता था। महिलाओं को सिर्फ बतौर नर्स ही रखा जाता था। यह बताते हुए जया के चेहरे पर निराशा दिखी। बता दें कि अमिताभ बच्चन की पत्नी एक्ट्रेस और पॉलटिशियन जया बच्चन बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। जया इन दिनों अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो के चलते सुर्खियों में हैं। वह इस दौरान दिल खोलकर बोलती नजर आती हैं।





# सनी लियोन की स्प्लिट्सविला फाइव के होस्ट के रूप में वापसी

अभिनेत्री सनी लियोन उन मशहूर हस्तियों में से एक हैं जो टेलीविजन के साथ-साथ फिल्म उद्योग में भी अपने लिए जगह बनाने में सफल रही हैं। जबकि दर्शक उन्हें ऑन-स्क्रीन पसंद करते हैं। वह सबसे प्रसिद्ध भारतीय डेटिंग शो, स्प्लिट्सविला में एक होस्ट के रूप में लोकप्रिय हो गई हैं। अब, अभिनेत्री शो के नए सीज़न की होस्ट के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अस्थायी रूप से स्प्लिट्सविला एक्स5 नाम दिया गया है। सनी, जिन्होंने सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो बिग बॉस के कई सीज़न में भाग लिया है और अतिथि के रूप में दिखाई दी हैं, निश्चित रूप से स्प्लिट्सविला एक्स5 में कुछ आकर्षण, लालित्य और ओम्फ फैक्टर लाएँगी। इसके पहले अर्जुन बिजलानी, निखिल चिनप्पा और रणविजय सिंह के रूप में इस शो को ऐसे अभिनेताओं द्वारा सह-होस्ट किया गया था। अन्य रियलिटी शो होस्टों के विपरीत, सनी को प्रतियोगियों के साथ शांत, संयमित और मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते देखा गया है। दर्शकों ने अक्सर उन्हें अपने सह-मेजबानों के साथ एक अद्भुत बंधन साझा करते हुए भी देखा है। निखिल चिनप्पा ने सनी के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि अभिनेत्री कैसे सुपर प्रोफेशनल हैं और नकली नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कैसे सनी सेट पर दो मिनट लेट होने पर भी लोगों से माफी मांगती हैं। जहां पिछले सीज़न में अर्जुन बिजलानी ने शो की मेजबानी की थी, वहीं तनुज विरवानी को आगामी सीज़न में सनी लियोन के साथ रियलिटी शो की सह-मेजबानी के लिए संपर्क किया गया है। यह देखना रोमांचक होगा कि तनुज और सनी की जोड़ी शो, प्रतियोगियों और दर्शकों के लिए कैसा काम करेगा।